www.deshbandhu.co.in ख़बरें लगातार...

राष्ट्रीय संस्करण

SUNDAY

नई दिल्ली, रविवार, 28 जनवरी, 2024

वर्ष – 16 | अंक –293 | पृष्ठ – 10

मूल्य –3.00 रु.

www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार...

पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

साहित्य
जामुन का पेड़ पृष्ठ 06
हृदय रोगियों के लिए शीत लहर है घातक पृष्ठ 10

विधानमंडलों में हो मर्यादापूर्ण आचरण : ओम बिरला पृष्ठ 02

■ अमृत काल में आर्थिक मॉडल खस्ताहाल : कांग्रेस
■ हरदीप पुरी ने ओएनजीसी डिजिटल कॉर्पोरेट ... 03

■ पाकिस्तान में पीएमएल-नवाज ने जारी किया घोषणापत्र
■ आईडीएफ के हमले में गाजा के खान यूनिस में कई लड़ाके मारे गए 07

## सार संक्षेप

### मणिपुर में गोलीबारी, एक स्वयंसेवक की मौत



**इंफाल।** मणिपुर में शनिवार को हथियारों से लैस दो समूहों के बीच गोलीबारी के दौरान एक ग्रामीण स्वयंसेवक की मौत हो गई, जबकि अन्य चार लोग घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने कहा कि प्रतिद्वंद्वी समूहों के सशस्त्र कैडरों के सतांग गांव में भीषण झड़प के बाद इंफाल पूर्व और कांगपोकपी जिलों के बीच गोलीबारी शुरू हो गई। सुरक्षा बलों के पहाड़ी क्षेत्र में पहुंचने के बाद युद्धरत समूह पीछे हट गए। घायलों को इंफाल के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### सदनों की मर्यादा की रक्षा के ठोस उपाय सोचे जाएं : मोदी



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संसद और विधानसभाओं के पीठासीन अधिकारियों से सदनों की मर्यादा की रक्षा के विषय में ठोस उपाय सुझाने को कहा है । उन्होंने भ्रष्टाचार के मामलों में सजा प्राप्त जनप्रतिनिधियों के सार्वजनिक महिमामंडन की बढ़ती प्रवृत्ति की भी आलोचना करते हुए कहा है कि यह कार्यपालिका, न्यायपालिका और संविधान का अपमान है।

### गेंदबाजी करते 28 साल के युवक की हार्ट अटैक से मौत



**शामली।** देशभर में युवाओं की हार्ट अटैक से होने वाली मौत के मामले लगातार बढ़ते जा रहे हैं। ताजा मामला शनिवार को उत्तर प्रदेश के शामली जिले के आदर्श मंडी थाना क्षेत्र के विवेक विहार से सामने आया। क्रिकेट मैच के दौरान बॉलिंग करते समय पिच पर ही गेंदबाज की मौत हो गई। वह गेंद फेंकने के लिए दौड़े तो पिच तक पहुंचते-पहुंचते हांफने लगा। फिर, लड़खड़ाकर बेहोश होकर गिर पड़ा।

### जमा से ज्यादा बैंकों के ऋण में हुई वृद्धि : आरबीआई



**मुंबई।** आरबीआई के नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, जनवरी 2024 के पहले पखवाड़े में बैंकों की ऋण और जमा वृद्धि के बीच का अंतर सितंबर 2023 के आखिरी पखवाड़े की तुलना में बढ़ गया है। 12 जनवरी, 2024 तक साल-दर-साल क्रेडिट और जमा वृद्धि क्रमशः 19.93 प्रतिशत और 12.84 प्रतिशत थी, जो कि 7.09 प्रतिशत अंकों के अंतर को दर्शाती है, जैसा कि भारत में अनुसूचित बैंकों की स्थिति के बारे में आरबीआई के आंकड़ों से पता चलता है।

### प्रख्यात कलाकार गोगी सरोज पाल का निधन

**नई दिल्ली।** प्रख्यात कलाकार गोगी सरोज पाल का शनिवार दोपहर को आकस्मिक निधन हो गया। वह 79 वर्ष की थीं।

एक बार फिर पलटी मारकर मुख्यमंत्री बनने की तैयारी में 'नीतीश'

# नीतीश नौवीं बार लेंगे मुख्यमंत्री पद की शपथ!

## महागठबंधन को छोड़ एनडीए गठबंधन में शामिल होने की तैयारी में लगे जनता दल यू नेता

■ सभी पार्टियों में उच्च स्तरीय बैठकों का दौर
■ राजद भी बहुमत का आंकड़ा जुटाने में लगा



**पटना,** 27 जनवरी (देशबन्धु)। पिछले दो दिनों से बिहार में चल रहे राजनीतिक ड्रामे का अब अंत होते दिख रहा है। एक बार फिर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार महागठबंधन को छोड़ एनडीए गठबंधन में शामिल होने की तैयारी में लगे हुए हैं। ऐसा कहा जा रहा है कि बिहार की राजनीति में रविवार का दिन काफी अहम हो सकता है क्योंकि इसी दिन मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अपना इस्तीफा देंगे और नौवीं बार मुख्यमंत्री पद का शपथ लेंगे। बिहार में आई राजनीतिक उठा पटक के बीच सभी पार्टी अपने नेताओं के साथ बैठक करते हुए आगे की रणनीति की तैयारी में लगी हुई है। एक तरफ जहां लालू प्रसाद यादव अपने विधायको के साथ मीटिंग करते हुए सभी विधायक को पटना रहने का निर्देश दिए हैं तो दूसरी तरफ बीजेपी और जदयू के विधायकों की भी बैठक हुई। कर्पूरी ठाकुर की जयंती पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के परिवारवाद वाले बयान को लेकर महागठबंधन के दोनों प्रमुख दलों के बीच दूरियां इतनी बढ़ गई की दोनों एक दूसरे के विरोधी हो गए और बिहार में नई गठबंधन की सरकार की कहानी लिख दी गई। एक तरफ जहां नीतीश कुमार अपने पुराने साथी भाजपा के साथ मिलकर सरकार बनाने की तैयारी में लगे हुए हैं तो दूसरी तरफ राजद भी बहुमत का आंकड़ा जुटाने के खेल में लगा हुआ है।

### राजद में फैसला लेने के लिए लालू अधिकृत



बिहार में मौजूदा राजनीतिक परिदृश्य में राष्ट्रीय जनता दल (राजद) में कोई भी निर्णय लेने के लिए पार्टी सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव को अधिकृत किया गया है। राजद के राज्यसभा सदस्य मनोज झा ने शनिवार को यहां संवाददाताओं को बताया कि पार्टी के विधायकों, मंत्रियों और अन्य वरिष्ठ नेताओं की बैठक के दौरान सर्वसम्मति से श्री लालू प्रसाद यादव को बिहार में मौजूदा राजनीतिक परिदृश्य में कोई भी निर्णय लेने के लिए अधिकृत किया गया है।

### भूपेश बघेल को मिली अहम जिम्मेदारी

#### बिहार के पर्यवेक्षक बनाए गए

बिहार में राजद और जदयू के बीच जारी सियासी घमासान के बीच कांग्रेस ने छत्तीसगढ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने तत्काल प्रभाव से बिहार में भारत जोड़ो न्याय यात्रा और अन्य पार्टी गतिविधियो के समन्वय के लिए उन्हें वरिष्ठ पर्यवेक्षक नियुक्त किया है। इसको लेकर कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने आदेश पत्र जारी कर दिया है। उल्लेखनीय है कि बिहार में चल रही महागठबंधन की सरकार टूटने के कगार पर है। किसी भी समय इसकी घोषणा की जा सकती है। इसको देखते हुए अब कांग्रेस ने भूपेश बघेल को बिहार भेजा है। हालांकि राजद की ओर से सरकार बचाने का लगातार प्रयास किया जा रहा है।

### लैंड फॉर जॉब मामले लालू परिवार को समन

#### राउज एवेन्यू कोर्ट ने 9 फरवरी को पेश होने को कहा

लालू परिवार की मुसीबत बढ़ती दिख रही है। रेलवे में जमीन लेकर नौकरी देने के मामले में दिल्ली के राउज एवेन्यू कोर्ट ने बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी, उनकी बेटी मीसा भारती, हेमा यादव और अन्य आरोपियों को समन जारी किया है। दिल्ली के राउज एवेन्यू कोर्ट ने ईडी की चार्जशीट पर संज्ञान लेते हुए सभी आरोपियों को 9 फरवरी को अदालत में पेश होने को कहा है। अदालत ने व्यवसायी अमित कात्याल के लिए प्रोडक्शन वारंट भी जारी किया, जो फिलहाल न्यायिक हिरासत में हैं। विशेष न्यायाधीश विशाल गोगने ने आदेश पारित करते हुए कहा– संज्ञान लेने के लिए पर्याप्त आधार हैं। बड़ी बात यह भी है कि इस मामले में ही राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद को 29 जनवरी और उनके बेटे और उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव को 30 जनवरी को पूछताछ के लिए दिल्ली के ईडी ऑफिस में बुलाया गया है।

ऑस्ट्रेलियन ओपन में रोहन ने रचा इतिहास

### ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बने रोहन



**मेलबर्न,** 27 जनवरी (एजेंसियां)। उम्र को महज एक नंबर साबित करते हुए भारत के उम्रदराज खिलाड़ी रोहन बोपन्ना ने अपने जोड़ीदारी ऑस्ट्रेलिया के मैथ्यू एब्डेन के साथ मिल कर शनिवार को इटली के सिमोन बोलेली और एंड्रिया वावसोरी की जोड़ी को 7(7)-6(0), 7-5 से हराकर ऑस्ट्रेलियन ओपन 2024 पुरुष युगल खिताब अपने नाम किया।

43 साल के रोहन और मैट एबडेन ने जीता पुरुष युगल खिताब

मेलबर्न पार्क के रॉड लेवर एरिना में खेला गया मुकाबला आस्ट्रेलियन ओपन के लिये एक यादगार मैच बन गया जब 43 साल और नौ महीने की उम्र में रोहन बोपन्ना टेनिस के ओपन युग में ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन गए हैं। इसके साथ ही भारतीय टेनिस खिलाड़ी ने डचमैन जीन-जूलियन रोजर के पिछले रिकॉर्ड को तोड़ दिया है। वह 40 साल और नौ महीने के थे, जब उन्होंने 2022 फ्रेंच ओपन जीतने के लिए अल साल्वाडोर के मार्सेलो अरेवालो के साथ साझेदारी की थी। बोपन्ना के हमवतन लिएंडर पेस 40 साल और दो महीने की उम्र में चेक रिपब्लिक के राडेक स्टेपानेक के साथ 2013 यूएस ओपन जीतने के बाद ग्रैंड स्लैम चैंपियन बनने वाले सबसे उम्रदराज भारतीय खिलाड़ी थे।

# दिल्ली सरकार गिराना चाहती है भाजपा : केजरीवाल



■ 7 विधायकों को 25 करोड़ ऑफर किए गए
■ केजरीवाल ने कहा, मुझे गिरफ्तार करना चाहते हैं

**नई दिल्ली,** 27 जनवरी (एजेंसियां)। आम आदमी पार्टी (आप) ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर दिल्ली सरकार गिराने के लिए षड्यंत्र रचने का आरोप लगाते हुए कहा कि उनके विधायकों से इसके लिए संपर्क किया गया है। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शनिवार को एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर कहा, पिछले दिनों भाजपा ने हमारे दिल्ली के सात विधायकों से संपर्क कर कहा है – कुछ दिन बाद केजरीवाल को गिरफ्तार कर लेंगे। उसके बाद विधायकों को तोड़ेंगे। 21 विधायक से बात हो गयी है, औरों से भी बात कर रहे हैं। उसके बाद दिल्ली में आम आदमी पार्टी की सरकार गिरा देंगे। आप भी आ जाओ। 25 करोड़ रुपए देंगे और भाजपा के टिकट से चुनाव लड़वा देंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि हालांकि उनका दावा है कि उन्होंने 21 विधायकों से संपर्क किया है, लेकिन हमारी जानकारी के मुताबिक उन्होंने अभी तक सात विधायकों को ही संपर्क किया है और सबने मना कर दिया।

**सरकार गिराने के कई षड्यंत्र किए**

उन्होंने कहा इसका मतलब किसी शराब घोटाले की जाँच के लिए मुझे गिरफ़्तार नहीं किया जा रहा बल्कि दिल्ली में आम आदमी पार्टी की सरकार गिराने के लिए षड्यंत्र कर रहे हैं। पिछले नौ सालों में हमारी सरकार गिराने के लिए इन्होंने कई षड्यंत्र किए, लेकिन इन्हें कोई सफलता नहीं मिली। भगवान ने और जनता ने हमेशा हमारा साथ दिया। हमारे सभी विधायक भी मज़बूती से साथ हैं।

# साथ लड़ेंगे न्याय की लड़ाई : राहुल

■ कांग्रेस नेता ने लोगों से चंदा देने का किया आग्रह ■ लोगों को 'न्याय यात्रा' का हिस्सा बनाना है मकसद



**नई दिल्ली,** 27 जनवरी (देशबन्धु) कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने न्याय की लड़ाई में पार्टी का साथ देने का आह्वान करते हुए शनिवार को लोगों से इस अभियान से जुड़ने का आह्वान करते हुए इसके लिए चंदा देने का आग्रह किया। श्री गांधी ने कहा, न्याय की लड़ाई साथ लड़ेंगे। मैं आपसे इस ऐतिहासिक क्षण का हिस्सा बनने और न्याय अभियान के लिए दान देने का आग्रह करता हूं। आपका योगदान, न्याय का अभियान। इससे पहले पार्टी के कोषाध्यक्ष अजय माकन ने यहां कांग्रेस मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन को इसी मुद्दे पर संबोधित करते हुए कहा, न्याय के लिए दान देने के अभियान में हमने कई नई चीजें जोड़ी हैं। इस क्रम में जो भी व्यक्ति 670 रुपए या उससे अधिक डोनेट करेगा उसे राहुल गांधी जी द्वारा साइन की हुई टी-शर्ट गिफ्ट के रूप में मिलेगी। इसमें यह भी जोड़ा गया है कि. जो लोग 67 हजार रुपए या उससे अधिक डोनेट करेंगे, उन्हें एक न्याय किट मिलेगा। जिसमें टी-शर्ट, बैग, बैंड, बैच और स्टिकर होगा। जो लोग कुछ भी डोनेट करेंगे, उनको राहुल जी का साइन किया हुआ लेटर और डोनेशन का एक सर्टिफिकेट मिलेगा।

खड़गे ने ममता बनर्जी को लिखा पत्र

### बंगाल में न्याय यात्रा को सुरक्षित रास्ता देने की मांग

**नई दिल्ली।** असम के बाद राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा पश्चिम बंगाल में एंट्री कर चुकी है। इस बीच कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने यात्रा में किसी तरह की बाधा या परेशानी न हो, इसके लिए पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को पत्र लिखा है। उन्होंने ममता बनर्जी से यात्रा को सुरक्षित मार्ग सुनिश्चित करने की मांग की है। खड़गे ने पत्र में ममता से कहा कि आपको पता ही होगा कि आपके पड़ोसी राज्य असम में न्याय यात्रा को रोकने की कोशिश की गई। यह राजनीतिक उकसावे पर किया गया है, लेकिन हमारे कैडर ने इसका बहादुरी से सामना किया।

अखिलेश यादव ने किया ऐलान

## कांग्रेस उप्र में 11 सीटों पर लड़ेगी



■ सपा नेता ने कहा 'इंडिया' की टीम और 'पीडीए' की रणनीति इतिहास बदल देगी

**लखनऊ,** 27 जनवरी (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश में इंडिया गठबंधन में सीटों के बंटवारे पर सहमति बन गई है। समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के बीच सीटों को लेकर फॉर्मूला तय हो गया है। कांग्रेस यूपी में 11 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। यह जानकारी समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट कर दी।

सपा मुखिया अखिलेश यादव ने शनिवार को अपनी पोस्ट में लिखा कि कांग्रेस के साथ 11 मजबूत सीटों से हमारे सौहार्दपूर्ण गठबंधन की अच्छी शुरुआत हो रही है। यह सिलसिला जीत के समीकरण के साथ और भी आगे बढ़ेगा। 'इंडिया' की टीम और 'पीडीए' की रणनीति इतिहास बदल देगी। कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता अंशू अवस्थी का कहना है कि इंडिया गठबंधन की पहली बैठक में ही यह तय कर दिया गया था कि हमारा उद्देश्य देश के संविधान को और आम आदमी के अधिकारों को बचाना है। गठबंधन में सीटों के बंटवारे को लेकर कोआर्डिनेशन कमेटी सीट वार चर्चा कर रही है। अभी 11 सीटों की स्थिति साफ हुई है आगे अन्य सीटों पर भी तय होगी। इससे पहले सपा जयंत चौधरी की पार्टी रालोद के साथ सात सीटों पर चुनाव लड़ने का ऐलान कर चुकी है। 2014 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ने 67 पर लड़कर सिर्फ दो सीट जीती। सपा 75 में पांच और बसपा 80 पर लड़ी और एक भी सीट नहीं जीत पाई। 2019 में सपा-बसपा का गठबंधन था। कांग्रेस 67 पर लड़ी और सिर्फ रायबरेली जीत पाई। सपा 37 पर लड़ी और पांच जीती, जबकि, बसपा 38 पर लड़ी और 10 जीती। रामपुर और आजमगढ़ हारने के बाद सपा के सिर्फ तीन सांसद हैं।

जयंत पांडा को उत्तर प्रदेश का चुनाव प्रभारी बनाया गया

## लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा ने नियुक्त किए प्रभारी



लक्ष्मीकांत वाजपेयी को झारखंड की मिली जिम्मेदारी

**नई दिल्ली,** 27 जनवरी (देशबन्धु)। लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा की तैयारियां अब अपने अंतिम दौर में पहुच चुकी हैं।। इसी क्रम में शनिवार को23 राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों में लोकसभा चुनाव 2024 के लिए प्रभारी व सह प्रभारियों की नियुक्ति कर दी गई है। जयंत पांडा को उत्तर प्रदेश का नया चुनाव प्रभारी बनाया गया है। माना जा रहा है कि भाजपा उत्तर प्रदेश समेत कई अन्य राज्यों के लिए लोकसभा उम्मीदवारों का ऐलान भी शीघ्र ही कर सकती है। भाजपा के कार्यालय प्रभारी महासचिव अरुण सिंह द्वारा जारी सूची के मुताबिक,यूपी का नया चुनाव प्रभारी बैजयंत पांडा को बनाया गया है। जबकि बिहार का प्रभारी विनोद तोवडे, और सह प्रभारी दीपक प्रकाश, उत्तराखंड का प्रभारी दुष्यंत कुमार गौतम,चंडीगढ का विजयभाई रुपानी,हरियाणा का प्रभारी विप्लव कुमार देव और सहप्रभारी सुरेंद्र नागर, हिमांचल प्रदेश का प्रभारी श्रीकांत शर्मा और सह प्रभारी संजय टंडन, झारखंड का प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेयी का बनाया गया है।

## राजधानी में ठंड का सितम बरकरार

न्यूनतम तापमान 4.3 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया

**नई दिल्ली,** 27 जनवरी (देशबन्धु)। राष्ट्रीय राजधानी में शनिवार को ठंड के मिजाज में कोई खास बदलाव नहीं आया और न्यूनतम तापमान 4.3 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया जो इस मौसम के औसत से चार डिग्री कम रहा। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने यह जानकारी दी। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के आंकड़ों के अनुसार राजधानी में वायु गुणवत्ता बेहद खराब बनी हुई है। सुबह नौ बजे समग्र वायु गुणवत्ता सूचकांक 402 दर्ज किया गया, जो गंभीर श्रेणी में आता है। मौसम विभाग के अनुमान के मुताबिक दिन में आसमान साफ रह सकता है और अधिकतम तापमान 22 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने का अनुमान जताया है।

तैयारी — *महोत्सव में 158 से अधिक नाटकों का होगा मंचन*

## 'भारत रंग महोत्सव' का एक फरवरी से होगा आयोजन

**नई दिल्ली, 27 जनवरी (देशबन्धु)। देश में नाट्य कला और शास्त्र के शीर्ष संस्थान नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा (एनएसडी) की ओर से आयोजित किया जाने वाला 'भारत रंग महोत्सव' इस वर्ष एक से 21 फरवरी तक चलेगा। इसका उद्घाटन समारोह मुंबई में और समापन दिल्ली में होगा। आयोजकों ने शनिवार को यह जानकारी देते हुये कहा कि 25वें भारत रंग महोत्सव में दिल्ली समेत देश में 15 शहरों में देश-विदेश के 158 से अधिक नाटकों का मंचन किया जाएगा।**

एनएसडी के निदेशक चितरंजन त्रिपाठी ने यहां संवाददाताओं को बताया कि भारत रंग महोत्सव के दौरान मुंबई, पुणे, भुज, विजयवाडा, जोधपुर, डिब्रूगढ़, भुवनेश्वर, पटना, रामनगर, श्रीनगर, वाराणसी, बेंगलुरु, गंगटोक, अगरतला और दिल्ली में नाटकों के मंचन की तैयारियां की गई हैं। इस दौरान नाट्य कला से संबंधित विषयों पर कार्यशालाएं, परिचर्चाएं और कक्षाएं भी आयोजित की जाएंगी। उन्होंने बताया कि इस वर्ष भारंगम के लिए 'वसुधैव कुटुम्बकम- वंदे भारंगम' को टैग लाइन बनाया गया है। यह रंगमंच के माध्यम से वैश्विक एकता को बढ़ावा देने, सामाजिक सद्भाव को समृद्ध करने के उद्देश्य से किया गया है। उन्होंने कहा, हम रंगमंच के जादू को बढ़ावा देने, विविध ध्वनियों और जन कथाओं को पनपने के लिए एक विशाल मंच प्रदान करने के लिए समर्पित हैं। इस वर्ष का उत्सव न केवल एक मील का पत्थर साबित होगा, बल्कि प्रदर्शन कलाओं की परिवर्तनकारी शक्ति में हमारे दृढ़ विश्वास की पुष्टि भी करेगा। उन्होंने बताया कि भारत रंग महोत्सव का उद्घाटन एक फरवरी को मुंबई में नेशनल सेंटर फॉर द परफार्मिंग आर्ट्स में किया जाएगा। महाराष्ट्र के राज्यपाल रमेश बैस,एनएसडी के अध्यक्ष परेश रावल इसका औपचारिक उद्घाटन करेंगे।



■ 'वसुधैव कुटुम्बकम-वंदे भारंगम' को टैग लाइन बनाया गया

**दिल्ली में होगा समापन**

महोत्सव का समापन दिल्ली में किया जाएगा। श्री त्रिपाठी ने बताया कि एनएसडी के छात्र रहे प्रख्यात अभिनेता पंकज त्रिपाठी को महोत्सव का रंग दूत बनाया गया है। वह इसके प्रचार-प्रसार में मदद करेंगे।

# देश

**उवाच**

"आज सत्ता में कट्टर ताकतें हैं और लोकतंत्र, संविधान और सभी लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं को कुचला जा रहा है। महात्मा गांधी ने करो या मरो का मंत्र दिया था। किसी भी हाल में देश से कट्टर सरकारों को उखाड़ फेंकना जरूरी है।

–नाना पटोले, एमपीसीसी के अध्यक्ष



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 21.0 | 08.0 |
| मुंबई | 28.0 | 22.0 |
| कोलकाता | 19.0 | 10.0 |
| चेन्नई | 28.0 | 25.0 |

# विधानमंडलों में हो मर्यादापूर्ण आचरण : ओम बिरला

**मुंबई,** 27 जनवरी (देशबन्धु)। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने शनिवार को महाराष्ट्र विधानमंडल परिसर, मुंबई में 84वें अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारी सम्मेलन (एआईपीओसी) का उद्घाटन किया।

- **लोस अध्यक्ष ने मुंबई में अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारी सम्मेलन का किया उद्घाटन**
- **लोस अध्यक्ष ने अनुशासनहीनता व असंसदीय आचरण की घटनाओं पर जताई चिंता**
- **महाराष्ट्र विधानमंडल परिसर में उद्घाटन सत्र में 26 पीठासीन अधिकारियों ने भाग लिया**



**कार्यपालिका की अधिक जवाबदेही के लिए विधानमंडलों में काम करने के नए तौर-तरीकों को बढ़ावा दिया जाना चाहिए : ओम बिरला**

सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने विधानमंडलों में अनुशासनहीनता, कार्यवाही में व्यवधान और असंसदीय आचरण की घटनाओं पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि इससे विधानमंडलों की विश्वसनीयता प्रभावित हो रही है। बिरला ने यह भी कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में असहमति व्यक्त करने के लिए गुंजाइश है, इसलिए व्यवधान के माध्यम से विरोध और असहमति नहीं जताई जानी चाहिए। बिरला ने कहा कि विधानमंडलों की प्रतिष्ठा और गरिमा को बनाए रखना और विधानमंडलों में मर्यादापूर्ण आचरण को बनाए रखना सर्वोपरि है, लेकिन यह चिंता का विषय है कि इन मुद्दों पर आम सहमति होने के बावजूद, हम अभी तक सदन के सुचारू कामकाज के लिए अपनी प्रतिबद्धताओं को लागू नहीं कर पाए हैं । इस बात पर जोर देते हुए कि जन प्रतिनिधियों का आचरण संसदीय मर्यादाओं के अनुरूप होना चाहिए। बिरला ने सदस्यों से सदन में अपना समय रचनात्मक कार्यों में लगाने का आग्रह किया।

### विधायी कार्यों में प्रौद्योगिकी के उपयोग पर दिया जोर

विधायी कार्यों में प्रौद्योगिकी के उपयोग पर जोर देते हुए बिरला ने सुझाव दिया कि जन प्रतिनिधियों को प्रौद्योगिकी में दक्ष होना चाहिए और जनता से जुड़ने के लिए इसका उपयोग करना चाहिए। बिरला ने कहा कि प्रौद्योगिकी के अधिक से अधिक उपयोग से सदस्यों की दक्षता में वृद्धि होगी। बिरला ने यह भी कहा कि विधानमंडल में सदस्यों की क्षमता निर्माण को गंभीरता से लिया जाना चाहिए और सदस्यों के लिए विधानमंडल के नियमों, विधायी साधनों और प्रौद्योगिकी के उपयोग के बारे नियमित प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाने चाहिए। बिरला ने राज्य विधानमंडलों से समयबद्ध तरीके से वाद-विवाद के डिजिटलीकरण का आग्रह किया ताकि एक राष्ट्र, एक विधायी मंच की संकल्पना को शीघ्र ही वास्तविक रूप दिया जा सके। इस संबंध में बिरला ने सुझाव दिया कि यदि आवश्यक हो तो नियमों में बदलाव करते हुए ठोस और निश्चित कार्य योजना तैयार की जानी चाहिए, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि विधानमंडल बिना किसी व्यवधान के कार्य करें। नवाचार पर जोर देते हुए बिरला ने सुझाव दिया कि विधानमंडलों में काम करने के नए तौर-तरीकों को बढ़ावा दिया जाना चाहिए ताकि लोकतांत्रिक संस्थाएं कार्यपालिका की निगरानी की अपनी जिम्मेदारी को बेहतर ढंग से निभा सकें और लोगों का इन संस्थाओं में विश्वास बढ़े। सामाजिक-आर्थिक क्षेत्रों में राज्य विधानमंडलों द्वारा किए जा रहे अच्छे कार्यों पर सदन में चर्चा की जानी चाहिए, सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा किया जाना चाहिए क्योंकि ऐसे उपायों से जनता के बीच विधानमंडलों और जन प्रतिनिधियों दोनों की विश्वसनीयता बढ़ेगी। लोकसभा के महासचिव उत्पल कुमार सिंह ने सत्र की अध्यक्षता की।

## लोकतंत्र में संसदीय समितियों की भूमिका का किया उल्लेख

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने लोकतंत्र में संसदीय समितियों की भूमिका का उल्लेख करते हुए कहा कि संसदीय समितियाँ वर्तमान परिप्रेक्ष्य में कानूनों और नीतियों को तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उन्होंने कहा, संसदीय समितियां वास्तव में मिनी संसद हैं और वे संसद की ओर से इन कानूनों, नीतियों और कार्यक्रमों की समीक्षा करती हैं और उन्हें जनता के लिए अधिक उपयोगी बनाती हैं। बिरला ने सुझाव दिया कि संसदीय समितियां सहयोग और समावेशिता की भावना से काम करें, सभी पक्षों के सामूहिक ज्ञान का उपयोग करते हुए रचनात्मक चर्चा संवाद करें और परिणाममूलक बनें। बिरला ने इस बात का उल्लेख भी किया कि समाज में सकारात्मक बदलाव लाने वाली समितियों की रिपोर्टों को हाईलाइट किया जाना चाहिए। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री, एकनाथ शिंदे, राज्य सभा के उपसभापति, हरिवंश, महाराष्ट्र विधानसभा के अध्यक्ष राहुल नार्वेकर, महाराष्ट्र विधान परिषद की उप सभापति, डॉ. नीलम गोरहे और महाराष्ट्र विधानसभा के उपाध्यक्ष नरहरि सीताराम झिरवाल उद्घाटन सत्र में उपस्थित रहे और विशिष्ट सभाको संबोधित किया।

# जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा में पांच आतंकवादी सहयोगी गिरफ्तार

**श्रीनगर,** 27 जनवरी (एजेंसियां)। जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में हथियारों और गोला-बारूद की तस्करी में शामिल पांच आतंकवादी सहयोगियों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। मूल रूप से कुपवाड़ा के रहने वाले पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) के दो लश्कर-ए-तैयबा संचालकों से हथियारों और गोला-बारूद की तस्करी के बारे में विश्वसनीय जानकारी के बाद मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया गया। इस मामले में गिरफ्तार होने वाला पहला व्यक्ति कुपवाड़ा में नियंत्रण रेखा (एलओसी) के करीब एक गांव रियर सुधपोरा करनाह का जहूर अहमद भट था। कुपवाड़ा के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक युगल मन्हास ने कहा कि स्वयं के स्रोतों से विश्वसनीय जानकारी और अन्य सहयोगी एजेंसियों और समकक्षों द्वारा पुष्टि के आधार पर कार्रवाई करते हुए, कुपवाड़ा पुलिस ने नौ-पैरा फील्ड रेजिमेंट के साथ मिलकर पीओके स्थित लश्कर-ए-तैयबा के दो आतंकवादी संचालकों द्वारा भेजे गए विभिन्न हथियारों और गोला-बारूद की तस्करी में शामिल एक आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया। इस संबंध में गबरा करनाह के मंजूर अहमद शेख उर्फ शकूर और धन्नी करनाह के काजी मोहम्मद खुशाल दोनों वर्तमान में सीमा पार से काम कर रहे हैं, बाद में उन्होंने रियर सुधपोरा करनाह के जहूर अहमद भट को गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने बताया कि उसके पास से एक एके राइफल, एक एके मैगजीन, एके की 20 गोलियां और दो मैगजीन के साथ दो पिस्तौल बरामद की गईं। पुलिस ने कहा कि प्रारंभिक जांच से पता चला है कि हाल के दिनों में पीओके स्थित संचालक



विभिन्न माध्यमों से एलओसी के निकट स्थित गांव जहूर के संपर्क में थे। मन्हास ने कहा कि उस पार से इस तरफ भेजी गई खेप को अन्य आतंकी सहयोगियों तक पहुंचाया गया, जो जहूर और उक्त संचालकों के भी संपर्क में थे।

आगे के सुरागों के आधार पर, चार और आतंकवादी सहयोगी खुर्शीद अहमद राथर, मुदस्सिर शफीक, गबरा करनाह के सभी निवासियों गुलाम सरवर राथर और काजी फजल इलाही को गिरफ्तार कर लिया गया।ए एसएसपी ने कहा कि उनके पास से हथियार और गोला-बारूद और अन्य आपत्तिजनक सामग्री बरामद की गई, जिसमें पांच एके राइफल पांच एके मैगजीन और 16 लघु एके राउंड शामिल थे। पुलिस ने कहा कि हथियारों और गोला-बारूद और प्रतिबंधित सामग्री या प्रतिबंधित सामग्री की तस्करी के संबंध में साजिश का पता लगाने के लिए मामले की व्यापक तरीके से तेजी से जांच की जा रही है।

## सार संक्षेप

### धनखड़ महाराष्ट्र, पुदुचेरी व तमिलनाडु की यात्रा पर

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ रविवार से महाराष्ट्र, पुदुचेरी और तमिलनाडु की यात्रा पर रहेंगे। उपराष्ट्रपति सचिवालय ने शनिवार को यहां बताया कि धनखड़ 28 और 29 जनवरी को मुंबई (महाराष्ट्र),पुदुचेरी और कुड्डालोर (तमिलनाडु) के दो दिवसीय दौरे पर रहेंगे। पहले दिन, उपराष्ट्रपति मुंबई में महाराष्ट्र विधानसभा में भारतीय विधायी निकायों के पीठासीन अधिकारियों के 84वें सम्मेलन के समापन समारोह को संबोधित करेंगे। बाद में दिन में, उपराष्ट्रपति विकसित भारत 2047 विषय पर पांडिचेरी विवि के छात्रों के साथ बातचीत करेंगे। यात्रा के दूसरे दिन उपराष्ट्रपति तमिलनाडु के कुड्डालोर में थिल्लई नटराज मंदिर, बाबाजी मंदिर व एलाई अम्मन मंदिर में पूजा-अर्चना और दर्शन करेंगे।

### सिद्दारमैया के करीब आने पर व्यक्ति को हिरासत में लिया गया

**बेंगलुरु।** गणतंत्र दिवस परेड के दौरान कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दारमैया से संपर्क करने वाले एक व्यक्ति को राज्य पुलिस ने हिरासत में ले लिया। व्यक्ति ने कांग्रेस सरकार के 'कुशासन' पर अपनी राय व्यक्त करने के लिए मुख्यमंत्री सिद्दारमैया के पास पहुंचा था। सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो गया है जिसमें एक व्यक्ति सिद्दारमैया के पास जाते समय विरोध स्वरूप तख्तियां और भित्तिचित्र जमीन पर फेंकता नजर आ रहा है। व्यक्ति की पहचान पुरुषोत्तम के रूप में हुई है और पुलिस उससे पूछताछ कर रही है।

### सरकार नहीं गिराएगी राजद : मनोज झा

**पटना।** बिहार में चल रही राजनीतिक हलचल के बीच सत्तारूढ़ महागठबंधन की सहयोगी पार्टी जदयू के महागठबंधन को छोड़कर फिर एनडीए में शामिल होने के संकेत मिल रहे हैं। राजद ने शनिवार को साफ किया कि वह सरकार नहीं गिराएगी। राजद के सांसद मनोज कुमार झा ने शनिवार को कहा कि जिस सरकार को लालू प्रसाद, नीतीश कुमार और तेजस्वी यादव ने सृजित किया हो उसे हम कैसे गिरा सकते हैं। हम उस सरकार को, जिसने रोजगार दिए, अस्पतालों की कायापलट की, उसे हम गिराने के लिए सोच ही नहीं सकते।

### तेलंगाना में नवविवाहित जोड़े ने कथित आत्महत्या की

**आदिलाबाद/तेलंगाना।** तेलंगाना में आदिलाबाद जिले में एक विवाहित जोड़े ने शुक्रवार को कथित रूप से आत्महत्या कर ली। पुलिस के अनुसार जिले के गुड़ीथ्नूर मंडल के कोल्हारी गांव में दंपत्ति ने कथित तौर पर कीटनाशक खाकर अपनी जान दे दी। मृतकों की पहचान विजय और पल्लवी के रूप में हुई है।

# इंद्र सेना रेड्डी ने जनता के लिए राजभवन के द्वार खोले

**अगरतला,** 27 जनवरी (एजेंसियां)। त्रिपुरा के राज्यपाल इंद्र सेना रेड्डी नल्लू ने कड़ी सुरक्षा के बीच प्रदेश के नागरिकों के लिए राजभवन के द्वार खोल दिए हैं। नल्लू की ओर से 75वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर शुक्रवार को चाय पार्टी आयोजित की जिसमें भारी भीड़ उमड़ी। प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार राज्यपाल की ओर से आयोजित पार्टी में मंत्रियों, नौकरशाहों, व्यापारियों और नागरिक समाज के नेताओं के साथ-साथ गांवों के कुछ ग्रामीणों और आदिवासी महिलाओं सहित लगभग एक हजार लोग पहुंचे।



राजभवन के सूत्रों ने बताया की नल्लू के त्रिपुरा के राज्यपाल के रूप में पदभार ग्रहण करने के बाद प्रशासन ने राजभवन में सभी पुराने रीति-रिवाजों में बदलाव करते हुए राज्य के सभी नागरिकों के लिए इस बार राजभवन के दरवाजे खोल दिए। पिछले साल 25 अक्टूबर को राज्यपाल ने राजभवन में सशस्त्र बलों, तोपखाने बलों, सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ), तेल एवं प्राकृतिक गैस निगम (ओएनजीसी), सीमा सड़क संगठन (बीआरओ), मंत्रियों, सिविल सेवा अधिकारियों और प्रमुख हस्तियों के एक हजार से अधिक अधिकारियों और आम लोगों से मुलाकात की थी।

# बिहार की राजनीति में पलटीमार मुख्यमंत्री जरूरी या मजबूरी

■ मुकुन्द कुमार सिंह

**पटना,** 27 जनवरी (देशबन्धु)। बिहार की राजनीति में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को पलटीमार से लेकर तरह-तरह की उपाधि दी जा रही है पर सबसे बड़ी बात यह कि आखिरकार बार-बार पलटी करने के बाद भी मुख्यमंत्री पद पर नीतीश कुमार ही क्यों कभी नैतिकता तो कभी भ्रष्टाचार के नाम पर गठबंधन तोड़ मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देते हैं और फिर मुख्यमंत्री पद का शपथ लेते हैं। कुछ महीने सरकार चलने के बाद अंतरात्मा और पार्टी तोड़ने का आरोप लगाते हुए फिर मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देते हैं और मुख्यमंत्री पद का शपथ लेते हुए नई सरकार बना लेते हैं। नीतीश कुमार की बार-बार पलटी मार रवैया को देखते हुए ऐसा कहा जा रहा है कि नीतीश कुमार ही देश के ऐसे पहले नेता हैं जो मुख्यमंत्री बनने के लिए मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देते हैं। नीतीश कुमार के पलटी मारने और बिहार में नई गठबंधन की सरकार बनाने की कहानी को समझने के लिए बिहार के राजनीतिक समीकरण को समझना जरूरी है। बिहार में मुख्यत: तीन पार्टी का वर्चस्व



**चुनावों में तीन खेमे में बट जाती है बिहार की जनता**

कायम है। जब कभी चुनाव की बारी आती है तो बिहार की जनता तीन खेमे में बढ़ जाती है कोई भाजपा तो कोई राजद और जदयू।

बात करें भाजपा और राजद की तो यह दोनों पार्टी हमेशा से ही अपने एजेंट पर कायम रहती है तो इन दोनों पार्टियों के वोटर भी उनके प्रति वफादार है।

अगर किसी पार्टी के वोट बैंक में कमी आई है तो वह जदयू है। जदयू को लेकर ऐसा कहा जा रहा है की जदयू के नेता नीतीश कुमार की पलटी करने के लिए से अब जनता तंग आ चुकी है। आने वाले अगामी चुनाव में किसका फैसला होगा। बिहार में तीन प्रमुख पार्टियों का वर्चस्व होने के कारण बिहार की राजनीतिक मुकाबला त्रिकोणीय हो जाता है। जब कभी चुनाव के फैसले आते हैं तो अकेले कोई पार्टी बहुमत में नहीं आती है। मजबूरन एक पार्टी को दूसरे पार्टी के साथ गठबंधन करना पड़ता है। ऐसे में राजद और भाजपा अपने-अपने एजेंडा पर कायम रहती है तो बच जाते हैं सिर्फ एक नीतीश कुमार जो अपने आप को मुख्यमंत्री बनने के लिए कभी इस पार्टी से तो कभी उसे पार्टी से गठबंधन करते हैं। ऐसा पहली बार नहीं है जब नीतीश कुमार अपने आप को मुख्यमंत्री बनने के लिए राजद या बीजेपी के साथ गठबंधन किए हैं। हालांकि नीतीश कुमार के पाले बदलने की इस रवैया को अब बिहार की जनता भली भांति जान चुकी है। इसी का नतीजा है कि 2020 के विधानसभा चुनाव में जदयू सबसे कम सीट जीतकर सामने आई थी।

## सरकार बनाने के लिए किसी एक पार्टी को नीतीश को मिलना जरूरी

बिहार विधानसभा चुनाव के नतीजे को देखते हुए बिहार में सरकार बनाने के लिए किसी एक पार्टी को नीतीश कुमार को मिलना जरूरी होता है ऐसे में नीतीश कुमार कभी लालू प्रसाद यादव के साथ मिलकर छोटे बड़े भाई का खेल खेलते हैं तो कभी उनकी अंतरात्मा लालू यादव को छोड़ बीजेपी के साथ जाने की करती है और फिर भाजपा के साथ मिलकर सरकार बना लेते हैं। यू कहे कि बिहार में नीतीश कुमार के बिना नई सरकार की कल्पना अभी नहीं की जा सकती है जिस तरफ नीतीश कुमार मिलते हैं उसी तरफ सरकार रहती है। नीतीश कुमार के इस फैसले से बिहार की जनता कितनी खुश है या कितना नाखून यह तो आने वाले चुनाव में ही पता चलेगा । फिलहाल बिहार के लिए नीतीश कुमार मजबूरी हूं या जरूरी मुख्यमंत्री के कुर्सी पर नीतीश कुमार ही रहेंगे।

# कानून व्यवस्था की स्थिति नहीं संभाल पा रही है मध्य प्रदेश सरकार : कांग्रेस

**भोपाल,** 27 जनवरी (एजेंसियां)। मध्यप्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने उज्जैन जिले में एक दंपत्ति की हत्या के मामले में राज्य की मोहन यादव सरकार को निशाने पर लेते हुए आरोप लगाया कि सरकार कानून व्यवस्था की स्थिति नहीं संभाल पा रही है। पटवारी ने प्रदेश कांग्रेस की ओर से जारी विज्ञप्ति में कहा कि उज्जैन में भाजपा नेता रामनिवास और उनकी पत्नी की हत्या कर दी गई है। इसके अलावा उज्जैन जिले में ही हाल ही में महापुरुषों की मूर्तियां लगाने को लेकर विवाद हुआ था। उस समय सरकार को खुफिया तंत्र विफल रहा। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि राज्य में बदमाशों ने पुलिस कर्मचारी की गोली मारकर हत्या की। जीप से कुचलकर पुलिस अधिकारी की हत्या की गई। एक स्थान पर थाने से पुलिस की जीप चोरी चली गई। मध्यप्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि यह सब घटनाएं इस बात द्योतक हैं कि अपराधियों में कानून का खौफ नहीं है।



**अपराधियों में कानून का खौफ नहीं है : जीतू पटवारी**

मध्य प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा कि डॉ.यादव मुख्यमंत्री होने के साथ ही गृह विभाग के भी मुखिया हैं। इस स्थिति में राज्य में अपराधियों को सरकार होने का अहसास कराया जाए और बेलगाम अपराधों पर तत्काल अंकुश लगवाया जाए। विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने भी कानून व्यवस्था के मामलों को लेकर सरकार पर निशाना साधा है।

## अपराधियों को मिले कड़ी सजा : कमलनाथ

**भोपाल।** मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने आज राज्य में कानून व्यवस्था की स्थिति को लेकर सवाल उठाए हैं। कमलनाथ ने लिखा है, मैं मुख्यमंत्री से अनुरोध करूंगा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए सार्थक कदम उठाएं और अपराधियों को कड़ी सजा देकर मध्य प्रदेश को सबके लिए सुरक्षित प्रदेश बनाने की दिशा में काम करें।

# मणिपुर में गोलीबारी में ग्रामीण स्वयंसेवक की मौत

**इंफाल,** 27 जनवरी (एजेंसियां)। मणिपुर में शनिवार को हथियारों से लैस दो समूहों के बीच गोलीबारी के दौरान एक ग्रामीण स्वयंसेवक की मौत हो गई,



जबकि अन्य चार लोग घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने कहा कि प्रतिद्वंद्वी समूहों के सशस्त्र कैडरों के सतांग गांव में भीषण झड़प के बाद इंफाल पूर्व और कांगपोकपी जिलों के बीच गोलीबारी शुरू हो गई। सुरक्षा बलों के पहाड़ी क्षेत्र में पहुंचने के बाद युद्धरत समूह पीछे हट गए। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि घायलों में से एक के चेहरे पर चोट लगी है, जबकि दूसरे की जांघ पर चोट लगी है।

# बीआरएस तेलंगाना के अधिकारों के लिए लड़ने वाली एकमात्र ताकत : केसीआर

**हैदराबाद,** 27 जनवरी (देशबन्धु)। भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के प्रमुख एवं पूर्व मुख्यमंत्री के चंद्रशेशर राव (केसीआर) ने कहा कि उनकी पार्टी तेलंगाना के अधिकारों के लिए लड़ने वाली एकमात्र ताकत है और बीआरएस सांसदों को आगामी संसदीय सत्र में राज्य के अधिकारों के लिए आवाज उठानी चाहिए। राव की अध्यक्षता में एर्रावेली आवास पर बीआरएस संसदीय दल की बैठक हुई। इस बैठक में राज्यसभा और लोकसभा संसदीय दल के नेता के केशव राव, नामा नागेश्वर राव और पार्टी सांसद शामिल हुए। केटीआर, पूर्व मंत्री हरीश राव के साथ रामुलु, बीबी पाटिल, पसुनुरी दयाकर, मढन्ने श्रीनिवास रेड्डी, केआर सुरेश रेड्डी, वेंकटेश नेताकानी, बदुगुला लिंगया यादव, वाविराजू रविचंद्र, मालोथ कविता, पार्थसारथी रेड्डी, जोगिनापल्ली संतोष कुमार, देवकोंडा दामोदर राव, गद्दाम रंजीत रेड्डी ने बैठक में भाग लिया। राव ने सांसदों को स्पष्ट कर दिया कि इस महीने के अंत में शुरू होने वाले सप्ताह भर के संसद सत्र में तेलंगाना की ओर से महत्वपूर्ण विषयों पर गंभीर चर्चा होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि बीआरएस पार्टी का नदी जल आबंटन और आम संपत्तियों के हस्तांतरण के साथ-साथ राज्य विभाजन के लंबित वादों के कार्यान्वयन के लिए लड़ने का इतिहास रहा है। बीआरएस सांसद एक बार फिर तेलंगाना के अधिकारों की उनकी रक्षा करने के लिए जिम्मेदार हैं। करीब तीन घंटे तक चली बैठक में बीआरएस प्रमुख राव ने सांसदों को संसद के दोनों सदनों में अपनाई जाने वाली रणनीतियों और विभिन्न मुद्दों पर अपनाई जाने वाली रणनीतियों पर गहन चर्चा करने का निर्देश दिया।



■ **राज्य के अधिकारों के लिए आवाज उठाने की अपील की**

**चिंता** *कश्मीर में सूखे व पल पल रंग बदलते मौसम का दिखा असर*

# कश्मीर की पहचान बन चुकी कांगड़ी की मांग में आई गिरावट

■ सुरेश एस डुग्गर

**जम्मू, 27 जनवरी (देशबन्धु)। कश्मीर तथा लद्दाख में कई महीनों से चल रहे बारिश और बर्फ के सूखे को थोड़ी सी बारिश और मामूली सी बर्फबारी ने हालांकि कल रात को कुछ इलाकों में तोड़ा है पर कश्मीर की पहचान बन चुकी कांगड़ी अर्थात पारंपारिक अग्निपात्रों की बिक्री में फिलहालइन पारंपरिक अग्निपात्रों को बनाने वाले कारीगरों के अनुसार।**

कश्मीर वादी में लंबे समय तक सूखे के कारण कांगड़ियों की मांग में गिरावट आई है। कांगड़ी, गर्म अंगारों से भरे पारंपरिक मिट्टी के बर्तन, कठोर सर्दियों के महीनों के दौरान कश्मीरी घरों में गर्मी देने का एक पारंपरिक स्रोत रहे हैं। हालांकि, शुष्क मौसम और हल्के तापमान ने इन पारंपरिक वार्मर्स की समग्र आवश्यकता को कम कर दिया है। स्थानीय कांगड़ी कारीगर, जो पीढ़ियों से इन विशिष्ट हीटिंग उपकरणों को तैयार कर रहे हैं, ने अपनी आजीविका पर प्रभाव के बारे में चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि मांग में कमी सीधे उनकी आय को प्रभावित करती है क्योंकि लंबे समय तक शुष्क अवधि के परिणामस्वरूप हल्के तापमान के दौरान कांगड़ियों की मांग कम हो जाती है। दक्षिण कश्मीर के कुलगाम जिले के ओके गांव में कारीगरों से जब संपर्क किया गया तो उन्होंने कहा कि उन्होंने इतना लंबा सूखा कभी नहीं देखा है, और इससे उनकी बिक्री प्रभावित हो रही है। कांगड़ियों की मांग में गिरावट आई है, जिससे कई लोगों को गुजारा करने के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। इस पारंपरिक शिल्प में दशकों का अनुभव रखने वाले एक कारीगर ने कहा कि उसका काम प्रभावित हुआ है, लगभग 90 प्रतिशत स्टॉक बिना बिके रह गया है।



■ **आजीविका पर पड़े प्रभाव से कारीगर परेशान**

उन्होंने कहा कि कश्मीर वादी में दिन के उच्च तापमान के कारण कांगड़ी की मांग में कमी आई है क्योंकि लोग इन अंगीठियों का कम उपयोग कर रहे हैं। उत्तरी कश्मीर के बांडीपोरा जिले के कांगड़ी विक्रेता अब्दुल रशीद का कहना था कि पिछले सीज़न में, वह प्रति दिन 30 से 40 कांगड़ी बेचते थे। हालाँकि, इस सीजन में, वह प्रति दिन मुश्किल से 5 से 10 की बिक्री करता है। उन्होंने कहा कि लंबे समय तक सूखे के कारण कश्मीर में कांगड़ी संस्कृति पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। इतना जरूर था कि कश्मीर वादी तथा लद्दाख के ऊंचे इलाकों में कल रात और शुक्रवार सुबह बर्फबारी हुई। एक स्वतंत्र मौसम भविष्यवक्ता फैजान आरिफ केंग ने बताया कि आखिरी बारिश 22 दिसम्बर के आसपास ऊंचे इलाकों में हुई थी। उनके बकौल, आज की बारिश ने जम्मू-कश्मीर में पिछले 30-35 दिनों से चल रहे सूखे के दौर को खत्म कर दिया है। फैजान का कहना था कि आने वाले सात दिनों में केंद्र शासित प्रदेश के ऊंचे इलाकों और मैदानी इलाकों में अधिक बारिश होने की उम्मीद है, 28-29 जनवरी के आसपास और भी बेहतर बारिश होने की उम्मीद है।

उल्टा पुल्टा

डॉक्टर ने महिला के मुंह में थर्मामीटर रख कर कुछ देर मुंह बंद रखने को कहा।

पत्नी को खामोश देख कर पति ने पूछा : डॉक्टर साहब, ये जादुई चीज कितने की आती है?

# कैपिटल ज़ोन

# अमृत काल में आर्थिक मॉडल खस्ताहाल : कांग्रेस

## उत्तर पश्चिम दिल्ली व दक्षिणी दिल्ली लोकसभा में कीं बैठके आयोजित

**नई दिल्ली,** 27 जनवरी (देशबन्धु)। आगामी तीन फरवरी को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की पूर्वी दिल्ली में आयोजित होने वाले विशाल कार्यकर्ता सम्मेलन की तैयारियों को लेकर पार्टी के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष अरविंदर सिंह लवली ने शनिवार को उत्तर पश्चिम दिल्ली और दक्षिणी दिल्ली लोकसभा में दो बैठकें आयोजित कीं। इस दौरान संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनावों के लिए जहां हमें परिश्रम करना होगा वहीं योजनाबद्ध तरीके से आगे बढ़कर जनता के बीच जाकर काम करना होगा। लवली ने कहा कि कांग्रेस का बूथ स्तर का कार्यकर्ता दूसरी पार्टी के विधायकों से अधिक कारगर है क्योंकि वह जनता के बीच रहकर उनकी समस्याओं को निपटाने में सक्षम है जबकि दोनो पार्टियों के जनप्रतिनिधि लोगों के लिए उपलब्ध नहीं होते हैं। उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों में भाजपा ने अधिकतर सरकारी संस्थाओं को बेचकर और चिन्हित पूंजीपतियों को लाभ पहुचाने की नीति के तहत देश को आर्थिक रूप से कमजोर कर दिया है। दोनों संसदीय क्षेत्रों की बैठकों में लवली के अलावा पूर्व सांसद कृष्णा तीरथ, रमेश कुमार, डॉ. उदित राज, कांग्रेस वर्किंग सदस्य एवं पूर्व विधायक देवेन्द्र यादव, दिल्ली



- जनता की समस्याओं को सुलझाने के लिए कांग्रेस कार्यकर्ता अधिक सक्षम
- पिछले दस वर्षों में भाजपा ने चिन्हित पूंजीपतियों को लाभ पहुंचाने की नीति के तहत देश को आर्थिक रूप से किया कमजोर

सरकार के पूर्व मंत्री हारून यूसूफ, राजकुमार चौहान, सुरेन्द्र कुमार, चरण सिंह कंडेरा, दर्शना रामकुमार, टेकचन्द शर्मा, विजय लोचव, जगप्रवेश कुमार, जिला अध्यक्ष राजेश चौहान, विष्णु अग्रवाल, इंन्द्रजीत सिंह, ओम प्रकाश बिधूड़ी, कमलकांत शर्मा, जगजीवन शर्मा, जय किशन शर्मा, पूर्व निगम पार्षद प्रवीण राणा, पन्ना लाल खेरवाल, खविन्दर सिंह कैप्टन, मीर सिंह, सतीश गुप्ता, राकेश इस्सर और हरीश नागर, डॉ. शम्भु दयाल शर्मा, अरुणा देवी और पृथ्वी सिंह राठौड़, डॉ. नरेश कुमार, जितेन्द्र बघेल, जगजीत सिंह सिक्का, सुखबीर शर्मा, पीएस बावा, जितेन्द्र बघेल, हर्ष चौधरी, अजीत बशिष्ठ, शबनम रियाज, रवि दत्त गौड़, राजेन्द्र तंवर, एस.सी. विभाग चेयरमैन सुनील कुमार, कांता शर्मा सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद थे। लवली ने कार्यकर्ताओं का आहवान करते हुए कहा कि कांग्रेस को कोई खत्म नहीं कर सकता। यह जरूर है कि हम पिछले 10 वर्षों से सत्ता में नहीं है परंतु हमारे नेता राहुल गांधी पहले भारत जोड़ो यात्रा और वर्तमान में भारत जोड़ो न्याय यात्रा निकालकर देश के गरीब, मजदूर, पिछड़े, निम्न, मध्यम व वंचित वर्ग के अधिकारों की लड़ाई लगातार लड़ रहे है। राहुल जी भाजपा की तानाशाही सरकार के खिलाफ भारत जोड़ो न्याय यात्रा के द्वारा देशवासियां को इनकी कारगुजारियों के प्रति जागरू क बनाने के काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने 10 वर्ष केन्द्र और 15 वर्ष दिली की सत्ता में रहकर जो विकास किया है वो देश और दिल्ली वहीं रुका हुआ है। भाजपा की केंद्र और दिल्ली सरकार ने पिछले 10 वर्षो में लोगों के हितों और विकास के लिए कोई काम नही किया है, केवल जातिगत राजनीति, सांप्रदायिकता और लुभावने वायदों के नाम पर जनता को भ्रमित किया है।

### देश की अर्थव्यवस्था को योजनाबद्ध तरीके से किया बर्बाद

अरविंदर सिंह लवली ने कहा कि विकसित देश बनाने का दावा करने वाली भाजपा की सरकार ने पिछले 10 वर्षों में देशवासियों पर तानाशाही रूप से जन विरोधी व गलत नीतियां बनाकर देश की अर्थव्यवस्था को योजनाबद्ध तरीके से बर्बाद कर दिया है। उन्होंने कहा कि अमृतकाल में देश का आर्थिक मॉडल सुदृढ होने की बजाय चरमरा गया है। 70 साल में 2014 तक जहां विदेशी कर्जा केवल 56 लाख करोड था उसे बढ़ा कर भाजपा सरकार ने दिसम्बर 2023 तक देश पर 200 लाख करोड़ से भी अधिक कर दिया जो चिंताजनक है और जीडीपी ग्रोथ से अधिक देश पर कर्ज की आईएमएफ़ द्वारा चेतावनी भी देश पर आर्थिक संकट का संकेत है।

# अंबेडकर के बनाए संविधान को सारा देश करता है नमन : गुप्ता



- आजादी के अमृत महोत्सव में गणतंत्र दिवस की दीं शुभकामनाएं
- बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम के साथ देश भक्ति गीतों से किया मंत्रमुग्ध

**नई दिल्ली,** 27 जनवरी (देशबन्धु)। आजादी के अमृत महोत्सव काल में आज हमारे देश के संविधान का भी डायमंड जुबली वर्ष हो गया, जिसे सारा देश मना रहा है। आदित्य केयर सोसायटी के अध्यक्ष अनिल गुप्ता प्रसिद्ध समाज सेवी ने सभी देश वासियों को बधाई देते हुए बताया कि बाबा साहब के बनाए संविधान का सारा देश सम्मान करता है। आज 75वे गणतंत्र दिवस समारोह के मौके पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी पुष्प विहार सेक्टर एक से लेकर छह में कई जगह पर झंडा रोहण किया गया, साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम, खेल प्रतियोगिता भी हुई जिसमे स्थानीय आरडब्ल्यूए के सभी पदाधिकारियों के साथ आमजन भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। वहीं बच्चों ने इस अवसर पर रंगारंग कार्यक्रम के साथ देश भक्ति गीतों से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रतियोगिता में जीतने वाले बच्चों को पुरस्कृत भी किया गया। अनिल गुप्ता ने बताया कि गणतंत्र दिवस समारोह का लोगों ने भरपूर आनंद उठाया और बच्चों को शिक्षा की सामग्री भी वितरित की गई। बता दें अनिल गुप्ता प्रसिद्ध समाज सेवी अध्यक्ष आदित्य केयर एजुकेशन सोसायटी के माध्यम से गरीब, बेसहारा बच्चों को शिक्षित करने उन्हे समाज में शिक्षा के माध्यम से पहचान देने के काम के साथ स्कूल बैग, पुस्तकें अन्य सामग्री भी देने का कार्य करते हैं।

## सार संक्षेप

### उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड ने किए सफलता के सात वर्ष पूरे



**नई दिल्ली।** उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड ने दिल्ली के कमला नगर में एक बैंकिंग शाखा का अनावरण किया। इस लॉन्च के साथ, बैंक की दिल्ली राज्य में 32 शाखाएं और देश के 26 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में 883 शाखाएं हो गई हैं। इस अवसर पर, उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड के एमडी और सीईओ गोविंद सिंह ने कहा कि अपनी 7वीं वर्षगांठ के अवसर पर, हम राजधानी शहर के केंद्र में स्थित कमला नगर में एक नई बैंकिंग शाखा का उद्घाटन करके खुश हैं। यह स्थान अपने जीवंत बाजार, लोकप्रिय फैशन समझ के लिए प्रसिद्ध है और स्थानीय लोगों के लिए घूमने-फिरने की जगह के रूप में कार्य करता है। जैसा कि हम यहां अपने नई बैंकिंग शाखा का उद्घाटन कर रहे हैं, हमारा लक्ष्य स्थानीय उद्यमियों और निवासियों दोनों के लिए समान रूप से विश्वसनीय वित्तीय भागीदार बनना है। बैंक कमला नगर और उसके निवासियों के जीवंत व्यापारिक समुदाय को वित्तीय उत्पादों और सेवाओं की एक श्रृंखला प्रदान करने की स्थिति में है, जिसमें बचत और चालू खाते, सावधि जमा और आवर्ती जमा शामिल हैं। अपने ग्राहकों की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए, बैंक विभिन्न ऋण उत्पाद जैसे आवास ऋण, व्यवसाय ऋण और संपत्ति के विरुद्ध ऋण प्रदान करता है।

### निर्माण कार्य के दौरान दो मजदूरों की मौत, पूर्व विधायक के रिलेटिव पर केस दर्ज

**नई दिल्ली।** दक्षिणी दिल्ली में छतरपुर से एक पूर्व कांग्रेस विधायक के रिश्तेदार के फार्म हाउस पर निर्माण कार्य के दौरान दो मजदूरों की मौत हो गई। एक अधिकारी ने बताया घटना गुरुवार को फतेहपुर बेरी के पास भाटी कलां में हुई। मृतकों की पहचान मालवीय नगर निवासी धर्मेंद्र (35) और उत्तर प्रदेश के बदांयू निवासी करण सिंह (35) के रूप में हुई। पुलिस के अनुसार, गुरुवार दोपहर 3:45 बजे दो मेडिको-लीगल केस (एमएलसी) की जानकारी मिली। अस्पताल में डॉक्टरों ने धर्मेंद्र और करण दोनों को मृत घोषित कर दिया। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया शुरुआती जांच के दौरान, फतेहपुर बेरी पुलिस स्टेशन के जांच अधिकारी ने भाटी कलां में घटनास्थल का दौरा किया। उन्होंने वहां निर्माण कार्य होता हुआ पाया, जहां पर्याप्त सुरक्षा उपाय नहीं किए गए थे। अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने पोस्टमार्ट के बाद शव उनके परिजनों को सौंप दिए। ठेकेदार और मालिक के खिलाफ भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### भ्रष्टाचार की निरंकुशता की जगह लोकतंत्र की योग्यतातंत्र ने ले ली : धनखड़

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने शनिवार को कहा कि भ्रष्टाचार की निरंकुशता को लोकतंत्र की योग्यतातंत्र द्वारा प्रतिस्थापित कर दिया गया है, क्योंकि देश वर्तमान राजनीतिक व्यवस्था के तहत समग्र विकास देख रहा है। उपराष्ट्रपति ने संसद भवन में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि आज भ्रष्टाचार और बिचौलियों को समाप्त कर दिया गया है और युवाओं के पास अपनी क्षमता का एहसास करने के अपार अवसर हैं। भ्रष्टाचार की निरंकुशता का स्थान लोकतंत्र की योग्यतातंत्र ने ले लिया है। उन्होंने कहा कि जीवन का हर क्षेत्र लड़कियों की तेजी से वृद्धि, प्रतिबद्धता और भागीदारी से युक्त है।

# हरदीप पुरी ने ओएनजीसी डिजिटल कॉर्पोरेट विजुअलाइजेशन सेंटर का किया उद्घाटन

## एनर्जी स्टार्टअप्स ड्राइविंग द एनर्जी फ्यूचर की बैठक आयोजित

**नई दिल्ली,** 27 जनवरी (देशबन्धु)। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस और आवास एवं शहरी मामलों के मंत्री, हरदीप सिंह पुरी ने शनिवार को नई दिल्ली में ओएनजीसी के अत्याधुनिक डिजिटल कॉर्पोरेट विजुअलाइजेशन सेंटर ओएनजीसी दर्पण का उद्घाटन किया। भारत में यह अपनी तरह का पहला डिजिटल हब, वास्तविक समय के आधार पर ओएनजीसी के तेल एवं गैस कुओं और ड्रिलिंग इकाइयों की निगरानी कर सकेगा। अत्याधुनिक निगरानी से मानवीय हस्तक्षेप और डाउनटाइम को कम करने, संचालन को अनुकूलित करने और पूर्वानुमानित रख-रखाव में मदद मिलेगी। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री ने डिजिटल कॉर्पोरेट विजुअलाइजेशन सेंटर ओएनजीसी दर्पण का उद्घाटन किया।



उद्घाटन के मौके पर पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय के सचिव पंकज जैन, उद्योग संवर्धन एवं आंतरिक व्यापार विभाग डीपीआईआईटी के सचिव राजेश कुमार सिंह और ओएनजीसी के अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी, अरुण कुमार सिंह उपस्थित थे। मंत्री ने एनर्जी स्टार्टअप्स ड्राइविंग द एनर्जी फ्यूचर विषय पर आयोजित बैठक में भी भाग लिया, जहां उन्होंने बंगाल की खाड़ी के कृष्णा गोदावरी बेसिन में इस महारत्न कंपनी की प्रमुख गहरे पानी की परियोजना केजी-98/2 से तेल का उत्पादन शुरू होने के संबंध में ओएनजीसी कर्मचारियों की सराहना की।

ओएनजीसी के निदेशक उत्पादन पंकज कुमार, ओएनजीसी दर्पण में वास्तविक समय के आधार पर उत्पादन कुओं की दूरस्थ निगरानी दिखाते हुए बंगाल की खाड़ी में गहरे पानी वाले केजी-डीडब्ल्यूएन-98/2 ब्लॉक से तेल का उत्पादन, 7 जनवरी, 2024 को शुरू हो गया। ओएनजीसी के निदेशक प्रौद्योगिकी एवं फील्ड सर्विसओपी सिंह, ओएनजीसी दर्पण में दूर से ड्रिलिंग रिग की वास्तविक समय के आधार पर निगरानी के बारे में बताया।



नई दिल्ली स्थित विजय चौक पर आगामी बीटिंग रिट्रीट समारोह के लिए फुल ड्रेस रिहर्सल के दौरान भारतीय रक्षा त्रिसेवा के कर्मी। फोटो इम्तियाज खान

# लंबे बालों का प्रत्यारोपण दिल्ली-एनसीआर में संभ्रांत लोगों के बीच एक चलन

**नई दिल्ली,** 27 जनवरी (देशबन्धु)। सौंदर्यशास्त्र और आत्म-देखभाल की गतिशील दुनिया में, लंबे बालों का प्रत्यारोपण उन व्यक्तियों के लिए एक अभूतपूर्व समाधान के रूप में उभरा है जो बिना बाल शेव किये सीधे लम्बे और घने बालों का हेयर ट्रांसप्लांट चाहते हैं। इस विशेष हेयर ट्रांसप्लांट प्रक्रिया ने मशहूर हस्तियों, खेल खिलाड़ियों, कॉरपोरेट्स और व्यावसायिक हस्तियों के बीच विशेष रूप से दिल्ली, गुड़गांव और नोएडा जैसे महानगरीय क्षेत्रों में महत्वपूर्ण लोकप्रियता हासिल की है। चूंकि इस नवीन उपचार की मांग बढ़ रही है, प्रसिद्ध हेयर ट्रांसप्लांट सर्जन, डॉ. अमरेंद्र कुमार, निदेशक, डर्माक्लिनिक्स, एमबीबीएस और एमडी एम्स दिल्ली ने इस प्रवृत्ति के बारे में अपनी राय साझा की। ऐसे व्यक्तियों के लिए जो अपने बाल प्रत्यारोपण को गोपनीय रखना पसंद करते हैं, विशेष रूप से मशहूर हस्तियों और उन लोगों के लिए जो गोपनीयता को महत्व देते हैं। ऐसे लोगों के लिए के लिए बिना बाल शेव किये सीधे लम्बे और घने बालों का हेयर ट्रांसप्लांट एक वरदान की तरह है। एक रेगुलर हेयर ट्रांसप्लांट में इच्छुक व्यक्ति को पहले पूरे बालों को शेव करवाना पड़ता है और फिर छोटे छोटे बालों का ट्रांसप्लांटेशन किया जाता है जबकि इस प्रक्रिया में ऐसा नहीं होता है और बैना बाल शेव किये सीधे बड़े बाल ट्रांसप्लांट कर दिए जाते हैं जिससे उनकी गोपनीयता बनी रहती है। हेयर रूट रिवाइवल ट्रीटमेंट के साथ लंबे बालों का प्रत्यारोपण, लगभग 30 से 50 प्रतिशत बालों की तत्काल वृद्धि प्रदान करता है। यह त्वरित परिवर्तन चाहने वाले व्यक्तियों के लिए तत्काल परिणाम प्रदान करता है।

## हनुमान की प्रेरणा से महेश ने बनाई 109 पेंटिंग्स में संपूर्ण रामायण



**नई दिल्ली,** 27 जनवरी (देशबन्धु)। क्या संपूर्ण रामायण को तस्वीरों के जरिए बयां किया जा सकता है। आप शायद सोच रहे होंगे कि ये संभव नहीं है। लेकिन दिल्ली के एक जाने-माने पेंटर महेश वैष्णव ने इस असंभव को संभव कर दिखाया है। जी हां महज 109 तस्वीरों में उन्होंने भगवान श्री राम के जन्म से लेकर उनके राज्याभिषेक एवं राम मंदिर में स्थापित होने तक की पूरी रामायण को तस्वीरों के जरिए बेहद खूबसूरती से उकेरा है। पेंटर महेश वैष्णव के मुताबिक यूं तो भगवान श्री राम एवं रामायण पर अब तक कई पेंटिंग्स बन चुकी है लेकिन उनका दावा है की संपूर्ण रामायण पर दुनिया में इस तरह की यह अनूठी पेंटिंग है जो अब तक किसी ने नहीं बनाई है।

# आत्मा और परमात्मा के मिलन से ही एकत्व स्थापित होता है : सतगुरु माता

**नई दिल्ली,** 27 जनवरी (देशबन्धु)। जीवन में जब परमात्मा का बोध हो जाता है तब आत्मा और परमात्मा के मिलन से एकत्व स्थापित होता है। फिर जीवन में मानवीय गुणों का आना स्वाभाविक हो जाता है। महाराष्ट्र के 57वें वार्षिक निरंकारी सन्त समागम के शुभारंभ में मानवता के नाम दिए संदेश में निरंकारी सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज ने यह उद्गार व्यक्त किए। इस तीन दिवसीय भव्य सन्त समागम में महाराष्ट्र के कोने कोने से एवं देश विदेश से लाखों की संख्या में निरंकारी भक्त एवं अन्य प्रभुप्रेमी शामिल हुए हैं। गणतंत्र दिवस का उल्लेख करते हुए सतगुरु माता जी ने फरमाया कि गणतंत्र दिवस पर अपने देश का संविधान अपनाया गया। इसी तरह अगर मनुष्य मानवीय गुणों का कोई संविधान बना लें और अपने जीवन में लागू करे, तो वास्तव में यह जीवन जीने लायक हो जायेगा। नफ़रत और भेदभावों को छोड़ कर फिर हम प्रेम-नम्रता जैसे दिव्य गुणों को अपनाकर वास्तविक मनुष्य बनकर एक दूसरे का सत्कार करेंगे। केवल किताबी तरीके से नहीं बल्कि ब्रह्मज्ञान द्वारा पूरे ब्रह्मांड के कण कण में, हर एक में परमात्मा को देखकर मानवता का व्यवहार कर पाएंगे। इससे पूर्व आज सुबह नागपुर के



सुमठाणा, हिंगणा स्थित मशहूर मिहान एसईज़ेड़ एवं पतंजली फूड फैक्ट्री के पास वाले विशाल मैदानों में सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज और निरंकारी राजपिता रमित जी के दिव्य आगमन पर श्रद्धालु भक्तों द्वारा एक भव्य शोभा यात्रा का आयोजन किया जिसमें एक ओर भक्तों ने अपने हृदयसम्राट सतगुरु का भावपूर्ण स्वागत किया।


**Public Notice**

I, Vinod Kumar Singh S/o Sh. Ram Ugrah Singh R/o S-7, Second Floor, Front Side, Near Sai Mandir, Khirki Extn., Malviya Nagar, New Delhi-110017, do hereby solemnly affirm declare That my correct name is Vinod Kumar Singh. That Vinod Kumar Singh & Vinod Singh is the one and same person.That it is my true and correct statement.


**आयोजन** *भरतमुनि रंग उत्सव का हुआ आयोजन*

# चार दिनों में 15 नाटकों का सफल मंचन

**नई दिल्ली, 27 जनवरी (देशबन्धु)। साहित्य कला परिषद द्वारा आयोजित चार दिवसीय भरतमुनि रंग उत्सव का एलटीजी सभागार में शानदार समापन हुआ। उत्सव के अंतिम दिन चार नाटकों आर्यश्री आर्य निर्देशित दिल की दुनिया, संजीव अग्निहोत्री निर्देशित ऑडिशन, अविनाश तिवारी निर्देशित लास्ट परफॉर्मेंस और शिव कुंदर निर्देशित बोझ का दिल्लीवासियों ने भरपूर आनंद लिया। नाटक दिल की दुनिया पद्मश्री इस्मत चुगताई की रचना पर आधारित है,**

जिसे आर्यश्री आर्य ने अपने कुशल निर्देशन से और भी दर्शनीय बना दिया। यह कहानी है 1930 के दशक की। इस्मत आपा इसमें गुलाम भारत में महिला सशक्तिकरण की पैरवी करती हुई तत्कालीन सामाजिक बाधाओं की आलोचना करती हैं। कहानी में बाल विवाह के नकारात्मक प्रभाव को दूर करने के लिए शिक्षा की तत्काल जरूरत पर बल दिया गया है। कहानी में निर्देशक आर्य ने मौजूदा परिप्रेक्ष्य में थोड़ी और गहराई दी है। इसके बाद हरिसुमन बिष्ट द्वारा लिखित एवं संजीव अग्निहोत्री निर्देशित नाटक ऑडिशन का मंचन हुआ।



बाल विवाह के नकारात्मक प्रभाव को दूर करने के लिए शिक्षा की तत्काल जरूरत पर दिया बल

फिर अविनाश तिवारी द्वारा निर्देशित एंटोन चेखव की रचना लास्ट परफॉर्मेंस का मंचन हुआ। समापन पवन झा द्वारा लिखित और शिव कुंदर द्वारा निर्देशित बोझ के सफल मंचन से हुआ। निर्देशक इसके जरिये मानव जीवन में अत्यधिक निराशा से उपजे परिणामों का अत्यंत सटीक चित्रण करते हैं। रंग उत्सव के तीसरे दिन चार नाटकों (एक कप चाय, धूप का एक टुकड़ा, बारिश और जेबकतरा) का मंचन हुआ। एक कप चाय नाटक के जरिये राजेश तिवारी ने महिला के कठिन संघर्ष को दिखाया। वहीं, पूजा ध्यानी ने धूप का एक टुकड़ा के जरिये एक महिला की दिलचस्प कहानी पेश की। विजय श्रीवास्तव ने बारिश के जरिये 1950 के दशक के भारत फैशन और जीवनशैली को मंच पर पेश किया। जावेद समीर ने जेबकतरा में एक जेबकतरे की परिवर्तनकारी यात्रा पेश की। दूसरे दिन, सोम्यब्रत भट्टाचार्य ने एस्प्रेसो में कॉफी शॉप में वेटर-ग्राहक की बातचीत के जरिये सामाजिक असमानताओं को उजागर किया। जबकि अनिल शर्मा ने बेबाक मंटो में अच्छे स्वभाव की शोषित तवायफ की उथल-पुथल भरी जिंदगी को दर्शाया।


**ग्रेटर नौएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण**

प्लॉट न0-01, सैक्टर सेक्टर-के0पी0-4, ग्रेटर नोएडा सिटी गौतमबुद्ध नगर।

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि Indian Foreign Services' Welfare Organisation (IFSOWO), के माध्यम से आवंटित भवन/भूखण्ड संख्या-35 at Plot No.-01, Pocket-P6, Builders Area, Greater Noida, G.B. Nagar (U.P.) क्षेत्रफल 750 वर्ग मी0 Mr. Bal Anand S/o Mr. Haridial & Mrs. Aradhana Anand W/o Mr. Bal Anand के पक्ष में आंवटित/पंजीकृत है। मूल आवंटी Mr. Bal Anand S/o Mr. Haridial की मृत्यु दिनांक 29-07-2022 को हो जाने के उपरांत पूर्ण रूप से सह आवंटी (Mrs. Aradhana Anand W/o Late Mr. Bal Anand) ने उक्त भवन को अपने पक्ष में नामांतरण कराने हेतु आवेदन किया है। इस म्यूटेशन के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो इस विज्ञप्ति के प्रकाशन की तिथि से 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराना सूनिश्चित करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में मूल आवंटी Mr. Bal Anand S/o Late Mr. Haridial के स्थान पर पूर्ण रूप से सह आवंटी Mrs. Aradhana Anand W/o Late Mr. Bal Anand के नाम पर दर्ज कर दिया जायेगा।

प्रभारी (ग्रुप हाउसिंग )
ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण

# कैपिटल ज़ोन

**उवाच** “ औद्योगिक क्षेत्र में निर्माण कार्य चल रहे हैं यू पी सीडा तथा 15 वे वित्त से सड़कों का निर्माण कार्य चल रहा है, वसुंधरा जोन के अंतर्गत साहिबाबाद औद्योगिक क्षेत्र साइट 4 झंडापुर में 1000 मी में कार्य किया जा रहा है तथा पूरे मार्ग को धूल मुक्त कर दिया गया है, कवि नगर जोंन के अंतर्गत लोहा मंडी इंडस्ट्रियल एरिया लगभग 1500 मी बुलंदशहर इंडस्ट्रियल एरिया लगभग 900 मी में सड़कों का निर्माण कराया गया है, कार्यों की मॉनिटरिंग संबंधित निर्माण अधिकारियों द्वारा समय-समय पर की जा रही है। **एन के चौधरी, मुख्य अभियंता**

## अनिल यादव को मिली बड़ी जिम्मेदारी

**नोएडा,** 27 जनवरी (देशबन्धु)। कांग्रेस प्रदेश वार रूम में किया गया शामिल, चुनाव में पार्टी की नितियों को जन-जन तक पहुंचाएंगे लोक सभा चुनाव 2024 को लेकर सभी दलों ने अपनी अपनी तैयारी शुरू कर दी है। इसी कड़ी में कांग्रेस पार्टी ने उत्तरप्रदेश के लिए अपने वॉर रूम का गठन कर दिया है। इस 6 सदस्य वॉर रूम के चेयरमैन विधायक वीरेंद्र चौधरी हैं। इसके साथ ही नोएडा के अनिल यादव समेत लोगों को सदस्य बना गया है। कांग्रेस के इस कदम से अब साफ दिखने लगा है कि कांग्रेस ने भी उत्तर प्रदेश में लोक सभा चुनाव के लिए कमर कस ली है। कांग्रेस प्रवक्ता अनिल यादव ने बताया कि इस वॉर रूम का काम प्रदेश स्तर पर लोकसभा चुनाव का संचालन करना होता है। इसके साथ ही राष्ट्रीय नेतृत्व के निर्देशों को लोकसभा स्तर तक पहुंचाने में भी इसकी अहम भूमिका होगी। अनिल यादव ने इस जिम्मेदारी पर खुशी जताते हुए शीर्ष नेतृत्व का धन्यवाद किया है। बता दें कि वॉर रूम में संगठन के विश्वासपात्र और दिग्गज नेताओं को जिम्मेदारी दी जाती है। जिसके चलते नोएडा के अनिल यादव को कम उम्र में यह जिम्मेदारी मिलने को पार्टी का बड़ा संकेत माना जा रहा है । अनिल यादव की पत्नी पंखुड़ी पाठक नोएडा से विधान सभा का चुनाव भी लड़ चुकी हैं। इससे पहले अनिल यादव समाजवादी पार्टी से जुड़े थे। लेकिन विगत विधानसभा चुनावों में उन्होंने कांग्रेस का दामन थाम लिया था। अब वो कांग्रेस प्रवक्ता के साथ लोकसभा चुनाव में वॉर रूम की जिम्मेदारी भी संभालेंगे।

## एयर क्वालिटी इंडेक्स के अंतर्गत निगम का जारी है औद्योगिक क्षेत्रों में सड़कों का निर्माण

**गाजियाबाद,** 27 जनवरी (देशबन्धु)। नगर निगम सीमा अंतर्गत तेजी से सड़कों का निर्माण कार्य औद्योगिक क्षेत्रों में कराया जा रहा है, गुणवत्ता पूर्वक कार्य किया जाए

■ **मानक के अनुरूप गुणवत्ता पूर्वक हों कार्य, निर्माण रखे विशेष ध्यान : नगर आयुक्त**

इसके लिए लगातार निर्माण विभाग के अधिकारी चल रहे कार्य स्थलों का जायजा ले रहे हैं, वायु गुणवत्ता सुधार हेतु औद्योगिक क्षेत्र को धूल मुक्त करते हुए मुख्य मार्गो का निर्माण चल रहा है, उद्योग बंधुओ द्वारा भी निगम का सहयोग किया जा रहा है, वायु गुणवत्ता में सुधार हो इसके लिए निगम द्वारा प्रयास किया जा रहा है।

नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने समय-समय पर निर्माण विभाग के अधिकारियों को कार्य स्थलों पर अपनी नजर बनाए रखने के लिए निर्देश दिए हुए



हैं मानकों के अनुरूप कार्य गुणवत्ता पूर्वक हो इस पर विशेष बल दिया जा रहा है किसी प्रकार की लापरवाही मिलने पर कड़ी कार्रवाई होगी इसके लिए स्पष्ट निर्देश दिए हुए हैं जिसके क्रम में सभी निर्माण के अधिकारी चल रहे कार्यों पर नजर बनाए हुए हैं।

मुख्य अभियंता एन के चौधरी ने बताया गया कि औद्योगिक क्षेत्र में निर्माण कार्य चल रहे हैं यू पी सीडा तथा 15 वे वित्त से सड़कों का निर्माण कार्य चल रहा है, वसुंधरा जोन के अंतर्गत साहिबाबाद औद्योगिक क्षेत्र साइट 4 झंडापुर में 1000 मी में कार्य किया जा रहा है तथा पूरे मार्ग को धूल मुक्त कर दिया गया है, कवि नगर जोंन के अंतर्गत लोहा मंडी इंडस्ट्रियल एरिया लगभग 1500 मी बुलंदशहर इंडस्ट्रियल एरिया लगभग 900 मी में सड़कों का निर्माण कराया गया है, कार्यों की मॉनिटरिंग संबंधित निर्माण अधिकारियों द्वारा समय-समय पर की जा रही है तथा गुणवत्ता पूर्वक कार्य कराया गया है। वायु गुणवत्ता सुधार के लिए गाजियाबाद नगर निगम द्वारा अन्य विभाग के कार्य भी चल रहे हैं जिसमें स्वास्थ्य विभाग, उद्यान विभाग भी अपने-अपने क्षेत्र में कार्य कर रहा है शहर में गुणवत्ता पूर्वक कार्य हो इसके लिए नगर आयुक्त का विशेष रुझान है जिसके लिए विभागीय अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में स्थलीय निरीक्षण भी कर रहे हैं औद्योगिक क्षेत्र में चल रहे कार्यों पर उद्योग बंधुओ द्वारा निगम का धन्यवाद भी जताया गया।

## प्रतिबंधित प्लास्टिक के विरुद्ध निगम ने विजयनगर जोन मे चलाया अभियान, 12500 वसूला जुर्माना

**गाजियाबाद,** 27 जनवरी (देशबन्धु)। नगर निगम द्वारा प्रतिबंधित प्लास्टिक के विरुद्ध अभियान चलाया जा रहा है जिसमें रोस्टर के अनुसार विजयनगर के मार्केट एरिया में अभियान चलाया गया लगभग 6 किलो पॉलिथीन व अन्य प्रतिबंधित प्लास्टिक जब्त की है। अभियान के दौरान आसपास के दुकानदारों तथा क्षेत्रीय निवासियों को भी प्रतिबंधित प्लास्टिक का बहिष्कार करने के लिए जागरूक भी किया गया है कुछ विवाद होने पर लोगों को समझाया भी गया है मौके पर अभियान के अंतर्गत 12500 जुर्माना वसूला है। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने स्वास्थ्य विभाग तथा जोनल प्रभारी को मोटिवेट करते हुए अभियान के साथ-साथ जन जागरूकता फैलाने के लिए भी निर्देश दिए हैं जिसमें प्रतिबंधित प्लास्टिक बहिष्कार करने के लिए अभियान के दौरान शहर वासियों को जागरूक करने के लिए भी कहा गया है। गाजियाबाद नगर निगम की टीम आरंभ 3.0 के अंतर्गत शहर वासियों को प्लास्टिक बहिष्कार के लिए मोटिवेट भी कर रही है।



■ **अभियान के साथ-साथ प्रतिबंधित प्लास्टिक बहिष्कार हेतु जागरूक भी किया जाए : नगर आयुक्त**

विजयनगर जोन अंतर्गत चले अभियान के दौरान मौके पर प्रवर्तन दल, पुलिस बल तथा स्वास्थ्य विभाग तथा जोंन प्रभारी की टीम उपस्थित रही, नगर आयुक्त के निर्देशन में लगातार प्रतिबंधित प्लास्टिक के विरुद्ध निगम की लड़ाई जारी है काफी हद तक कई क्षेत्रों में सुधार भी आया है आगामी महा तक प्रतिबंधित प्लास्टिक को पूर्ण था बंद करने हेतु विशेष अभियान चलाए जाएंगे जिसकी तैयारी चल रही है।

## सार संक्षेप

### भारतीय किसान यूनियन मंच के प्रधान कार्यालय पर तिरंगा फहराया गया




**नोएडा।** प्रधान कार्यालय पर तिरंगा फहराया आज भारतीय किसान यूनियन मंच के प्रधान कार्यालय गांव शाहपुर गौर्वधनपुर पर 75वें गणतन्त्र दिवस पर भारतीय किसान यूनियन मंच के संरक्षक सुरेन्द्र प्रधान, सूरज प्रधान, चरण सिंह प्रधान ने संयुक्त रूप से झंडा फहराया। भारतीय किसान यूनियन मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुधीर चौहान ने कहा कि 26 जनवरी को बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर ओर उनकी टीम के द्वारा लिखित संविधान लागू हुआ संविधान में सभी नागरिकों के लिए न्याय से पहले समानता का अधिकार दिया गया है बात न मानने पर आंदोलन का भी अधिकार है इसलिए आजाद भारत में नोएडा के किसानों का नोएडा प्राधिकरण शोषण कर रहा है। और अपनी बात मनवाने के लिए नोएडा प्राधिकरण के अधिसूचित क्षेत्र में आने वाले 81 गांव के किसान आंदोलन रथ है किसानों ने इस बार ठान लिया है कि जब तक अपना हक नहीं ले लेते तब तक निरंतर आंदोलन करते रहेंगे खाली हाथ घर वापसी नहीं करेंगे। इस अवसर पर राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी अशोक चौहान, महासचिव गौतम लोहिया, यूथ विंग के राष्ट्रीय अध्यक्ष आशीष चौहान, विक्रम यादव, रिंकू यादव, विमल त्यागी, जगबीर भाटी, राकेश चौहान, प्रिंस भाटी, लोकेश चौहान, सूरज आदि पदाधिकारी व किसान मौजूद रहे।

### एमिटी विश्वविद्यालय में मनाया गया गणतंत्र दिवस

**नोएडा।** राष्ट्र और संविधान के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए आज एमिटी विश्वविद्यालय में में 75 वें गणतंत्र दिवस समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एमिटी विश्वविद्यालय की वाइस चांसलर डॉ. बलविंदर शुक्ला और एमिटी ग्रुप वाइस चांसलर डॉ. गुरिंदर सिंह द्वारा ध्वज फहराया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत एमिटी शिक्षण समूह के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. अशोक कुमार चौहान ने छात्रों, शिक्षकों आदि को ऑनलाइन संबोधित किया गया। इस अवसर पर छात्रों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का प्रदर्शन भी किया गया।

### पुलिस ने बदमाश को मारी गोली

**नोएडा।** थाना फेस-2 के पुश्ता रोड पर पुलिस और बदमाश के बीच मुठभेड़ हो गई। बदमाश ने पुलिस पर फायर कर दिया। जवाबी कार्यवाही में पुलिस ने फायर किया। गोली बदमाश के पैर में लगी। उसे गिरफ्तार कर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहां उसका इलाज किया जा रहा है। बदमाश पर 12 से ज्यादा मुकदमे दर्ज है। एडीसीपी सेंट्रल नोएडा हृदेश कठेरिया ने बताया कि शुक्रवार देररात पुलिस थाना फेस-2 में फूल मंडी से पुश्ता रोड पर चैकिंग कर रही थी। इस दौरान एक संदिग्ध मोटर साइकिल सवार को रुकने का इशारा किया गया। मोटर साइकिल सवार नहीं रुका और बदमाश के द्वारा पुलिस पार्टी पर जान से मारने की नियत से फायर किया गया।

## शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने में निगम का सहयोग करेंगे डीवीएफ के वॉलिंटियर्स, नगर आयुक्त से की मुलाकात

**गाजियाबाद,** 27 जनवरी (देशबन्धु)। जनसुनवाई के दौरान नगर आयुक्त से डिजिटल वॉलिंटियर्स फोर्स के पदाधिकारी मिले जिनके द्वारा अपना कदम बढ़ाते हुए शहर की स्वच्छता में सहयोग करने का विषय नगर आयुक्त के समक्ष रखा गया,



नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने उनका स्वागत किया गया तथा शहर के प्रति उनकी भावना का भी सम्मान किया गया। कूड़ा विलोपन, कचरा पृथक्करण, सेकेंडरी पॉइंट का नियमित साफ होना, डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन व अन्य स्वच्छता संबंधित कार्यों में विशेष अभियान के रूप में कार्य करने के लिए टीम का सहयोग किया जाएगा, गगनदीप सिंह, तनुज गंभीर, क्षितिज सिंघल, प्रवीण कुमार, आनंद

■ **स्वच्छता सर्वेक्षण में भी वॉलिंटियर्स की रही सराहनीय भूमिका : विक्रमादित्य सिंह मलिक**

अग्रवाल व अन्य पदाधिकारी उपस्थित हुए।

नगर आयुक्त ने बताया कि गाजियाबाद नगर निगम का सहयोग पूर्व में भी कई सामाजिक संस्थाएं करती आई हैं उन्हीं के सहयोग से गाजियाबाद नगर निगम नंबर वन बना है शहर हित में और अधिक बेहतर कार्य होंगे इसके लिए डीवीएफ टीम भी विशेष कार्य करेगी, मुख्य रूप से जन-जन तक स्वच्छता का संदेश पहुंचने का कार्य किया जाएगा, नगर आयुक्त द्वारा सामाजिक संस्थाओं के कार्यों की सहाना की गई तथा गाजियाबाद नगर निगम का सहयोग कर रहे वॉलिंटियर्स को मोटिवेट भी किया गया अनेकों अन्य संस्थाएं भी हैं जो गाजियाबाद नगर निगम का स्वच्छता अभियान ने कार्यों में सहयोग के लिए प्रतिभाग करना चाह रही हैं, उनके साथ भी आगामी योजना कार्य करने की बन रही है जिससे शहर हित में बेहतर कार्य किया जाएगा।

## उत्तर प्रदेश दिवस का हुआ रंगारंग समापन

**नोएडा,** 27 जनवरी (देशबन्धु)। जनपद में 24 से 26 जनवरी 2024 तक नोएडा के शिल्प हाट में जिला प्रशासन एवं प्राधिकरण के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित हो रहे तीन दिवसीय उत्तर प्रदेश दिवस का डीएम मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतीकरण के साथ समापन किया गया। जिसमें विशेष अतिथि के रूप में एमिनेंट राइटर और एजुकेशन लिस्ट डॉक्टर अंकिता राज उपस्थित रही। उत्तर प्रदेश दिवस आयोजन के तीसरे दिन समापन से पहले सांसद डॉक्टर महेश शर्मा ने यहां पहुंचकर आयोजित हो रहे सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लिया। इस मौके पर विभिन्न विभागों द्वारा योजनाओं, अन्य जनपदों के उत्पादों को लेकर लगाए गए




■ **समृद्ध, आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक विरासत की दिखी झलक**

स्टॉलों को देखा। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश दिवस में प्रदेश की समृद्धि, आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक विरासत की झलक देखने को मिल रही है। स्कूली छात्र-छात्राओं एवं खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरित कर सम्मानित भी किया। उत्तर प्रदेश दिवस के समापन अवसर पर अनुराधा शर्मा के द्वारा समूह नृत्य व नोएडा, ग्रेटर नोएडा एवं यमुना विकास प्राधिकरण के द्वारा अपनी परियोजनाओं का प्रस्तुतीकरण किया गया। विभिन्न सरकारी विभागों द्वारा अपनी-अपनी योजनाओं के संबंध में जानकारी दी गई। शिक्षा विभाग द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। विभिन्न विभागीय योजनाओं से संबंधित लाभार्थियों को प्रमाण पत्रों का वितरण तथा अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। डीएम मनीष वर्मा ने कहा कि उत्तर प्रदेश दिवस का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें उत्तर प्रदेश समृद्ध आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक विरासत से आम जनमानस को रूबरू कराया गया। साथ ही अन्य जनपदों में विख्यात खाद्य पदार्थ एवं उत्पादित उत्पादों की भी जानकारी उत्तर प्रदेश दिवस के अवसर पर स्टॉलों के माध्यम से आम जनमानस को उपलब्ध कराई गई। ताकि उत्तर प्रदेश के निवासी अपने प्रदेश की समृद्ध, आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक विरासत को भली-भांति जान सके।

## रेफ़रल सेंटर बनकर रह गए हैं गाजियाबद के सरकारी अस्पताल

**गाजियाबाद,** 27 जनवरी (देशबन्धु)। राष्ट्रीय जनतासत्ता दल के चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रभारी व वरिष्ठ ईएनटी सर्जन डॉ. बृजपाल त्यागी ने गाजियाबाद के हेल्थ विभाग की व्यवस्था पर सवाल उठाए हैं।



■ **डॉ. बीपी त्यागी ने की मुख्यमंत्री से गहराई से जांच की मांग**

उन्होंने कहा कि सरकारी अस्पताल रेफरल अस्पताल बनकर रह गए हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री से गहराई से जांच की मांग की है।

डॉ. त्यागी ने कहा है कि पिछले कुछ दिनों की स्थिति पर नजर डालें तो गाजियाबद का हेल्थ सिस्टम सवालो के दायरे में आ गया है।

कुछ दिन पहले संजय नगर के कंबाइंड हॉस्पिटल से एक 11 साल की बच्ची को जिसके गले में सिक्का फंसा हुआ था एक प्राइवेट भेज दिया जाता है।

जो की महिंद्रा एनक्लेव में स्थित है। लेकिन बच्चे के पिता हर्ष अस्पताल में जाते है और डॉ. बी पी त्यागी सारा इलाज फ्री कर देते है। क्योकि बच्चा गरीब था और बच्चे को सरकारी अस्पताल से एम्बुलेंस तक नहीं मिलती है। अभी एक मामला ईएसआई साहिबाबाद का है ,एक ईएसआई कार्ड होल्डर की सास को बिना देखे की नोएडा यथार्थ अस्पताल भेज दिया जाता है और उस मरीज़ को हार्ट में स्टंट लगा दिये जाते है व बिल ईएसआई के लिए जेनेरेट कर दिया जाता है। ये दोनों मामले कही न कही अंदर तक घुसे दलाली सिस्टम की और संकेत दे रहे है। ये दोनों मामले एक हफ़्ते के अंदर पकड़ में आना यह दर्शाता है कि माननीय योगी व माननीय मोदी कितना भी पैसा भेजे दलाली तो होगी ही। क्या इन दोनों प्राइवेट हॉस्पिटल्स या दोनों सरकारी हॉस्पिटल की जांच होगी।

क्या ग़रीब ऐसे ही पिस्ता रहेगा और प्राइवेट हॉस्पिटल के दलाल सरकारी अस्पतालों को ऐसे ही पैसा बाटता रहेगा। ये कौन है जो सरकार के पैसे का दुरुपयोग कर रहा है यदि इसकी गहराई से जांच हो जाये तो पूरे नेक्शस का खुलासा सकता है।

## नोएडा प्राधिकरण के सीईओ ने किया ध्वजारोहण

**नोएडा,** 27 जनवरी (देशबन्धु)। देश के 75वें गणतंत्र दिवस के मौके पर नोएडा प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी लोकेश एम ने इंदिरा गांधी कलाकेंद्र में ध्वजारोहण



■ **नोएडा को साफ सुथरा रखना हम सभी की जिम्मेदारी**

■ **दिलाई मजबूत लोकतंत्र बनाने की शपथ**

किया। इसके बाद अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी संजय खत्री ने प्राधिकरण के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों मतदान करने की शपथ दिलाई। सीईओ ने मंच से बोलते हुए कहा कि इस बार नोएडा स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 में प्रतिभाग करने जा रहा है। इस बार देश में प्रथम स्थान लाने के लिए हम सभी मिलकर काम करना होगा। इसके लिए तैयारी पूरी की जाए। इसके बाद उन्होंने नोएडा के इंफ्रास्ट्रक्चर को लेकर बात कही। सबसे पहले सीईओ ने ध्वजारोहण किया इसके बाद राष्ट्रगान हुआ। नोएडा प्राधिकरण पुलिस ने सलामी दी। इस मौके पर प्राधिकरण के सभी एसीईओ, ओएसडी और डीजीएम, वरिष्ठ प्रबंधक आदि अधिकारी मौजूद रहे। सीईओ ने साफ कहा कि इंफ्रास्ट्रक्चर गुणवत्ता पूर्ण बनाए जाए ताकि नोएडा को बेहतर ही नहीं बेस्ट सिटी के रूप में उभरता हुआ देखा जा सके।

## साल 2024 में सस्ते घर देने के लिए तैयार रियल एस्टेट

**नोएडा,** 27 जनवरी (देशबन्धु)। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण एक फरवरी को अंतरिम बजट 2024 पेश करेंगी। रियल एस्टेट के साथ स्टार्टअप्स सेक्टर को इस अंतरिम बजट से आर्थिक सुधार और विकास के साथ ढेर सारी उम्मीदें हैं। मांग की जा रही है कि इस क्षेत्र के लिए वित्तमंत्री निवेश को बढ़ावा देने वाली नीतियों को लेकर आएंगीं। इसके साथ ही प्रत्यक्ष विदेशी निवेश को भी प्रोत्साहित किया जाता है तो इससे सेक्टर को राहत मिलेगी।

फिलहाल हम नए फाइनेंशियल ईयर की दहलीज पर खड़े हैं और रियल एस्टेट सेक्टर भी उत्सुकता से इस अंतरिम बजट का इंतजार कर रहा है। सेक्टर काफी आशा के साथ उन उपायों की उम्मीद कर रहा है जो न केवल विकास को गति देंगे बल्कि रियल एस्टेट सेक्टर के सामने आने वाली चुनौतियों का भी समाधान करेंगे। बजट को लेकर कई उम्मीदें हैं। देश के रियल एस्टेट डेवलपर्स की सबसे बड़ी संस्था क्रेडाई एनसीआर के अध्यक्ष और गौड़ ग्रुप के सीएमडी मनोज गौड़ को भी इस आगामी अंतरिम बजट से कई सारी उम्मीदें हैं। उन्हें इस बार के बजट में होम लोन के टैक्स दायरे को बढ़ाने के साथ-साथ इस सेक्टर को उद्योग का भी दर्जा मिलने की उम्मीद है। गौड़ के अनुसार, भारतीय अर्थव्यवस्था में रियल एस्टेट का हमेशा से महत्वपूर्ण योगदान रहा है। वे इस बजट से होम बॉयर्स और डेवलपर्स के लिए मांग को प्रोत्साहित करने, तरलता संबंधी चिंताओं को दूर करने और नियमों को सरल बनाने के लिए रणनीतिक राजकोषीय उपाय की उम्मीद कर रहे हैं। इस बजट से कई उम्मीदें हैं जो भारतीय रियल एस्टेट सेक्टर को मजबूत करेंगे।

■ **बजट से हैं काफी उम्मीदें, होम लोन की ब्याज दरों में छूट मिले तो बढ़ेगा रोजगार, अर्थव्यवस्था को करेगा मजबूत**

**अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाएगा रियल एस्टेट सेक्टर**

एसकेए ग्रुप के डायरेक्टर संजय शर्मा ने बताया कि आगामी बजट में आयकर छूट की उम्मीद डेवलपर्स के साथ ही घर खरीदारों को भी है। सरकार अगर इस तरह की पॉलिसी लेकर आती है तो इससे रियल एस्टेट सेक्टर पॉजिटिव दिशा में काम करेगा और अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने की ओर अग्रसर होगा। हम यह भी उम्मीद कर रहे हैं कि सरकार इस सेक्टर को 'उद्योग' का दर्जा देने की हमारी पुरानी मांग को मानेगी। देश में सबसे बड़ा सेक्टर होने के नाते, यह दर्जा वित्तीय विकास के साथ-साथ आयकर में छूट में मदद करेगा।

**ब्याज दर की छूट को बढ़ाना जरूरी**

काउंटी ग्रुप के डायरेक्टर अमित मोदी ने कहा कि इनकम टैक्स एक्ट की धारा 24 के तहत होम लोन की ब्याज दरों पर 2 लाख रुपये की टैक्स छूट को बढ़ाकर कम से कम 5 लाख रुपये करना जरूरी है। ऐसा करने से आवास के लिए और अधिक मजबूत बाजार को बढ़ावा मिल सकता है।

## एनएचएआई करेगा नए एक्सप्रेस वे का निर्माण

**नोएडा,** 27 जनवरी (देशबन्धु)। नोएडा-ग्रेटरनोएडा एक्सप्रेस वे के विकल्प के तौर पर नया एक्सप्रेस वे का निर्माण एनएचएआई करेगी। प्राधिकरण ने इसके लिए एनएचएआई को पत्र लिखा है। इसके निर्माण में आने वाला खर्च भी एनएचएआई उठाएगा। निर्माण के बाद खर्चे की लागत विज्ञापन राइट्स के आधार वसूल की जा सकती है। इसका एक मसौदा भी तैयार किया जा रहा है। ये एक्सप्रेस वे 32 किमी का होगा। दिल्ली के कालिंदी कुंज से यमुना एक्सप्रेस वे यानी नोएडा एयरपोर्ट को सीधे कनेक्ट करेगा। प्राधिकरण के अधिकारियों ने बताया कि इस संबंध में एनएचएआई को पत्र लिखा गया है। जिसमें निर्माण और फिजिबिलिटी रिपोर्ट तैयार करने की जिम्मेदारी उनकी होगी। लैंड नोएडा प्राधिकरण की ओर से उनको दी जाएगी। अभी ये तय किया जा रहा है कि एक्सप्रेस वे एलिवेटड बनाया जाए या पुश्ता के सामानान्तर इसका ज्वाइंट सर्वे किया जा चुका है। नोएडा में करीब 28 किमी का हिस्सा इस एक्सप्रेस वे होगा। बाकी 4 किमी का एक पेच बनाया जाएगा

■ **32 किमी का होगा पूरा एक्सप्रेस, लागत भी करेगा वहन, इस सप्ताह आ जाएगी फिजिबिलिटी रिपोर्ट**

ये पेच यमुना एक्सप्रेस वे को जोड़ेगा। जिससे दिल्ली से सीधे नोएडा एयरपोर्ट तक वाहन जा सकेंगे। इसी सप्ताह फिजिबिलिटी रिपोर्ट आ जाएगी। दिल्ली और यमुना एक्सप्रेस को रोटरी के जरिए जोड़ा जाएगा इसका निर्माण भी एनएचएआई ही कराएगा। क्योंकि दिल्ली में इस एक्सप्रेस वे मुबंई बड़ोदरा एक्सप्रेस वे से जोड़ने का प्लान है। इन सभी तथ्यों को मिलाकर ही फिजिबिलिटी रिपोर्ट तैयार की जा रही है। इस बीच ये साफ हो गया कि नोएडा प्राधिकरण इस एक्सप्रेस के निर्माण में काई रकम खर्च नहीं करेगा।

**एक्सप्रेस वे से भार होगा काम नोएडा एयरपोर्ट को मिलेगा नया लिंक**

नोएडा-ग्रेनो एक्सप्रेस वे पर वाहनों का दबाव बढ़ता जा रहा है। व्यस्त समय में वाहन कतार लगकर चलते हैं। वाहनों के बीच गेप काफी कम रहता है। अब इस साल जेवर एयरपोर्ट शुरू होने से वाहनों की संख्या और बढ़ जाएगी। इसको देखते हुए ये एक्सप्रेस वे काफी फायदे मंद होगा। साथ लोगों को बेहतर कनेक्टिविटी मिलेगी।

**छह लेन का होगा नया एक्सप्रेस वे**

समिति की ओर से हाल के दिनों में नए एक्सप्रेस के लिए सर्वे किया गया। ये सर्वे नोएडा के सेक्टर-94 यानी यमुना पुश्ता से लेकर सेक्टर-150 करीब 28 किमी तक का किया गया। यहां दो विकल्प दिए गए। पहला एक्सप्रेस वे समानांतर पुश्ता के साथ एक एक्सप्रेस वे बनाया जाए या फिर मौजूदा एक्सप्रेस वे के ऊपर एलिवेटड एक्सप्रेस वे बनाए। यह सड़क नोएडा के सेक्टर 128, 135, 150, 151, 168 के साथ-साथ ग्रेटर नोएडा के कुछ क्षेत्रों को जाने वाले वाहन चालकों को एक अतिरिक्त कनेक्टिविटी देगा। बता दे पुश्ता सड़क के 11 किलोमीटर के हिस्से का निर्माण पहले से ही किया गया था और जून 2014 में सार्वजनिक रूप से खोला गया था।

## राजाराम जैन को पद्मश्री मिलने पर सेक्टरवासियों ने किया सम्मानित

**नोएडा,** 27 जनवरी (देशबन्धु)। गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर केंद्र सरकार ने नोएडा की जनता को एक बड़ा सम्मान दिया है। केंद्र सरकार की संस्तुति पर पद्मश्री अवार्ड प्राप्त करने वाले महानुभवों की सूची जारी की गई है। इस सूची में नोएडा के साहित्यकार राजाराम जैन का नाम भी शामिल है। साहित्यकार राजाराम जैन को पदमश्री अवार्ड दिया जाएगा। साहित्यकार राजाराम जैन को पद्मश्री अवार्ड मिलने से नोएडा के सेक्टर 34 में हर्ष का माहौल है और लोग साहित्यकार राजाराम जैन को बधाई दे रहे हैं। सेक्टर-34 स्थित नीलगिरि-1 के निवासी राजाराम जैन को पद्मश्री अवार्ड से नवाजा गया। राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने राजाराम जैन को साहित्य तथा शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्यों के लिए पद्मश्री से विभूषित किया है। फेडरेशन ऑफ आरडब्लयूए सेक्टर-34 के महासचिव धर्मेन्द्र शर्मा ने बताया



कि प्रोफेसर राजाराम जैन एक सुप्रसिद्ध साहित्यकार हैं व कई पुस्तकें भी लिख चुके हैं। वे सेक्टर-34 में अपनी बेटी रश्मि जैन के साथ रहते हैं। धर्मेंद्र शर्मा ने बताया कि सेक्टर-34 की सभी 14 आरडब्ल्यूए द्वारा कार्यक्रम करके राजाराम जैन को इस उपलब्धि के लिए सम्मानित किया जाएगा। इस सम्मान के बाद सेक्टर-34 के निवासियों द्वारा आरडब्ल्यूए में खुशी का माहौल है। उनके आवास पर बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है।

उवाच

"सूरजपुर वेटलैंड में इस प्रकृति और पक्षी महोत्सव का आयोजन हो रहा है, यहां पर कई प्रजाति के पक्षी आ रहे हैं, इस शहर के लिए बहुत ही अच्छी जगह है, आने वाले समय में लोग यहां पर आकर घूमना जरुर चाहेंगे।

**मनीष कुमार वर्मा, जिलाधिकारी**





# 33 साल में ग्रेटर नोएडा बन गया मुकम्मल शहर, सुविधाओं की अनदेखी

- ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण को 33वां स्थापना दिवस आज
- दुनियां भर में औद्योगिक शहर के रूप में बनाई अलग पहचान
- रोड कनेक्टीविटी के मामले में भी बना एनसीआर में सबसे आगे

■ देवेंद्र सिंह

**ग्रेटर नोएडा,** 27 जनवरी (देशबन्धु)। आज ग्रेटर नोएडा 33 साल का हो गया है। इन 33 वर्षों में ग्रेटर नोएडा ने निरंतर प्रगति करते हुए दुनियां भर में एक अलग पहचान बनाई है। शहर की मूलभूत सुविधाओं को लेकर पिछले कुछ सालों से प्राधिकरण के अधिकारी संजीदा नहीं है। जिस वजह से प्राधिकरण की पहचान पर ग्रहण लग रहा है। ग्रेटर नोएडा, न सिर्फ औद्योगिक निवेश के प्रमुख केंद्र के रूप में उभरा है, बल्कि रिहायश और शिक्षा के क्षेत्र में भी बाकी शहरों से बहुत आगे निकल चुका है। सिर्फ हरियाली व चौड़ी सड़कें ही यहां की पहचान नहीं रही, बल्कि इससे आगे निकलकर डाटा सेंटर, इलेक्ट्रॉनिक्स मैनुफैक्चरिंग, टैक्सटाइल व रेडीमेड गारमेंट, ऑटोमोबाइल, व्हाइट गुड्स के क्षेत्र में खास मुकाम



हासिल किया है। ग्रेटर नोएडा के सामने कुछ नई चुनौतियां हैं, जिनसे पार पाने के लिए कई तरह से प्रयास किए जा रहे हैं।

### पानी में मिठास घोल रहा गंगाजल

ग्रेटर नोएडा ने साल 2023 में एक बड़ी उपलब्धि हासिल की। साल 2022 के अंत में गंगाजल परियोजना का लोकार्पण करने के बाद इस साल ग्रेटर नोएडा के अनेक सेक्टर में गंगाजल पहुंचने का काम किया गया। इसे चरणबद्ध तरीके से पूरे शहर में पहुंचाया जा रहा है। गंगाजल के आ जाने से भूजल दोहन भी कम हुआ है। इससे भूजल को बचाने में भी मदद मिलेगी।




### रेल-रोड कनेक्टीविटी में सबसे आगे ग्रेटर नोएडा

रोड कनेक्टीविटी के मामले में ग्रेटर नोएडा सबसे बेहतर शहर कहा जाता है। यह शहर ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस वे, नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेस वे, यमुना एक्सप्रेस वे से पहले ही जुड़ा हुआ है। दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस वे और एनएच-91 भी पास से गुजरे हैं। इसके साथ ही यहां की चौड़ी सड़कें अन्य शहरों से कहीं बेहतर हैं। वहीं, दिल्ली-मुंबई इंडस्ट्रियल कॉरिडोर के बनने से रेल कनेक्टीविटी के मामले में भी ग्रेटर नोएडा अन्य औद्योगिक शहर से आगे निकल गया है। यहां से मुंबई के लिए माल ढुलाई भी बहुत जल्द आसान हो जाएगी।

### मोबाइल, गारमेंट्स व डाटा सेंटर हब के रूप में बनी पहचान

वर्तमान समय में ग्रेटर नोएडा की पहचान मोबाइल निर्माता कंपनियों के हब के रूप में हो रही है। ओप्पो, वीवो व सैमसंग जैसी बड़ी कंपनियां यहां से मोबाइल उत्पाद बना रही हैं। देश ही नहीं, दुनियां भर में यहां के निर्मित मोबाइल व उनके उत्पाद निर्यात किए जाते हैं। इससे हजारों लोगों को रोजगार भी मिल रहा है। ग्रेटर नोएडा टैक्सटाइल के प्रमुख केंद्र के रूप में उभरा है। टैक्सटाइल व रेडीमेड गारमेंट्स से जुड़ी सैकड़ों कंपनियां ग्रेटर नोएडा से उत्पाद बनाकर विदेशों को निर्यात कर रही हैं। ये कंपनियां यहां के निवासियों के लिए, खासतौर पर महिलाओं के रोजगार का प्रमुख जरिया बनीं हुई हैं। देश का सबसे बड़ा डाटा सेंटर ग्रेटर नोएडा में बना है। हीरानंदानी ग्रुप ने इसे बनाया है। इस डाटा सेंटर से एक हजार युवाओं को रोजगार व 7000 करोड़ रुपए का निवेश प्राप्त हुआ है। इससे देश के नागरिकों का डाटा सुरक्षित रखने में मदद मिलेगी। डाटा सेंटर क्षेत्र की कई और कंपनियां यहां अपनी इकाई स्थापित करने को आतुर हैं। इसके साथ ही इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र की बड़ी कंपनियां जैसे एलजी व हायर आदि भी ग्रेटर नोएडा में अपने उत्पाद बना रही हैं।





ग्रेटर नोएडा पहचान को और आगे ले जाने के लिए प्राधिकरण प्रयासरत है। ग्लोबल इनवेस्टर्स समिट के जरिए ग्रेटर नोएडा में बड़े पैमाने पर निवेश व रोजगार के द्वार खुलेंगे। उद्योगों को भूखंड उपलब्ध कराने के लिए 8 नए सेक्टर विकसित किए जा रहे हैं। 2024 में इन सेक्टरों को विकसित कर आवंटित करने का लक्ष्य है। मल्टीमॉडल ट्रांसपोर्ट व लॉजिस्टिक हब को धरातल पर उतारने की कोशिश की जाएगी। ग्रेटर नोएडा को स्वच्छ और हरा भरा शहर बनाए रखने के लिए प्राधिकरण के साथ ही हर नागरिक को अपना योगदान देना होगा।

**एनजी रवि कुमार, सीईओ, ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण**

### इंटीग्रेटेड टाउनशिप बनी सबसे स्मार्ट टाउनशिप

डीएमआईसी और ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के संयुक्त उपक्रम इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रियल टाउनशिप ग्रेटर नोएडा लिमिटेड (आईआईटीजीएनएल) की तरफ से करीब 750 एकड़ में इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रियल टाउनशिप विकसित किया गया है। इस टाउनशिप में अब तक 8 कंपनियां अपना प्लांट भी लगा रही हैं। इनमें हायर इलेक्ट्रॉनिक्स, फॉर्मी मोबाइल, सत्कृति इंफोटेनमेंट, चेनफेंग (एलईडी कंपनी), जे. वर्ल्ड इलेक्ट्रॉनिक्स और गुरु अमरदास शामिल हैं। इसे कंपलीट स्मार्ट सिटी के तौर पर विकसित किया गया है। उद्योगों की जरूरत के हिसाब से यहां प्लग एंड प्ले सिस्टम को अपनाया गया है। यह एक ऐसा शहर है, जिसमें आवंटन से पहले ही सभी सुविधाएं विकसित कर दी गई हैं। हर प्लॉट से कूड़ा पाइप के जरिए प्रोसेसिंग प्लांट तक पहुंचेगा। यहां का सर्विलांस सिस्टम पूर्णतया ऑटोमेशन पर काम करेगा।

### मल्टीमॉडल ट्रांसपोर्ट व लॉजिस्टिक हब

बोड़ाकी के पास प्रस्तावित मल्टीमॉडल ट्रांसपोर्ट हब और मल्टीमॉडल लॉजिस्टिक हब ग्रेटर नोएडा को नए मुकाम पर ले जाएंगे। इन दोनों परियोजनाओं के लिए आठ गांवों की जमीन ली जा रही है, जिनमें दादरी, जुनपत, चिटेहरा, कठहेड़ा, पल्ला, पाली, बोड़ाकी व थापखेड़ा शामिल हैं। करीब 478 हेक्टेयर जमीन पर ये दोनों प्रोजेक्ट विकसित किए जाएंगे। मल्टीमॉडल ट्रांसपोर्ट हब के अंतर्गत रेलवे, बस अड्डा व मेट्रो कनेक्टिविटी विकसित की जाएगी। रेलवे टर्मिनल बोड़ाकी के पास ही बनाया जाएगा। यहां से पूरब की ओर जाने वाली अधिकतर ट्रेनें चलेंगी। इससे ग्रेटर नोएडा व आसपास के निवासियों को ट्रेन पकड़ने के लिए दिल्ली, नई दिल्ली और आनंद विहार टर्मिनल नहीं जाना पड़ेगा। ट्रांसपोर्ट हब में ही अंतर्राज्यीय बस अड्डा भी बनेगा। मौजूदा नोएडा-ग्रेनो मेट्रो रूट का विस्तार मल्टीमॉडल ट्रांसपोर्ट हब तक होना है। ट्रांसपोर्ट हब से लोकल बसें भी चलाई जाएंगी। वहीं, लॉजिस्टिक हब से उद्योगों के लिए माल ढुलाई की राह आसान हो जाएगी। नोएडा, ग्रेटर नोएडा व यमुना प्राधिकरण के उद्योगों की जरूरत को देखते हुए यह परियोजना बेहद अहम है। मुंबई, गुजरात आदि जगहों पर जाने में चार से पांच दिन लगता है, इसके शुरू होने के बाद माल डेढ़ दिन में पहुंच सकेगा। लॉजिस्टिक हब में वेयर हाउस भी बनेंगे।



### नागरिक सुविधाओं पर विशेष फोकस

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार के निर्देश पर यहां के निवासियों की जरूरत को ध्यान में रखते हुए प्राधिकरण कई मूलभूत सुविधाओं पर काम कर रहा है। मसलन, ग्रेटर नोएडा के सभी पुराने सामुदायिक केंद्रों को रिपेयर किया जा रहा है। जिन सेक्टरों में अब तक सामुदायिक केंद्र नहीं हैं वहां पर नए बनाए जा रहे हैं। इसी तरह गांवों में बरातघर बन रहे हैं। खेलों को बढ़ावा देने के लिए गांवों में खेल के मैदान विकसित किए जा रहे हैं। रोजमर्रा की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए अलग-अलग सेक्टरों में वेडिंग जोन बनाए जा रहे हैं। विगत वर्ष 5 सेक्टर में वेंडिंग जोन शुरू भी हो चुके हैं। यहां के गांवों को आदर्श ग्राम बनाने पर भी काम चल रहा है।

### स्वच्छता व शहर को चमकाने पर भी जोर

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार के निर्देश पर ग्रेटर नोएडा को पहले से अधिक स्वच्छ शहर बनाने के लिए कई तरह से प्रयास किए जा रहे हैं। ग्रेटर नोएडा का पहला एमआरएफ सेंटर सेक्टर ज्यू 3 में शुरू किया गया है। सॉलिड वेस्ट और सीएंडडी वेस्ट के बाद अब ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ई वेस्ट को भी प्रोसेस कराने पर काम कर रहा है। यहां के नागरिकों को जागरूक करने के लिए लगातार अभियान चलाए जा रहे हैं। सड़कों के किनारे शौचालयों का निर्माण कराया जा रहा है। हर गांव व सेक्टर में स्थित प्रत्येक घरों से कूड़ा उठाने की योजना पर भी काम चल रहा है। ग्रेटर नोएडा की हरियाली को और बेहतर बनाने पर भी जोर है।

### वर्ष 2024 से हैं कई उम्मीदें

ग्रेटर नोएडा के सबसे व्यस्ततम चौराहे चार मूर्ति चौक पर अंडरपास बनाने का काम 2024 में शुरू हो जाएगा। ग्रेटर नोएडा की बिजली की जरूरत को पूरा करने के लिए आठ नए बिजली घर बन रहे हैं। यूपीपीटीसीएल इसका निर्माण कर रहा है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण इसके लिए फंड उपलब्ध करा रहा है। ग्रेटर नोएडा वेस्ट की मेट्रो परियोजना पर इस साल के अंत तक काम शुरू होने की उम्मीद है। 89 फोटो पर ब्रिज भी इस साल यहां के निवासियों को मिल जाएंगे।


**LOST & FOUND**

I, Rajiv Ralhan S/o N.N. Ralhan R/o A-53, Batla Apartment IP Extension Patparganj have lost my Original Registry Paper of Flat No. G-51, Gulmohar Estate, Sector-Pi-1, Greater Noida U.P. Allotment No. BHS0563395

**NAME CHANGE**

I, Sreelecka Kartikeyan Kartha M/o Sun Win R/o A-2401, ACE City, Noida Extension, Greater Noida U.P. have changed my name to Sreelecka .K for all future purposes

पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
पश्चिमी उतर प्रदेश ब्यूरो कार्यालय
209 कृष्णा अपरा प्लाजा अल्फा कॉमर्शियल बेल्ट, ग्रेटर नोएडा
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के लिए संम्पर्क करें
खोया-पाया/ सूचना/ नाम परिवर्तन/ आवश्यकता
फोनः- 0120-4270009

पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के संपर्क करें
क्षेत्रिय कार्यालय रबुपुरा
Mob: 9411492655


Shiv Mahima Enterprises
सभी प्रकार के विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
नाम परिवर्तन, खोया पाया, सूचना, अवश्यकता
Mob.: 9910280173
Off.-221, 2nd Floor, Meridian View Plaza, Alpha Comm. Belt, Gr. Noida


# फिल्म सिटी का निर्माण करने वाली कंपनी का 30 जनवरी को हो जाएगा चयन

- यमुना प्राधिकरण में फिल्म सिटी को लेकर 30 जनवरी को खोला जाएगा फाइनेंशियल बिड
- अक्षय कुमार, बोनी कपूर, टी सीरीज, केसी बोकाडिया ने फिल्म सिटी के विजन को लेकर दिया प्रस्तुतिकरण

**ग्रेटर नोएडा,** 27 जनवरी (देशबन्धु)। यमुना एक्सप्रेस वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण की अंतरराष्ट्रीय फिल्म सिटी परियोजना में शनिवार उत्तर प्रदेश सरकार के औद्योगिक विकास आयुक्त मनोज कुमार सिंह की अध्यक्षता में फिल्म सिटी प्रोजेक्ट हेतु बिड करने वाली चारों कम्पनीज के प्रतिनिधियों द्वारा प्रेज़ेंटेशन दिया गया। इसमें प्रमुख सचिव व अध्यक्ष यमुना प्राधिकरण अनिल कुमार सागर, निदेशक सूचना शिशिर सिंह, अंशुमन त्रिपाठी सहायक निदेशक द्वारा ऑनलाइन तथा प्राधिकरण की तरफ से मुख्य कार्यपालक अधिकारी डॉ अरुण वीर सिंह, अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी क्रमशः कपिल सिंह तथा विपिन कुमार जैन, ओएसडी शैलेंद्र भाटिया, शैलेंद्र कुमार सिंह, सीएलए आरपी गुप्ता, कंसलटेंट कंपनी सीबीआरई सहित अन्य अधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।






कार्यालय सभाकक्ष में फिल्म सिटी परियोजना के अंतर्गत बिड करने वाली चारों कंपनियों द्वारा अपना प्रस्तुतिकरण दिया गया। प्रस्तुतीकरण में विशेषकर कंपनियों द्वारा फ़िल्म सिटी परियोजना को विकसित किए जाने के संबंध में अपना विजन, कॉन्सेप्ट, टाइम लाइन, हाइलाइट्स आदि बिंदुओं पर ज़ोर दिया गया।

बेव्यू प्रोजेक्ट्स के तरफ से बोनी कपूर, आशीष भूटानी,सीईओ भूटानी इंफ्रा, अश्विनी चौटलें एवं अली चौटलें, राजीव अरोड़ा, अरविन्द कुमार बिन्नी द्वारा प्रस्तुतिकरण दिया गया।

लायंस फिल्म्स प्रालि की तरफ से केसी बोकाड़िया एवं उनके सहयोगियों द्वारा फिल्म सिटी परियोजना के संबंध में अपना विज़न प्रस्तुत किया गया।

सुपरसोनिक टेक्नोबिल्ड प्रालि की तरफ से फिल्म अभिनेता अक्षय कुमार द्वारा ऑनलाइन प्रतिभाग किया गया, प्राधिकरण कार्यालय में दिनेश विजन मैडॉक फिल्म्स, दिव्यांशु, अश्विनी सहित चेरीकाउंटी टीम के प्रतिनिधियों द्वारा अपना विजन एवं प्रस्तुतीकरण दिया गया।

सुपर कैसेट्स इंडस्ट्रीज प्रालि (टी सीरीज) की तरफ से विनय कुमार मित्तल सीईओ फिल्म सिटी प्रोजेक्ट, शंकरण कन्नन, लीगल कंसलटेंट और सुधीर शर्मा तथा विवेक द्वारा टी सीरीज कंपनी के विजन, डिज़ाइन, कॉन्सेप्ट का प्रेजेंटेशन प्राधिकरण कार्यालय में दिया गया। चारों कंपनीज को टेक्निकली क्वालीफाइड पाया गया। तथा इस संबंध में निर्णय लिया गया कि 30 जनवरी को दोपहर 2.30 बजे यमुना प्राधिकरण कार्यालय के सभाकक्ष में फाइनेंसियल बिड खोली जाएगी।

बता दें फिल्म सिटी का पहला चरण 230 एकड़ में विकसित किया जाना है। मुख्यमंत्री के ड्रीम प्रोजेक्ट फिल्म सिटी को विकसित करने के लिए चार कंपनियां आगे आई हैं। यमुना प्राधिकरण के सेक्टर-21 में 1000 एकड़ में फिल्म सिटी प्रस्तावित है। पहला चरण 230 एकड़ में विकसित किया जाएगा। परियोजना का पहला चरण अब 230 एकड़ में विकसित होगा। इसमें 1510 करोड़ रुपए खर्च होंगे। यहां फिल्मी गतिविधियों के अलावा विला, सर्विस अपार्टमेंट, मॉल, प्लाजा आदि का निर्माण किया जाएगा।

# सूरजपुर वेटलैंड में प्रकृति व पक्षी महोत्सव का आयोजन

**ग्रेटर नोएडा,** 27 जनवरी (देशबन्धु)। सूरजपुर वेटलैंड बहुप्रतीक्षित प्रकृति और पक्षी महोत्सव की मेजबानी करने के लिए तैयार है। 27 जनवरी से 2 फरवरी तक होने वाला प्रकृति का यह उत्सव, प्रकृति प्रेमियों, पक्षी प्रेमियों और परिवारों के लिए एक आनंददायक अनुभव होगा।। वन विभाग के अधिकारियों ने प्रेस वार्ता में बताया कि यह आयोजन शेविंग्स फाउंडेशन के सहयोग से हो रहा है। इस अस्थान को आम जनता के लिए छुट्टियां बिताने और सर्वोत्तम तरीके से वन्य जीवन की सुंदरता के लिए एक गंतव्य बनाने के लिए अथक प्रयास कर रहे हैं। जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने बताया कि सूरजपुर वेटलैंड में इस प्रकृति और पक्षी महोत्सव का आयोजन हो रहा है, यहां पर कई प्रजाति के पक्षी आ रहे हैं, इस शहर के लिए बहुत ही अच्छी जगह है, आने वाले समय में लोग यहां पर आकर घूमना जरुर चाहेंगे। आयोजक ने बताया कि मॉल, मूवी थियेटर और किडजानिया में जाने के बजाय हमें अपनी प्रकृति को बढ़ावा देना चाहिए और अपने परिवार के सदस्यों को वन पक्षी अभयारण्यों और आर्द्रभूमियों में ले जाना



- वेटलैंड में विभिन्न प्रकार के प्रवासी पक्षियों की बढ़ रहा है आवागमन
- 27 से 2 जनवरी तक आयोजित किया महोत्सव में आयोजित होंगे कई कार्यक्रम

चाहिए। शिविंग्स के संस्थापक मदन मोहित भारद्वाज ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कहा कि 31 जनवरी का प्रकृति और पक्षी महोत्सव वैश्विक हिट होने जा रहा है क्योंकि फिल्म उद्योग, ब्यूरोक्रेसी और वन्यजीवन के प्रसिद्ध लोग प्रकृति और पक्षी महोत्सव में शामिल हो रहे हैं। सूरजपुर वेटलैंड, ग्रेटर नोएडा के मध्य में स्थित, विविध वनस्पतियों और जीवों से भरपूर, प्राकृतिक सुंदरता का खजाना है। प्रकृति और पक्षी महोत्सव का उद्देश्य पर्यावरण जागरूकता और संरक्षण प्रयासों को बढ़ावा देते हुए इस समृद्ध जैव विविधता का प्रदर्शन और जश्न मनाना है। महोत्सव की विशेषताओं में प्रवासी पक्षियों से लेकर स्वदेशी प्रजातियों तक, आर्द्रभूमि पंख वाले निवासियों की के लिए अच्छी जगह है। साथ ही संरक्षण और प्रकृति फोटोग्राफी पर आकर्षक कार्यशालाएं आयोजित की जाएंगी। ये व्यवहारिक सत्र पारिस्थितिक तंत्र के नाजुक संतुलन और प्राकृतिक आवासों के संरक्षण के महत्व पर मूल्यवान अंतर्दृष्टि प्रदान करेंगे। शौकिया और पेशेवर फोटोग्राफरों को एक फोटोग्राफी प्रतियोगिता में भाग लेने आएं जो वन्य जीवन को कैप्चर करते हैं। उत्सव के दौरान विजेता प्रविष्टियों का प्रदर्शन किया जाएगा और उत्कृष्ट योगदान के लिए पुरस्कार दिए जाएंगे।

# किसानों का 30 जनवरी को ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण हल्ला बोल

**ग्रेटर नोएडा,**27 जनवरी (देशबन्धु)। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण कार्यालय पर एक बार फिर किसानों ने हल्ला बोल के लिए कमर कस लिया है। हल्ला बोल को लेकर किसानों ने शनिवार सादोपुर एवं बादलपुर में जनसभा कर किया डोर टू डोर प्रचार-किसानों ने बड़ी संख्या में आंदोलन में हिस्सा लेने का किया ऐलान। बता दें कि किसान सभा 30 जनवरी से दूसरे चरण का आंदोलन शुरू कर रही है 10 फीसदी आबादी प्लाट नए कानून को लागू करना और आबादियों के निस्तारण सहित अन्य मुद्दों को लेकर आंदोलन पक्का मोर्चा लगाकर चलेगा। 30 जनवरी के आंदोलन की तैयारी के सिलसिले में किसान सभा गांव में नुक्कड़ सभाएं पंचायतें जनसभाएं प्रचार अभियान चला रही है। प्राधिकरण ने 10 फीसदी आबादी प्लाट के मुद्दे को सालों लंबित रखा है किसानों में भारी आक्रोश है हजारों की संख्या में किसान आंदोलन में हिस्सा लेंगे। शनिवार इसी सिलसिले में सादोपुर के बाबा समाज खेल मंदिर पर बड़ी पंचायत का आयोजन किया गया जिसमें सैकड़ो महिला पुरुषों नौजवानों ने हिस्सा लिया पंचायत में जिला अध्यक्ष डॉ रुपेश वर्मा ने कहा कि 10 फीसदी प्लाट की लड़ाई अपने अंतिम दौर में है प्रस्ताव बोर्ड बैठक से पास होकर शासन के अनुमोदन के लिए चला गया है जिसे मंजूर करा कर ही किसान सभा दम लेगी किसान सभा के संयोजक वीर सिंह नागर ने कहा कि नये अधिग्रहण कानून के संबंध में प्रस्ताव पास हो चुका है जनसभा और प्रचार में निरंकार प्रधान बिजेंद्र काले, दादा पप्पी रणपाल गुर्जर सुरेश यादव अंकित यादव मोहित नागर दीपक नागर हैप्पी पंडित फिरे नागर राजे नागर मनवीर, राकेश, सुरेंद्र पंडित पप्पू ,अजब सिंह अजीत सिंह तिलक देवी एवं अन्य सैकड़ो लोग उपस्थित रहे शामिल रहे।

# साहित्य

कहानी

# जामुन का पेड़

■ कृष्ण चन्दर



रात को बड़े जोर का अंधड़ चला। सेक्रेटेरिएट के लॉन में जामुन का एक पेड़ गिर पडा। सुबह जब माली ने देखा तो उसे मालूम हुआ कि पेड़ के नीचे एक आदमी दबा पड़ा है।

माली दौड़ा दौड़ा चपरासी के पास गया, चपरासी दौड़ा दौड़ा क्लर्क के पास गया, क्लर्क दौड़ा दौड़ा सुपरिन्टेंडेंट के पास गया। सुपरिन्टेंडेंट दौड़ा दौड़ा बाहर लॉन में आया। मिनटों में ही गिरे हुए पेड़ के नीचे दबे आदमी के इर्द गिर्द मजमा इकट्ठा हो गया।

'बेचारा जामुन का पेड़ कितना फलदार था।' एक क्लर्क बोला।

'इसकी जामुन कितनी रसीली होती थी।' दूसरा क्लर्क बोला।

'मैं फलों के मौसम में झोली भरके ले जाता था। मेरे बच्चे इसकी जामुनें कितनी खुशी से खाते थे।' तीसरे क्लर्क का यह कहते हुए गला भर आया।

'मगर यह आदमी?' माली ने पेड़ के नीचे दबे आदमी की तरफ इशारा किया।

'हां, यह आदमी' सुपरिन्टेंडेंट सोच में पड़ गया।

'पता नहीं जिंदा है कि मर गया।' एक चपरासी ने पूछा।

'मर गया होगा। इतना भारी तना जिसकी पीठ पर गिरे, वह बच कैसे सकता है?' दूसरा चपरासी बोला।

'नहीं मैं जिंदा हूं।' दबे हुए आदमी ने बमुश्किल कराहते हुए कहा।

'जिंदा है?' एक क्लर्क ने हैरत से कहा।

'पेड़ को हटा कर इसे निकाल लेना चाहिए।' माली ने मशविरा दिया।

'मुश्किल मालूम होता है।' एक काहिल और मोटा चपरासी बोला। 'पेड़ का तना बहुत भारी और वजनी है।'

'क्या मुश्किल है?' माली बोला। 'अगर सुपरिन्टेंडेंट साहब हुकम दें तो अभी पंद्रह बीस माली, चपरासी और क्लर्क जोर लगा के पेड़ के नीचे दबे आदमी को निकाल सकते हैं।'

'माली ठीक कहता है।' बहुत से क्लर्क एक साथ बोल पड़े। 'लगाओ जोर हम तैयार हैं।'

एकदम बहुत से लोग पेड़ को काटने पर तैयार हो गए।

'ठहरो', सुपरिन्टेंडेंट बोला- 'मैं अंडर-सेक्रेटरी से मशविरा कर लूं।'

सुपरिन्टेंडेंट अंडर सेक्रेटरी के पास गया। अंडर सेक्रेटरी डिप्टी सेक्रेटरी के पास गया। डिप्टी सेक्रेटरी जाइंट सेक्रेटरी के पास गया। जाइंट सेक्रेटरी चीफ सेक्रेटरी के पास गया। चीफ सेक्रेटरी ने जाइंट सेक्रेटरी से कुछ कहा। जाइंट सेक्रेटरी ने डिप्टी सेक्रेटरी से कहा। डिप्टी सेक्रेटरी ने अंडर सेक्रेटरी से कहा। फाइल चलती रही। इसी में आधा दिन गुजर गया।

दोपहर को खाने पर, दबे हुए आदमी के इर्द गिर्द बहुत भीड़ हो गई थी। लोग तरह-तरह की बातें कर रहे थे। कुछ मनचले क्लर्कों ने मामले को अपने हाथ में लेना चाहा। वह हुकूमत के फैसले का इंतजार किए बगैर पेड़ को खुद से हटाने की तैयारी कर रहे थे कि इतने में, सुपरिन्टेंडेंट फाइल लिए भागा भागा आया, बोला- हम लोग खुद से इस पेड़ को यहां से नहीं हटा सकते। हम लोग वाणिज्य विभाग के कर्मचारी हैं और यह पेड़ का मामला है, पेड़ कृषि विभाग के तहत आता है। इसलिए मैं इस फाइल को अर्जेंट मार्क करके कृषि विभाग को भेज रहा हूं। वहां से जवाब आते ही इसको हटवा दिया जाएगा।

दूसरे दिन कृषि विभाग से जवाब आया कि पेड़ हटाने की जिम्मेदारी तो वाणिज्य विभाग की ही बनती है।

यह जवाब पढ़कर वाणिज्य विभाग को गुस्सा आ गया। उन्होंने फौरन लिखा कि पेड़ों को हटवाने या न हटवाने की जिम्मेदारी कृषि विभाग की ही है। वाणिज्य विभाग का इस मामले से कोई ताल्लुक नहीं है।

दूसरे दिन भी फाइल चलती रही। शाम को जवाब आ गया। हम इस मामले को हार्टिकल्चर विभाग के सुपुर्द कर रहे हैं, क्योंकि यह एक फलदार पेड़ का मामला है और कृषि विभाग सिर्फ अनाज और खेती-बाड़ी के मामलों में फैसला करने का हक रखता है। जामुन का पेड़ एक फलदार पेड़ है, इसलिए पेड़ हार्टिकल्चर विभाग के अधिकार क्षेत्र में आता है।

रात को माली ने दबे हुए आदमी को दाल-भात खिलाया। हालांकि लाइन के चारों तरफ पुलिस का पहरा था, कि कहीं लोग कानून को अपने हाथ में लेकर पेड़ को खुद से हटवाने की कोशिश न करें। मगर एक पुलिस कांस्टेबल को रहम आ गया और उसने माली को दबे हुए आदमी को खाना खिलाने की इजाजत दे दी।

माली ने दबे हुए आदमी से कहा- तुम्हारी फाइल चल रही है। उम्मीद है कि कल तक फैसला हो जाएगा।'

दबा हुआ आदमी कुछ न बोला।

माली ने पेड़ के तने को गौर से देखकर कहा, अच्छा है तना तुम्हारे कूल्हे पर गिरा। अगर कमर पर गिरता तो रीढ़ की हड्डी टूट जाती।

दबा हुआ आदमी फिर भी कुछ न बोला।

माली ने फिर कहा तुम्हारा यहां कोई वारिस हो तो मुझे उसका अता-पता बताओ। मैं उसे खबर देने की कोशिश करूंगा।

मैं लावारिस हूं। दबे हुए आदमी ने बड़ी मुश्किल से कहा।

माली अफसोस जाहिर करता हुआ वहां से हट गया।

तीसरे दिन हार्टिकल्चर विभाग से जवाब आ गया। बड़ा कड़ा जवाब लिखा गया था। काफी आलोचना के साथ। उससे हार्टिकल्चर विभाग का सेक्रेटरी साहित्यिक मिजाज का आदमी मालूम होता था। उसने लिखा था- हैरत है, इस समय जब पेड़ उगाओ' स्कीम बड़े पैमाने पर चल रही है, हमारे मुल्क में ऐसे सरकारी अफसर मौजूद हैं, जो पेड़ काटने की सलाह दे रहे हैं, वह भी एक फलदार पेड़ को! और वह भी जामुन के पेड़ को !! जिसके फल जनता बड़े चाव से खाती है। हमारा विभाग किसी भी हालत में इस फलदार पेड़ को काटने की इजाजत नहीं दे सकता।

अब क्या किया जाए? एक मनचले ने कहा- 'अगर पेड़ नहीं काटा जा सकता तो इस आदमी को काटकर निकाल लिया जाए! यह देखिए, उस आदमी ने इशारे से बताया। अगर इस आदमी को बीच में से यानी धड़ की जगह से काटा जाए, तो आधा आदमी इधर से निकल आएगा और आधा आदमी उधर से बाहर आ जाएगा और पेड़ भी वहीं का वहीं रहेगा।'

'मगर इस तरह से तो मैं मर जाऊंगा !' दबे हुए आदमी ने एतराज किया।

'यह भी ठीक कहता है।' एक क्लर्क बोला।

आदमी को काटने का नायाब तरीका पेश करने वाले ने एक पुख्ता दलील पेश की- 'आप जानते नहीं हैं। आजकल प्लास्टिक सर्जरी के जरिए धड़ की जगह से, इस आदमी को फिर से जोड़ा जा सकता है।'

अब फाइल को मेडिकल डिपार्टमेंट में भेज दिया गया।

मेडिकल डिपार्टमेंट ने फौरन इस पर एक्शन लिया और जिस दिन फाइल मिली उसने उसी दिन विभाग के सबसे काबिल प्लास्टिक सर्जन को जांच के लिए मौके पर भेज दिया गया। सर्जन ने दबे हुए आदमी को अच्छी तरह टटोल कर, उसकी सेहत देखकर, खून का दबाव, सांस की गति, दिल और फेफड़ों की जांच करके रिपोर्ट भेज दी कि, 'इस आदमी का प?लास्टिक आपरेशन तो हो सकता है, और आपरेशन कामयाब भी हो जाएगा, मगर आदमी मर जाएगा।

लिहाजा यह सुझाव भी रद्द कर दिया गया।

रात को माली ने दबे हुए आदमी के मुंह में खिचड़ी डालते हुए उसे बताया अब मामला ऊपर चला गया है। सुना है कि सेक्रेटेरियट के सारे सेक्रेटरियों की मीटिंग होगी। उसमें तुम्हारा केस रखा जाएगा। उम्मीद है सब काम ठीक हो जाएगा।

दबा हुआ आदमी एक आह भर कर आहिस्?ते से बोला- 'हमने माना कि तगाफुल न करोगे लेकिन खाक हो जाएंगे हम, तुमको खबर होने तक।'

माली ने अचंभे से मुंह में उंगली दबाई। हैरत से बोला- 'क्या तुम शायर हो।'

दबे हुए आदमी ने आहिस्ते से सर हिला दिया।

दूसरे दिन माली ने चपरासी को बताया, चपरासी ने क्लर्क को और क्लर्क ने हेड-क्लर्क को। थोड़ी ही देर में सेक्रेटेरिएट में यह बात फैल गई कि दबा हुआ आदमी शायर है। बस फिर क्या था। लोग बड़ी संख?या में शायर को देखने के लिए आने लगे। इसकी खबर शहर में फैल गई। और शाम तक मुहल्ले मुहल्ले से शायर जमा होना शुरू हो गए। सेक्रेटेरिएट का लाइन भांति भांति के शायरों से भर गया। सेक्रेटेरिएट के कई क्लर्क और अंडर-सेक्रेटरी तक, जिन्हें अदब और शायर से लगाव था, रुक गए। कुछ शायर दबे हुए आदमी को अपनी गजलें सुनाने लगे, कई क्लर्क अपनी गजलों पर उससे सलाह मशविरा मांगने लगे।

जब यह पता चला कि दबा हुआ आदमी शायर है, तो सेक्रेटेरिएट की सब-कमेटी ने फैसला किया कि चूंकि दबा हुआ आदमी एक शायर है लिहाजा इस फाइल का ताल्लुक न तो कृषि विभाग से है और न ही हार्टिकल्चर विभाग से बल्कि सिर्फ संस्कृति विभाग से है। अब संस्कृति विभाग से गुजारिश की गई कि वह जल्द से जल्द इस मामले में फैसला करे और इस बदनसीब शायर को इस पेड़ के नीचे से रिहाई दिलवाई जाए।

फाइल संस्कृति विभाग के अलग अलग सेक्शन से होती हुई साहित्य अकादमी के सचिव के पास पहुंची। बेचारा सचिव उसी वक्त अपनी गाड़ी में सवार होकर सेक्रेटेरिएट पहुंचा और दबे हुए आदमी से इंटरव्यू लेने लगा।

'तुम शायर हो उसने पूछा।'

'जी हां' दबे हुए आदमी ने जवाब दिया।

'क्या तखल्लुस रखते हो'

'अवस'

'अवस'! सचिव जोर से चीखा। क्या तुम वही हो जिसका मजमुआ-ए-कलाम-ए-अक्स के फूल हाल ही में प्रकाशित हुआ है।

दबे हुए शायर ने इस बात पर सिर हिलाया।

'क्या तुम हमारी अकादमी के मेंबर हो?' सचिव ने पूछा।

'नहीं'

'हैरत है!' सचिव जोर से चीखा। इतना बड़ा शायर! अवस के फूल का लेखक!! और हमारी अकादमी का मेंबर नहीं है! उफ उफ कैसी गलती हो गई हमसे! कितना बड़ा शायर और कैसे गुमनामी के अंधेरे में दबा पड़ा है!

'गुमनामी के अंधेरे में नहीं बल्कि एक पेड़ के नीचे दबा हुआ' भगवान के लिए मुझे इस पेड़ के नीचे से निकालिए।'

'अभी बंदोबस्त करता हूं।' सचिव फौरन बोला और फौरन जाकर उसने अपने विभाग में रिपोर्ट पेश की।

दूसरे दिन सचिव भागा भागा शायर के पास आया और बोला 'मुबारक हो, मिठाई खिलाओ, हमारी सरकारी अकादमी ने तुम्हें अपनी साहित्य समिति का सदस्य चुन लिया है। ये लो आर्डर की कापी।'

'मगर मुझे इस पेड़ के नीचे से तो निकालो।' दबे हुए आदमी ने कराह कर कहा। उसकी सांस बड़ी मुश्किल से चल रही थी और उसकी आंखों से मालूम होता था कि वह बहुत कष्ट में है।

'यह हम नहीं कर सकते' सचिव ने कहा। 'जो हम कर सकते थे वह हमने कर दिया है। बल्कि हम तो यहां तक कर सकते हैं कि अगर तुम मर जाओ तो तुम्हारी बीवी को पेंशन दिला सकते हैं। अगर तुम आवेदन दो तो हम यह भी कर सकते हैं।'

'मैं अभी जिंदा हूं।' शायर रुक रुक कर बोला। 'मुझे जिंदा रखो।'

'मुसीबत यह है' सरकारी अकादमी का सचिव हाथ मलते हुए बोला, 'हमारा विभाग सिर्फ संस्कृति से ताल्लुक रखता है। आपके लिए हमने वन विभाग को लिख दिया है। अर्जेंट लिखा है।'

शाम को माली ने आकर दबे हुए आदमी को बताया कि कल वन विभाग के आदमी आकर इस पेड़ को काट देंगे और तुम्हारी जान बच जाएगी।

माली बहुत खुश था। हालांकि दबे हुए आदमी की सेहत जवाब दे रही थी। मगर वह किसी न किसी तरह अपनी जिंदगी के लिए लड़े जा रहा था। कल तक सुबह तक किसी न किसी तरह उसे जिंदा रहना है।

दूसरे दिन जब वन विभाग के आदमी आरी, कुल?हाड़ी लेकर पहुंचे तो उन्हें पेड़ काटने से रोक दिया गया। मालूम हुआ कि विदेश मंत्रालय से हुक्म आया है कि इस पेड़ को न काटा जाए। वजह यह थी कि इस पेड़ को दस साल पहले पिटोनिया के प्रधानमंत्री ने सेक्रेटेरिएट के लान में लगाया था। अब यह पेड़ अगर काटा गया तो इस बात का पूरा अंदेशा था कि पिटोनिया सरकार से हमारे संबंध हमेशा के लिए बिगड़ जाएंगे।

'मगर एक आदमी की जान का सवाल है' एक क्लर्क गुस्से से चिल्लाया।

'दूसरी तरफ दो हुकूमतों के ताल्लुकात का सवाल है' दूसरे क?लर्क ने पहले क्लर्क को समझाया। और यह भी तो समझ लो कि पिटोनिया सरकार हमारी सरकार को कितनी मदद देती है। क्या हम इनकी दोस?ती की खातिर एक आदमी की जिंदगी को भी कुरबान नहीं कर सकते।

'शायर को मर जाना चाहिए?'

'बिलकुल'

अंडर सेक्रेटरी ने सुपरिंटेंडेंट को बताया। आज सुबह प्रधानमंत्री दौरे से वापस आ गए हैं। आज चार बजे विदेश मंत्रालय इस पेड़ की फाइल उनके सामने पेश करेगा। वो जो फैसला देंगे वही सबको मंजूर होगा।

शाम चार बजे खुद सुपरिन्टेंडेंट शायर की फाइल लेकर उसके पास आया। 'सुनते हो?' आते ही खुशी से फाइल लहराते हुए चिल्लाया 'प्रधानमंत्री ने पेड़ को काटने का हुक्म दे दिया है। और इस मामले की सारी अंतर्राष्ट्रीय जिम्मेदारी अपने सिर पर ले ली है। कल यह पेड़ काट दिया जाएगा और तुम इस मुसीबत से छुटकारा पा लोगे।'

'सुनते हो आज तुम्हारी फाइल मुकम्मल हो गई।' सुपरिन्टेंडेंट ने शायर के बाजू को हिलाकर कहा। मगर शायर का हाथ सर्द था। आंखों की पुतलियां बेजान थीं और चींटियों की एक लंबी कतार उसके मुंह में जा रही थी।

उसकी जिंदगी की फाइल मुकम्मल हो चुकी थी।

हिंदी लोक-कथा

## लोहा खा गया घुन

एक बार की बात है दो व्यक्ति थे, जिनका नाम था मामा और फूफा। मामा और फूफा दोनों व्यापार करते थे और दोनों व्यापार में सहभागी थे। मामा ने फूफा से कहा, 'फूफा क्यों ना हम कोई ऐसी वस्तु खरीद लें जो जल्दी खराब ना हो और उसकी कीमत भी बढती रहे; फिर हम उसे कुछ वर्षो बाद बेचें जिससे उसके मूलधन से ज्यादा दाम मिले।'

फूफा ने कहा,'ठीक है मामा, तुम्हारी बात तो सही है, पर हम खरीदें क्या?'

उन्होंने आपस में राय-मशवरा किया और लोहा खरीदने का निर्णय लिया। दोनों ने बराबर रूपये मिला कर लोहा खरीदा। फूफा ने मामा से कहा कि लोहा वह कहीं सुरक्षित स्थान पर रख दे।

मामा ने लोहा अपने पास एक पुरानी कोठरी में रख लिया।

कुछ दिन तो लोहा जस का तस रखा रहा पर धीरे-धीरे मामा के मन में लालच आ गया और मामा फूफा को बिना बताये लोहा बेचने लगा।

काफी दिनों बाद फूफा मामा के पास गया और बोला, 'मामा आज लोहे का भाव काफी बढ़ गया है, जल्दी से वह लोहा निकालो, हम इसे बेच-कर आते हैं।'

इस पर मामा बोला, 'फूफा लोहा तो अब कबाड़ घर में नहीं है, क्योंकि लोहे को तो घुन खा गये हैं।'

फूफा समझ गया कि मामा ने उसके साथ धोखा किया है। और उसे बिना बताये सारा का सारा लोहा बेच दिया है। फूफा को क्रोध तो बहुत आया पर वह बिना कुछ कहे-सुने वहां से चला गया.

इस घटना के कुछ दिनों बाद फूफा मामा के पास आया और बोला, 'मामा मैं एक बारात में जा रहा हूँ, बड़ा अच्छा इंतजाम है, अकेला हूँ चाहो तो अपने लड़के को साथ भेज दो, उसकी भी मौज हो जायेगी और कल सुबह तक हम वापस भी आ जायेंगे।'

मामा बोला,'क्यों नहीं, बेशक तुम मेरे लड़के को अपने साथ लेकर जाओ। और हां इसे बारात में अच्छी तरह खाना-वाना खिला देना।'

फूफा बोला, 'यह भी भला कोई कहने की बात है मामा, तुम निश्चिंत रहो।' इस तरह दो दिन बीत गए। मामा का लड़का अभी तक घर वापस नहीं आया। मामा को बहुत चिंता हो गयी की अभी तक उसका लड़का घर वापस क्यों नहीं आया है?

वह अपने लड़के के बारे में जानने के लिए फूफा के पास गया और बोला, 'फूफा मेरा लड़का कहाँ है? वह अभी तक घर वापस क्यों नहीं आया है?'

फूफा ने कहा, 'क्या बताऊँ मामा, रास्ते में एक चील तुम्हारे लड़के को उठा कर ले गयी।'

मामा बोला, 'ये कैसे हो सकता है, भला कोई चील 12 साल के लड़के को उठा कर ले जा सकती है? सीधी तरह मेरा लड़का मुझे वापस करों, नहीं तो मैं राजा भीम के पास जाऊंगा।'

फूफा बोला,'ठीक है मामा, चलो राजा जी के पास चले, अब वही न्याय करेंगे।'

मामला वहां के राजा भीम के सामने पेश हुआ।

राजा भीम ने सारी बात सुनी और आश्चर्यचकित होते हुए फूफा से कहा, 'देखो फूफा तुम झूठ बोल रहे हो, भला कोई चील 12 वर्ष के लड़के को उठा कर अपने पंजों से आसमान में ले जा सकती है?'

इस पर फूफा ने उत्तर दिया,

'कथा कहूँ कथावली, सुनो राजा भीम।

लोहा को घुनन खाय, तो लड़का ले गया चील।'

इस पर राजा भीम सब समझ गये और उन्होंने मामा को आज्ञा दी कि वह फूफा का लोहा वापस कर दे। और फूफा को कहा कि वह लड़के को मामा के पास वापस पहुंचा दे।

# केरल में उम्मीद का संगम

■ बाबा मायाराम

केरल के पालक्कड़ जिले का छोटा सा कस्बा है शोरनूर। जंगल और पहाड़ से घिरा यह इलाका हरा-भरा है। दुरंगी और पथरीली जमीन है। नीला नदी बहती है। उसकी चमकीली रेत में रंग-बिरंगे फूल खिले रहते हैं। यह दृश्य बहुत ही मनमोहक व रमणीय है। यह रमणीयता यहां के बाशिन्दों के लिए आत्मिक ही नहीं, भौतिक भी है। हवा, पानी, मिट्टी, पेड़ जो प्राकृतिक छटा के अंग हैं,उनके जीवनाधार हैं।

हम यहां विकल्प संगम की बैठक में शामिल होने इकट्ठे हुए थे। यह बैठक विकल्प संगम प्रक्रिया की आम सभा से जुड़ी संस्थाओं की सालाना बैठक थी। इसमें उत्तर-दक्षिण,पूर्व-पश्चिम सभी जगह से प्रतिभागी शामिल हुए थे। 12 राज्यों के 25 संगठनों के करीब 40 लोग आए थे। बैठक में पर्यावरणविद्, मैदानी कार्यकर्ता, विद्यार्थी, शोधकर्ता इत्यादि शामिल थे। इसमें प्रकृति, हक, खेती, दलित अधिकार,लैंगिक अल्पसंख्यक अधिकार,जलवायु बदलाव और स्थानीय अर्थव्यवस्था जैसे अलग-अलग मुद्दों पर काम करनेवाले लोग शामिल थे।

मैं कोच्चि से 2 नवंबर की शाम को शोरनूर पहुंचा। उस समय हल्की रिमझिम बारिश हो रही थी। यहां से शोरनूर की दूरी 90 किलोमीटर है। यह मेरी पहली केरल यात्रा थी। दक्षिण के बारे में मेरा कौतूहल प्राकृतिक सुंदरता ही नहीं,यहां के पर्यावरण और सामाजिक आंदोलन भी रहे हैं।

सुबह हम लोग पैदल घूमने गए। जंगल से निकलकर नीला नदी पहुंचे। तटों के दोनों ओर हरियाली और बीच में कल-कल नदी बह रही थी। यह गांव कितना खुशनसीब है कि नजदीक ही पानी मिल जाता है, अन्यथा, भारत के कुछ हिस्से ऐसे हैं,जहां पानी के लिए मीलों भटकना पड़ता है। यह सोचकर मेरा रोमांच कुछ कम हो गया।

विकल्प संगम की आमसभा की बैठक तीन (3 से 5 नवंबर) दिन चली। शोरनूर में स्थित फार्मर शेयर के परिसर में यह बैठक सम्पन्न हुई, जो गांधी के ग्राम स्वराज का एक अच्छा उदाहरण है। तराई में स्थित फार्मर शेयर का घर, बेकार मानी जानेवाली चीजों से बना है, जिसमें साइकिल की रिम, लकड़ी के टुकड़े, और जंगली बीज इत्यादि का इस्तेमाल किया गया है।

यहां प्राकृतिक खेती, बुनाई, मिट्टी के बर्तन और शिल्प का काम होता है। यह एक केन्द्र है जहां युवा हुनर सीखते हैं, टिकाऊ आजीविका पाते हैं और आत्मनिर्भर बनने की राह पकड़ते हैं। यह पहल बताती है कि मनुष्यों की अधिकांश बुनियादी जरूरतें मिट्टी से पूरी होती हैं, इसलिए मिट्टी, पानी, हवा, पेड़ों को बचाना और धरती की





जीवनदायिनी शक्ति को बचाना कितना जरूरी है, जो आज जलवायु बदलाव के दौर में खतरे में पड़ गई है।

आगे बढ़ने से पहले विकल्प संगम क्या है और इसकी जरूरत क्या है, यह जानना उचित होगा। वर्तमान विकास के नाम पर पर्यावरण नष्ट हो रहा है। यह प्रकृति के विनाश और लोभ-लालच पर आधारित है। इससे विस्थापन हो रहा है, आजीविका पर संकट मंडरा रहा है, खेती-किसानी का संकट बढ़ रहा है, गैर-बराबरी बढ़ती जा रही है और असमानता भी बढ़ रही है। ये कुछ ऐसी खामियां हैं, जो विकास के प्रचलित मॉडल से जुड़ी हुई हैं।

विकल्प संगम, इन सबके बावजूद आशा और उम्मीद की तलाश करने का मंच है। यह ऐसी प्रक्रिया है, जिसमें क्षेत्रीय और मुद्दों पर भारत के अलग-अलग हिस्सों में गोष्ठियां होती हैं। विकल्पों पर जो समुदाय, व्यक्ति, समूह और संस्थाएं काम कर रही हैं, उनके अनुभव सुने-समझे जाते हैं और एक-दूसरे से सीखा जाता है। इसके माध्यम से आपस में विचारों का आदान-प्रदान करने, गठजोड़ मजबूत करने और मिल-जुलकर बेहतर भविष्य बनाने की कोशिश की जाती है।

विकल्प संगम का उद्देश्य सिर्फ वैकल्पिक विचारों पर बात करने तक सीमित नहीं है, बल्कि जो जमीन पर विकल्प खड़े हो रहे हैं, उन्हें लोग प्रत्यक्ष रूप से जाकर देखें और उनसे प्रेरणा लें, सीखकर अपनाएं, यह भी सोच है। इसीलिए मुद्दा आधारित संगमों के अलावा क्षेत्रीय संगम भी होते हैं।

यहां सिर्फ बौद्धिक बहसें ही नहीं होती हैं, बल्कि किसान, कारीगर, बुनकर, पशुपालक के अनुभव सुने जाते हैं। यह एक मिला जुला समूह होता है जिसमें युवा, अनुभवी मैदानी कार्यकर्ता, ग्रामीण, महिलाएं, विकलांग इत्यादि, सभी शामिल होते हैं। इन बैठकों में कोई तामझाम नहीं, बल्कि खुलापन व सभी को सुनने का धीरज और जानने की जिज्ञासा होती है। इसमें जो विचार-मंथन होता है, इससे जो ऊर्जा पैदा होती है, उससे इसका विस्तार होता है और प्रेरणा मिलती है।

इस बैठक के दौरान विकल्प संगम के उद्देश्यों का विश्लेषण किया गया। उपसमूह बनाकर प्रतिभागियों के अनुभव और विचार जाने, खेलों के माध्यम से प्रकृति के साथ रहने, सीखने और एक दूसरे से जुड़ने के तरीके सीखे। अनुसंधान और दस्तावेजीकरण को कैसे बेहतर करें, इस पर बातचीत हुई। विकल्प संगम की प्रक्रिया को कैसे सुगम और सुचारू बनाएं, इसका विस्तार कैसे करें, संगठनात्मक प्रक्रिया की बाधाओं को कैसे दूर किया जाए, इस पर विचार किया गया।

इस दौरान जन घोषणा पत्र ( पीपुल्स मेनिफेस्टो) को अंतिम रूप दिया गया, जिसे 18 दिसंबर को दिल्ली में जारी कर दिया गया है। इस घोषणापत्र का उपयोग 2024 के आम चुनावों के लिए किया जाएगा। राज्य स्तर से लेकर ग्राम स्तर तक की जन जागरण के लिए भी किया जाएगा। इसमें सम्मानजनक टिकाऊ आजीविका, पर्यावरण को बिना पहुंचानेवाली आर्थिक नीतियां, जातिवाद और पितृसत्ता सहित हर तरह के भेदभाव से निपटना, हाशिये वाले समूहों के अधिकार सुरक्षित करना और शिक्षा और स्वास्थ्य को प्रमुखता देना शामिल है।

बैठक के दौरान एक दिन दोपहर भोजन के बाद स्वत:स्फूर्त तरीके से सामूहिक गान और नृत्य शुरू हो गया। यहां कोई तमाशबीन नहीं था, जैसे आमतौर होता है। जो भी चाहे यहां गा रहा था और नृत्य में शामिल हो रहा था। सभी नाच रहे थे, स्त्री-पुरूष, युवा और बुजुर्ग भी। यह एक दूसरी संस्कृति है, जो मिटाई जा रही है। यही मुख्यधारा की संस्कृति थी। अभी पूरी तरह समाप्त नहीं हुई है, जो यहां सहज ही दिखाई दे रही थी। मैं सोच रहा था सहज होना ही विकल्प है, कृत्रिम और नकल नहीं।

बैठक के दौरान फार्मर शेयर ने हमें शंखपुष्पी व हिबिस्कस फूलों की चाय पिलाई। बहुत ही लज़ीज और स्वादिष्ट खाना खिलाया। केरल के व्यंजनों से परिचय कराया। केले के पत्ते पर पारंपरिक भोजन कराया, जिसमें पायसम सहित 28 प्रकार के व्यंजन होते हैं। कुछ व्यंजन दही, नारियल से बने होते हैं। हमने पुट्टू ( पिसे चावल का केक) और रंग-बिरंगे चावल का स्वाद लिया। यहां हमने सभी तरह के स्वाद चखे, जैसे खट्टा, मीठा, नमकीन, मसालेदार, कसैला इत्यादि, जिनके स्वाद की अनुभूति लंबे समय तक बनी रहेगी। क्योंकि आजकल हमारा भोजन दो-तीन अनाजों पर ही टिक गया है, जबकि विविधता ही देश की पहचान रही है।

बैठक के आखिरी दिन हमें त्रिचूर जिले में फारेस्ट पोस्ट नामक संस्था के कार्यालय में जाने और उसके काम के बारे में जानने का मौका मिला। इस संस्था की प्रमुख मंजू वासुदेवन ने इसके बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने बताया कि उनकी संस्था काडर आदिवासियों के बीच काम करती है। उनके महिला समूहों के माध्यम से उनकी आर्थिक आमदनी बढ़ाने का काम कर रही हैं। शतावरी का अचार, शहद, अचार, साबुन और बांस की टोकरियां बनाने का काम कर रही हैं। बांस की सुंदर चटाई भी दिखाई।

कुल मिलाकर, विकल्प संगम की प्रक्रिया को वर्ष 2024 में पूरे 10 साल हो जाएंगे। यह प्रक्रिया समाज में उम्मीद की लहर को जीवित रखने की एक छोटी कोशिश है। विकास के नाम पर पर्यावरणीय विनाश और लोभ लालच के खिलाफ नए वैकल्पिक रास्ते की तलाश की जा रही है। प्राकृतिक संसाधनों के ध्वंस से उपजा विकल्प संगम का विचार टिकाऊ विकास और समतामूलक समाज से जुड़ गया है। जो विचार-मंथन बैठक में हुआ, लंबी बैठकों के बीच में खेल और सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने सरसता बनाई, उससे जो ऊर्जा निकली है, उत्साह बना है, वह लोगों को इस दिशा में आगे बढ़ने की प्रेरणा देगा, ऐसी उम्मीद है। **( लेखक स्वतंत्र पत्रकार )**

*प्रकाशक, मुद्रक : राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लि. के लिए 506, आई.एन.एस. बिल्डिंग, 9, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित एवं बीएफएल इंफोटेक लि., सी 9, सेक्टर-3, नोएडा से मुद्रित। सम्पादक : राजीव रंजन श्रीवास्तव, ( पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार )। आर.एन.आई. नं. DELHIN/2008/24216. दिल्ली कार्यालय :फोन: 011-23718195,23357784, फैक्स: 011-43581404, नोएडा कार्यालय: फोन: 0120-4114404 फैक्स: 0120-4273770*

*ई-मेल: deshbandhudelhi@gmail.com वेब: www.deshbandhu.co.in*

# देश विदेश

## अफगानिस्तान के खोस्त से यूएई के लिए उड़ान शुरू

**खोस्त।** अफगानिस्तान के खोस्त अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के अल ऐन के लिए पहली वाणिज्यिक उड़ान शुक्रवार को शुरू हुई। स्थानीय टेलीविजन टोलोन्यूज ने शनिवार को अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी। टोलोन्यूज ने कहा, हवाई अड्डे से हर सप्ताह दो विमान उड़ान भरेंगे। यात्री अधिक उड़ानों की मांग कर रहे थे। यूएई स्थित एयरलाइन फ्लाईदुबई ने दो साल से अधिक के निलंबन के बाद पिछले नवंबर में दुबई से काबुल के लिए उड़ानें फिर से शुरू कीं।

# पाकिस्तान में पीएमएल-नवाज ने जारी किया घोषणापत्र

- देश में आठ फरवरी को होने वाले है आम चुनाव
- जनता से 'सस्ती बिजली देने का किया वादा
- युवाओं के कौशल में सुधार के लिए योजनाएं लाएंगे



**लाहौर,** 27 जनवरी (एजेंसियां)। पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के सप्रीमो एवं पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ ने शनिवार को बहुप्रतीक्षित चुनाव घोषणापत्र जारी किया। देश में आठ फरवरी को आम चुनाव होने वाले हैं। आम चुनाव के लिए दो सप्ताह से भी कम का समय रह गया है। श्री नवाज ने लाहौर में एक पार्टी कार्यक्रम में बोलते हुए कहा कि पीएमएल-एन का घोषणापत्र 'महान प्रयासों' के बाद तैयार किया गया है। उन्होंने कहा कि अगर सत्ता में उनकी वापसी होने पर इसे 'पूरी तरह से लागू' किया जाएगा। पूर्व प्रधानमंत्री ने पार्टी के विस्तृत घोषणापत्र को सोशल मीडिया एक्स पर भी साझा किया। उन्होंने पीएमएल-एन के पिछले कार्यकाल को याद करते हुए कहा कि उस समय मुद्रास्फीति सामान्य थी। वर्तमान में देश की मुद्रास्फीति आसमान छू रही है। श्री शरीफ ने कहा अगर उनकी पार्टी सत्ता में आयी तो जनता को 'सस्ती और बढ़ी हुई बिजली' के साथ-साथ देश के विकास में तेज लाने का वायदा किया हैं। युवाओं को खुश करने के लिए पार्टी ने उनके कौशल में सुधार लाने और साक्षरता में सहायता करने के उद्देश्य से कई परियोजनाएं और योजनाएं शुरू करने का भी वादा किया। पूर्व प्रधानमंत्री ने घोषणापत्र जारी तब किया किया जब पार्टी के राजनीतिक प्रतिद्वंद्वियों, विशेष रूप से पीपीपी अध्यक्ष बिलावल भुट्टो ने आम चुनाव में दो सप्ताह से भी कम समय होने के बावजूद पीएमएल-नवाज की ओर से अपने एजेंडे का खुलासा नहीं करने के लिए उस पर बार-बार हमला किया। श्री भुट्टो ने तंज कसते हुए कहा, यह कैसा लोकतंत्र और चुनाव है जहां एक पार्टी के पास घोषणापत्र है और दूसरी पार्टी जो चौथी बार प्रधानमंत्री पद के लिए अपना उम्मीदवार खड़ा कर रही है और वह कहती है कि उनका पुराना घोषणापत्र अभी भी वैध है। वे आपको यह भी नहीं बता सकते कि अगर उन्हें किसी तरह चौथी बार फिर से सत्ता में आने का मौका मिलता है तो वे क्या करेंगे।

## दूतावासों में लौटे ईरानी व पाकिस्तानी राजदूत

**तेहरान।** पाकिस्तान में ईरानी राजदूत रेजा अमीरी मोकद्दम दोनों पड़ोसियों के बीच थोड़े तनाव के बाद अपने राजनयिक कर्तव्यों को फिर से शुरू करने के लिए इस्लामाबाद लौट आए हैं। दोनों देशों के बीच हालिया तनाव बढ़ने से पहले वह 16 जनवरी को इस्लामाबाद से ईरान के लिए रवाना हुए थे। ईरान की आधिकारिक समाचार एजेंसी आईआरएनए ने शुक्रवार को ईरानी राजनयिक के हवाले से कहा कि ईरान और पाकिस्तान के बीच गहरे रिश्ते उनके संबंधों को प्रभावित करने वाले मुद्दों को सुलझाने में मदद कर सकते हैं। शिन्हुआ समाचार एजेंसी ने आईआरएनए के हवाले से बताया कि राजदूत ने यह भी उम्मीद जताई कि दोनों देश आतंकवाद का मुकाबला करने के लिए सहयोग करेंगे। आईआरएनए ने यह भी बताया कि ईरान में पाकिस्तान के राजदूत मुहम्मद मुदस्सिर टीपू शुक्रवार को तेहरान वापस चले गए। ईरान और पाकिस्तान ने सोमवार को एक संयुक्त बयान में कहा कि वे शुक्रवार तक अपने राजदूतों को वापस भेजने पर सहमत हुए हैं।

# इराक, अमेरिका ने मिशन खत्म करने के लिए बातचीत का पहला दौर शुरू किया



- इराक उच्च सैन्य आयोग बनाने के लिए अमेरिका के साथ सहमत

**बगदाद,** 27 जनवरी (एजेंसियां)। इराक में अमेरिकी नेतृत्व वाले अंतर्राष्ट्रीय गठबंधन के मिशन को खत्म करने पर चर्चा के लिए बातचीत का पहला दौर शनिवार को शुरू हुआ। यह बात इराकी सरकार ने कही। इराकी प्रधानमंत्री मोहम्मद शिया अल-सुदानी के मीडिया कार्यालय के एक बयान में कहा गया है कि अल-सूदानी ने अधिक विवरण दिए बिना वार्ता के पहले दौर की शुरुआत को प्रायोजित किया, जबकि एक तस्वीर प्रकाशित की जिसमें अल-सूदानी एक बैठक की अध्यक्षता करते हुए दिखाई दे रहे हैं, जिसमें इराकी सैन्य अधिकारी और अमेरिकी अधिकारी वरिष्ठ शामिल थे। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, गुरुवार को इराक ने कहा कि वह इराक में अमेरिकी नेतृत्व वाले अंतर्राष्ट्रीय गठबंधन के मिशन के अंत पर चर्चा करने के लिए उच्च सैन्य आयोग बनाने के लिए अमेरिका के साथ सहमत है। इराक ने नोट किया कि आयोग इस्लामिक स्टेट द्वारा उत्पन्न खतरे का आकलन करेगा और इराकी सुरक्षा बलों की क्षमताओं का मूल्यांकन करेगा, ताकि इराक में अंतर्राष्ट्रीय गठबंधन सलाहकारों की क्रमिक कमी और गठबंधन के सैन्य मिशन की समाप्ति के लिए एक स्पष्ट समय सारिणी तैयार की जा सके।

## सुडोकू 6449

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | | 8 | | | 5 | |
| 6 | | 4 | | | 7 | | | 9 |
| 5 | | 1 | | | 2 | | 6 | |
| | | | | 2 | 3 | | | |
| | | | 4 | | 9 | | | |
| | | | 6 | 5 | | | | |
| | 6 | | 8 | | | 2 | | 7 |
| 3 | | | 7 | | | 6 | | 5 |
| | 4 | | | 6 | | | 9 | |

**: नियम :**
1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम, कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## वर्ग पहेली 6449

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | | २ | | ३ | ■ | ४ | | ५ | |
| | ■ | | ■ | ६ | | | ■ | | ■ |
| ७ | | | ■ | | ■ | ८ | | | ९ |
| | ■ | | ■ | १० | | | ■ | ■ | |
| ■ | ११ | | १२ | | ■ | ■ | १३ | | |
| ■ | | ■ | | ■ | १४ | | | ■ | |
| १५ | | १६ | | ■ | | ■ | १७ | १८ | |
| | ■ | | ■ | १९ | | २० | ■ | | ■ |
| २१ | | | ■ | | ■ | २२ | | | २३ |
| | ■ | २४ | | | | ■ | ■ | ■ | |

**बायें से दायें:-**
१. अपहरण करने वाला, चोर, डाकू
४. किसी मार्ग-पुल पर से आवागमन करने पर लगने वाला कर
६. आंखों के सामने
७. किसी वस्तु के निर्माण आदि पर होने वाला खर्च
८. विद्यालय
१०. प्रमाणित (उर्दू)
११. परिवर्तित होना या करना
१३. लालच
१४. सूर्य
१५. दूर करना, हटाना
१७. यूनान का निवासी
१९. प्रकाश, उजाला
२१. विनाश, बर्बादी (उर्दू)
२२. व्यापार (उर्दू)
२४. नपुंसक, हिजड़ा

**ऊपर से नीचे:-**
१. कामना, हसरत
२. इच्छुक, जिसे आवश्यकता हो (उर्दू)
३. कुलबुलाना
४. तरफदारी
५. झगड़ालू स्त्री
९. लाख का बना घर जिसे दुर्योधन ने पांडवोंको जीवित जलानेकेलिए बनवाया था
११. झगड़ा, उपद्रव, दंगा (उर्दू)
१२. आसार
१३. वह उपसर्ग जैसा शब्द जो किसी धातु या मूल शब्द के अंत में कोई संज्ञापद, क्रियापद, अव्यय का विशेषण बनाने के लिए लगाया जाता है
१४. हुक्म, आज्ञा,
१५. घर, मकान
१६. नीरस
१८. वर्ष, साल
१९. दिलचस्प, रुचिकर
२०. वह आधारभूत सिद्धांत जिसके अनुसार कोई कार्य संचालित किया जाए
२३. दलील

## वर्ग पहेली-6448

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ अ | हि | २ त | क | ३ र | ■ | ४ अ | भि | ५ क | र्ता |
| चे | ■ | र | ■ | ६ थ | म | ना | ■ | ले | ■ |
| ७ त | र | फ | ■ | वा | ■ | ८ मि | थ्या | वा | ९ दी |
| न | ■ | दा | ■ | १० ह | ल | का | ■ | ■ | प |
| ■ | ११ भ | र | १२ स | क | ■ | ■ | १३ त | र्जु | मा |
| ■ | ला | ■ | हा | ■ | १४ ग | रि | मा | ■ | लि |
| १५ भा | ई | १६ चा | रा | ■ | ग | ■ | १७ म | १८ लि | का |
| ग्य | ■ | टु | ■ | १९ अ | न | २० ल | ■ | लि | ■ |
| २१ वा | टि | का | ■ | र्च | ■ | २२ ल | ट | क | २३ ना |
| न | ■ | २४ र | च | ना | त्म | क | ■ | ■ | री |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

- बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : रविवार 28 जनवरी, 2024 माघ कृष्ण पक्ष 3

### राशिफल

मेष -आपको अपने उग्र स्वभाव और जिद पर काबू रखना होगा। आप परिश्रमी बने रहेंगे। हालांकि परिश्रम का फल नहीं मिलने से आप निराश हो सकते हैं। आपका स्वास्थ्य खराब होने की भी आशंका बनी रहेगी।

वृषभ -आज आप बहुत आत्मविश्वासी बने रहेंगे। इससे हर काम बहुत आसानी से पूरे हो सकेंगे। विद्यार्थियों की रुचि पढ़ाई में लगी रहेगी। सरकारी कामकाज में आप सफलता प्राप्त कर सकेंगे। संतान पर पैसे खर्च होंगे।

मिथुन -दिन का आरंभ ही ताजगी से होगा। आपको किस्मत का साथ मिलेगा। विचारों में अस्थिरता की वजह से उलझन में आ सकते हैं। नए काम शुरू कर सकेंगे। मित्रों, सगे- सम्बंधियों और पड़ोसियों के साथ सम्बंध अच्छे रहेंगे।

कर्क -आज आप किसी बात से भयभीत रहेंगे। परिवार के सदस्यों के साथ मतभेद या मनमुटाव होने की ?आशंका है। आपका अभिमान किसी के दिल को ठेस पहुंचा सकता है, इसलिए वाणी पर नियंत्रण रखें।

सिंह -आपका आत्मविश्वास काफी प्रबल होने से आप किसी भी तरह का निर्णय जल्दी ले सकेंगे। इससे आपकी प्रगति का मार्ग आसान होगा। मान- सम्मान में वृद्धि होगी।

कन्या -आज आप किसी चिंता में रह सकते हैं। किसी के साथ वाद-विवाद होने से आपका अपमान हो सकता है। अचानक खर्च आ सकता है। वैवाहिक जीवन में मतभेद होने की आशंका है।

तुला -आज आपको कोई शुभ फल की प्राप्ति होगी। हर काम में भाग्य का साथ मिलेगा। मित्रों से मिलने का अवसर मिलेगा। कहीं बाहर घूमने- फिरने का मज़ा ले सकेंगे। परिवार में खुशी के पल बिताएंगे।

वृश्चिक -अब आप पारिवारिक जीवन की वास्तविकता को समझ सकेंगे। घर में खुशी का वातावरण रहेगा। प्रत्येक काम में सफलता मिलेगी। व्यापार में अच्छे अवसर मिलेंगे। आय में वृद्धि हो सकेगी। नौकरी में प्रगति हो सकेगी।

धनु -आज आप अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें। काम में उत्साह कम रहेगा। मानसिक रूप से भयभीत रहेंगे। संतान संबंधी समस्या परेशान करेगी। नौकरी तथा व्यवसाय में भी किसी समस्या का सामना करना पड़ेगा।

मकर -आज नकारात्मक विचारों से दूर रहें। कठिन परिस्थिति से बाहर निकलने के लिए शांत स्वभाव से काम लेना पड़ेगा। भागीदारों के साथ मतभेद हो सकता है। अचानक प्रवास का योग है। उसमें पैसे खर्च होंगे।

कुंभ -आज आनंद- उत्साह से भरपूर रहेंगे। आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। काम में सफलता मिलेगी। उत्साह और उमंग होने से काफी ऊर्जावान महसूस करेंगे। किसी प्रिय व्यक्ति से मिल सकेंगे और रोमांस के पल बिता सकेंगे।

मीन -दृढ़ मनोबल और आत्मविश्वास के कारण काम में सफलता मिलेगी। परिवार में सुख- शांति बनी रहेगी। आपका क्रोध आपकी वाणी और व्यवहार में दिख सकता है। नौकरी करने वालों को कार्यस्थल पर सम्मान प्राप्त होगा।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

# आईडीएफ के हमले में गाजा के खान यूनिस में कई लड़ाके मारे गए

- इजराइल ने आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया



**गाजा,** 27 जनवरी (एजेंसियां)। इजराइल डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) ने शनिवार को कहा कि उसने दक्षिणी गाजा पट्टी के खान यूनिस शहर में हमास के कई ठिकानों को निशाना बनाया जिसमें कई सशस्त्र लड़ाके मारे गए। आईडीएफ ने एक बयान में कहा, खान यूनिस में आईडीएफ सैनिकों ने आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया, जिसमें एक हथियार भंडारण सुविधा भी शामिल थी। वहां बड़ी मात्रा में गोला-बारूद, बंदूकें और विभिन्न तकनीकी इमारतें स्थित थीं। आईडीएफ सैनिकों के विमान हमले में तीन आतंकवादी मारे गए जो बगल में विस्फोटक लगाने का काम कर रहे थे। आईडीएफ ने कहा कि सैनिकों ने शहर में असॉल्ट राइफलों और रॉकेट लॉन्चरों से लैस कई हमास लड़ाकों को मार डाला। पिछले वर्ष नवंबर में इजरायली रक्षा मंत्री योव गैलेंट ने कहा था कि हमास एन्क्लेव के उत्तरी हिस्से में हार गया है और इजरायली सेना अब गाजा पट्टी के केंद्र और दक्षिण में चली जाएगी। इज़रायली सेना का दावा है कि गाजा पट्टी पर इज़रायली आक्रमण के बाद से तीन महीनों में लगभग नौ हजार हमास लड़ाकों का सफाया कर दिया गया है। विभिन्न अनुमानों के अनुसार हमास लड़कों की कुल संख्या 30,000 से 40,000 के बीच है। गाजा पट्टी को सात अक्टूबर को नियंत्रित करने वाले हमास आंदोलन ने इज़राइल के खिलाफ बड़े पैमाने पर रॉकेट हमला किया और सीमा का उल्लंघन किया, नागरिक पड़ोस और सैन्य ठिकानों दोनों पर हमला किया। परिणामस्वरूप, इजरायल में 1,200 से अधिक लोग मारे गए और लगभग 240 अन्य का अपहरण कर लिया गया।

## फिलीपींस में मुठभेड में नौ संदिग्ध आतंकवादी ढेर

**मनीला।** दक्षिणी फिलीपींस के लानाओ डेल सुर प्रांत में सैनिकों ने मुठभेड़ के दौरान नौ संदिग्ध आतंकवादियों को मार गिराया। एक सैन्य प्रवक्ता ने शनिवार को यह जानकारी दी। फिलीपींस की सेना के कर्नल लुई डेमा-अला ने कहा कि सरकारी बलों ने गुरुवार को मुस्लिम मिंडानाओ के बंगसामोरो स्वायत्त क्षेत्र में स्थित एक शहर में संघर्ष के दौरान इस्लामी सशस्त्र समूह दौला इस्लामिया के कथित सदस्यों को मार गिराया। प्रवक्ता ने कहा कि 15 में से नौ आतंकवादियों के मारे जाने की पुष्टि हो गई है। इनमें से दो दिसंबर 2023 में मरावी शहर में हुए बम विस्फोट में कथित तौर पर शामिल थे। उन्होंने कहा कि सैनिकों ने फरार होने वाले आतंकवादियों की आठ उच्च शक्ति वाली बंदूकें बरामद कर ली गयी हैं।

# यूक्रेन से दागी गई मिसाइल की चपेट में आया विमान : रूस



**मॉस्को,** 27 जनवरी (एजेंसियां)। रूस की जांच समिति ने कहा है कि आईएल-76 सैन्य विमान पर यूक्रेन के खार्कोव क्षेत्र से लॉन्च की गई मिसाइल से हमला किया गया था।

समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने एक टेलीग्राम पोस्ट का हवाला देते हुए बताया कि समिति ने शुक्रवार को कहा कि जांच से पता चला है कि आईएल-76 विमान को निशाना बनाने के लिए जिस एंटी-एयरक्राफ्ट मिसाइल सिस्टम का इस्तेमाल किया गया था, वह खार्कोव क्षेत्र के लिपत्सी गांव में स्थित था। इसमें कहा गया है कि बेलगोरोड में विमान के दुर्घटनास्थल पर दस्तावेज पाए गए, जो मारे गए यूक्रेनी सैन्यकर्मियों के हैं। इस बीच, रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा कि आईएल-76 विमान पर हमला करने वाली मिसाइल स्पष्ट रूप से यूक्रेनी पक्ष द्वारा नियंत्रित क्षेत्र से दागी गई थी। पुतिन ने कहा, यूक्रेनी नेताओं को पता था कि विमान में यूक्रेनी कैदी सवार हैं। 65 यूक्रेनी कैदियों, चालक दल के छह सदस्यों और उनके साथ आए तीन लोगों को ले जा रहा एक रूसी आईएल-76 परिवहन विमान बुधवार को देश के बेलगोरोड क्षेत्र में दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

## रूसी सेना ने यूक्रेन के इशहर कुपियांस्क पर किया हमला

**कीव।** रूसी सेना ने 26 से 27 जनवरी की मध्यरात्रि को यूक्रेन के खार्किव ओब्लास्ट के कुपियांस्क शहर पर बमबारी की और अग्निशामकों ने हमले के कारण लगी आग को बुझा दिया। यूक्रेन की राज्य आपातकालीन सेवा ने शनिवार को यह जानकारी दी। हमले के परिणामस्वरूप लगभग 100 वर्ग मीटर के कुल क्षेत्रफल में दो आवासीय भवनों और दो गैरेज में चार बार आग लग गई। यूरोपियन प्रावदा की रिपोर्ट के अनुसार, राज्य आपातकालीन सेवा ने आग बुझाने के लिए चार अग्नि उपकरणों और 15 अग्निशामकों को तैनात किया।

## रवांडा में नाव दुर्घटना में 11 की मौत, चार लापता

**किगाली,** 27 जनवरी (एजेंसियां)। रवांडा के पूर्वी इलाके में एक नदी में नाव पलटने से कम से कम 11 लोगों की मौत हो गयी है और चार अन्य लापता हैं। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। यह दुर्घटना शुक्रवार शाम को रवामागाना जिले में मुगेसेरा नदी में हुई। स्थानीय अधिकारियों के अनुसार नाव पर मुख्य रूप से वे किसान जो नगोमा जिले के रुकुम्बरी सेक्टर में अपनी उपज की कटाई करके रवामागाना जिले की ओर लौट रहे थे,सवार थे इस दौरान तेज हवा के कारण नाव पलट गई। जिले के मेयर रादजाब मोबोन्यूमुवुनी ने संवाददाताओं को बताया, नाव में 46 यात्री सवार थे। शनिवार सुबह तक 11 शव बरामद किए गए जबकि 31 लोगों को बचा लिया गया। श्री मोबोन्यूमुवुनी ने आशंका जतायी कि क्षमता से अधिक लोगों के सवार होने से नाव पलट गयी। उन्होंने कहा, चार और लोगों की तलाश जारी है।

## आज का इतिहास

1813 – यूनाइटेड किंगडम (ब्रिटेन) में पहली बार 'प्राइड एंड प्रेजुडिस' किताब का प्रकाशन हुआ।
1835 – पश्चिम बंगाल में कलकत्ता मेडिकल कॉलेज की शुरुआत हुई।
1860 – ब्रिटेन ने औपचारिक रूप से निकारागुआ को मास्क्विटो तट लौटा दिया।
1865 – स्वतंत्रता सेनानी लाला लाजपत राय का जन्म।
1878 – 'येल डेली न्यूज़' ब्रिटेन में प्रकाशित होने वाला पहला दैनिक समाचारपत्र बना।1878 – अमेरिका के न्यू हेवन में पहला टेलीफोन एक्सचेंज बना।
1887 – फ्रांस की राजधानी पेरिस में एफिल टॉवर का काम शुरू।
1909 – क्यूबा पर से अमेरिका का नियंत्रण समाप्त हो गया।
1909 – सेना के 'प्रथम भारतीय सेनाध्यक्ष' के.एस. करियप्पा का जन्म।
1926 – हिन्दी के प्रसिद्ध साहित्यकार, सफल सम्पादक, संस्कृत के प्रकाण्ड विद्वान और जाने-माने भाषाविद विद्यानिवास मिश्र का जन्म।
1928 – देश के प्रमुख फिजिस्?ट राजा रामन्?ना का जन्?म हुआ था।
1930 – भारतीय शास्त्रीय संगीत के विश्वविख्यात गायक पंडित जसराज का जन्म।
1932 – जापानी सेना ने शंघाई (चीन) पर कब्जा किया।
1933 – चौधरी रहमत अली ख़ाँ ने मुस्लिम लीग की मांग के तहत बनने वाले अलग राष्ट्र के लिए पाकिस्तान का नाम सुझाया।
1935 – आइसलैंड गर्भपात को क़ानूनी स्वीकृति देने वाला पहला देश बना।
1939 – आयरिश कवि विलियम बटलर योटस का निधन।
1942 – जर्मनी की सेना ने लीबिया के बेंगाजी पर कब्जा किया।

**विरोध** हाउती के अधिकारियों पर अमेरिका व ब्रिटेन के प्रतिबंधों को खारिज किया

# यमन में फिलिस्तीन के प्रति समर्थन जताते हुए किए बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन



**सना,** 27 जनवरी (एजेंसियां)। हाउती समूह का समर्थन करने वाले हजारों यमन के नागिरकों ने फिलिस्तीनियों के साथ एकजुटता दिखाते हुए शुक्रवार को जबरदस्त विरोध प्रदर्शन किए हैं। प्रदर्शनकारियों ने हाउती के वरिष्ठ अधिकारियों पर अमेरिका और ब्रिटेन द्वारा लगाए गए प्रतिबंधों को खारिज कर दिया और उत्तरी यमन पर हवाई हमलों की कड़े शब्दों में निंदा की है। यमन के प्रदर्शनकारियों ने हाथों में फिलिस्तीन और यमन के झंडे लहराए और हाउती नेताओं की फोटो लगी हुए तख्तियों को पकड़कर कर अमेरिका और इज़राइल के खिलाफ जोरशोर से नारे लगाए।

एक प्रदर्शनकारी हातेम अल-महाकरी ने कहा कि हम सभी गाजा में उत्पीड़ित लोगों के साथ खड़े है और उनकी पीड़ा को साझा करने के लिए यहां एकत्रित हुए हैं। प्रदर्शनकारी ने कहा, हमारी भागीदारी फिलिस्तीनी मुद्दे और गाजा में हमारे भाइयों पर हमारी दृढ़ स्थिति को निश्चित तौर पर दर्शाती है। इससे पहले शुक्रवार को हाउती सैन्य प्रवक्ता याह्या सारेया ने एक बयान में कहा कि उनके नौसैनिक बलों ने अदन की खाड़ी में एक ब्रिटिश तेल टैंकर मार्लिन लुआंडा पर कई मिसाइलें दागीं। तेल टैकर पर मिसाइल हमले के बाद उसमें आग लग गई। अमेरिका ने गत 17 जनवरी को हाउती समूह को 'विशेष रूप से वैश्विक आतंकवादी घोषित करने' के रूप में फिर से नामित किया। अमेरिका के इस कदम को हाउती समूह ने राजनीति से प्रेरित बताकर इसे खारिज कर दिया। उल्लेखनीय है कि सात अक्टूबर, 2023 को इजराइल-हमास के बीच संघर्ष शुरू होने के बाद से हाउती विद्रोहियों ने लाल सागर में अपने हमले तेज कर दिए हैं और गाजा पर इजराइली हमलों और घेराबंदी को जल्द से जल्द समाप्त करने की मांग की है। हाउती विद्रोहियों ने 2014 में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त यमन की सरकार का तख्ता पलट करने के बाद से राजधानी सना और रणनीतिक लाल सागर बंदरगाह शहर

## फ्रांस में 70 हजार से अधिक किसानों ने किया प्रदर्शन

**पेरिस।** फ्रांस में 70,000 से अधिक किसानों ने सरकार की नीतियों पर असंतोष जताते हुए पूरे देश में शुक्रवार को बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन किया, जिसमें 41,000 से अधिक ट्रैक्टर भी शामिल थे। फ्रेंच नेशनल फेडरेशन ऑफ एग्रीकल्चरल होल्डर्स यूनियंस (एफएनएसईए) ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर एक बयान में यह जानकारी दी। इससे पहले एफएनएसईए के अध्यक्ष अरनॉड रूसो ने कल कहा कि पूरे देश में किसानों का विरोध प्रदर्शन देश के 96 महानगरीय में से 85 तक फैल गया है।

## दुनिया को जानें

# वाडा ने उत्तर कोरिया की डोपिंग रोधी एजेंसी को बहाल किया

**प्योंगयांग,** 27 जनवरी (एजेंसियां)। विश्व डोपिंग रोधी एजेंसी (वाडा) ने घोषणा की है कि उत्तर कोरिया के राष्ट्रीय डोपिंग रोधी संगठन को उन पार्टियों की सूची से हटा दिया गया है, जो विश्व डोपिंग रोधी संहिता का अनुपालन नहीं करते हैं। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2021 में, उत्तर कोरियाई एंटी-डोपिंग एजेंसी को एक प्रभावी परीक्षण कार्यक्रम शुरू करने में विफलता के बाद वाडा कोड का अनुपालन नहीं करते हुए पाया गया, जिसके कारण राष्ट्रीय ध्वज के तहत प्रतिस्पर्धा करने पर प्रतिबंध लगा दिया गया था। वाडा ने शुक्रवार को एक बयान में कहा, कार्यकारी समिति (एक्सको) के एक सर्कुलेटरी वोट के बाद, विश्व डोपिंग रोधी एजेंसी (वाडा) ने तत्काल प्रभाव से डेमोक्रेटिक पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ कोरिया (डीपीआरके) के राष्ट्रीय डोपिंग रोधी संगठन (एनएडीओ) को सूची विश्व डोपिंग रोधी संहिता (कोड) का अनुपालन नहीं करने वालों की सूची से हटा दिया। बयान के अनुसार, इससे पहले जनवरी में वाडा प्रबंधन ने स्वतंत्र अनुपालन समीक्षा समिति को उत्तर कोरिया की बहाली शर्तों को अद्यतन करने की मंजूरी दी थी।

# प्रादेशिकी

## अज्ञात वाहन की टक्कर से लेपर्ड कैट की मौत

**मसूरी।** शहर के किंगरेग के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से एक लेपर्ड कैट की मौत हो गई। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम ने शावक के शव को अपने कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया है। सुबह किंगरेग के समीप लोगों ने लेपर्ड कैट का शव देखा। इसकी सूचना तत्काल वन विभाग को दी गयी। सूचना मिलते ही वन विभाग में हड़कंप मच गया। आनन-फानन में मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम ने लेपर्ड कैट को कब्जे में ले लिया। टीम ने शावक को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मालसी डियर पार्क भेजा है। मामले की जांच की जा रही है। एसडीओ डॉक्टर उदय गौड़ ने बताया कि ये लेपर्ड कैट है। ये एक जंगली बिल्ली की प्रजाति है।

# थमी पहाड़ों की लाइफ लाइन टैक्सी वाहनों की हड़ताल

■ पूरे दिन बसों का इंतजार करते दिखे लोग
■ सभी टैक्सी चालकों ने वाहनों को खड़ा कर दिया
■ जब तक टैक्सी चालकों की मांगों को मान नहीं मानी जाएगी हड़ताल रहेगी जारी



**हल्द्वानी,** 27 जनवरी (देशबन्धु)। पहाड़ की लाइफ लाइन कहे जाने वाली टैक्सी चालक हड़ताल पर चले गए हैं। टैक्सी चालकों की हड़ताल से पर्वतीय क्षेत्रों में जाने और आने वाले लोगों को फजीहतों का सामना करना पड़ रहा है। मजबूरन लोगों को बसों का सहारा लेना पड़ रहा है। टैक्सी चालकों का कहना है कि जब तक उनकी मांगों को पूरा नहीं किया जाता है, तब तक उनकी हड़ताल जारी रहेगी।

टैक्सी यूनियन हल्द्वानी के बैनर तले सभी टैक्सी चालकों ने वाहनों को खड़ा कर दिया। टैक्सी चालकों का कहना है कि फिटनेस सेंटर को निजी हाथों में देने के बाद से टैक्सी स्वामियों के सामने संकट खड़ा हो गया है। हल्द्वानी के भोटिया पड़ाव टैक्सी स्टैंड पर भारी संख्या में टैक्सी चालकों ने अपनी टैक्सी को खड़ा कर प्रदर्शन किया। साथ ही प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए कहा कि निजी फिटनेस सेंटर द्वारा टैक्स स्वामियों का उत्पीड़न किया जा रहा है। टैक्सी स्वामियों का कहना है कि पहले आरटीओ कार्यालय से उनके टैक्सियों का फिटनेस करीब 700 रुपये में हुआ करता था। लेकिन वर्तमान समय में निजी फिटनेस सेंटर में गाड़ियों का फिटनेस शुरू हो गया है जहां अनफिट के नाम पर उनके गाड़ियों को बाहर कर टैक्सी स्वामियों से मोटा पैसा वसूला जा रहा है।

टैक्सी स्वामियों का आरोप है कि उनके टैक्सियों को जब फिटनेस सेंटर में ले जाया जा रहा है तो उनको अनफिट बताते हुए फिटनेस करने के नाम पर करीब हजार रुपए मांगे जा रहे हैं। जिसे टैक्सी चालक देने की स्थिति में नहीं हैं। टैक्सी चालक संगठनों का कहना है कि अपनी मांगों को लेकर जिला प्रशासन और परिवहन विभाग को अवगत करा चुके थे। लेकिन उनके द्वारा किसी तरह की कोई कार्रवाई नहीं की गई, जिसके बाद मजबूरन अब सभी टैक्सी स्वामियों ने हड़ताल शुरू कर दी है। टैक्सी स्वामियों का कहना है कि जब तक उनकी मांगों को मान नहीं लिया जाता और परिवहन विभाग या जिला प्रशासन बैठकर वार्ता नहीं करता, तब तक हड़ताल जारी रहेगी। टैक्सी चालकों के हड़ताल के चलते पहाड़ों पर जाने वाली यात्रियों को परेशानी हो रही है। मजबूरन लोगों को बसों का सहारा लेना पड़ रहा है।

## उत्तराखण्ड में न्याय की आस जगाएगा खड़गे का दौरा: कांग्रेस

■ दून में होगा कांग्रेस का विराट कार्यकर्ता सम्मेलन
■ अध्यक्ष बनने के बाद पहली बार उत्तराखण्ड आएंगे खड़गे



**देहरादून,** 27 जनवरी (देशबन्धु)। शनिवार को राजीव भवन में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष करन माहरा, नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ,पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ,पूर्व अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष प्रीतम सिंह, पूर्व अध्यक्ष गणेश गोदयाल पूर्व सांसद प्रदीप टम्टा, मीडिया प्रभारी डॉक्टर चयनिका उनियाल ने सामूहिक प्रेस वार्ता कर अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के देहरादून स्थित बन्नू स्कूल ग्राउंड में 28 जनवरी को प्रस्तावित विराट कार्यकर्ता सम्मेलन के लिए जन सामान्य का आह्वाहन करते हुए उसमें प्रतिभाग करने का निवेदन किया।

पत्रकार वार्ता के दौरान प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने कहा कि यह उत्तराखंड कांग्रेस का सौभाग्य है कि लोकसभा चुनाव के शंखनाद के लिए राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने चार धामों की भूमि उत्तराखंड को चुना। महारा ने कहा की खड़गे की आवाज हर वंचित, शोषित, गरीब और मजलूम की आवाज है। आज जिस तरह से एनसीआरबी का डाटा सामने आया है वह अत्यंत चिंताजनक है। उसके द्वारा जारी ताजा आंकड़ों के अनुसार नौ हिमालयी राज्यों में उत्तराखंड महिला अपराध के क्षेत्र में अग्रणी स्थान पर है, जहां 1 वर्ष में 907 दुष्कर्म और 778 महिलाओ के अपहरण हो गए। ऐसे में देश की जनता कांग्रेस के नेतृत्व की ओर आस भरी निगाहों से देख रही है। प्रेस वार्ता में नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने कहा कि रविवार का दिन बहुत महत्वपूर्ण है, मोहल्ले, कस्बे गांव में रहने वाले बूथ स्तर के कार्यकर्ता को सीधे अपने राष्ट्रीय अध्यक्ष से संवाद करने का अवसर प्राप्त हो रहा है। आर्य ने कहा कि श्री खड़गे का वृहद और दीर्घकालिक अनुभव है। प्रशासनिक अनुभव में भी वह अव्वल है और जो आज देश के हालात हैं उसमें जो संदेश वह देवभूमि से देंगे वह पूरे देश में जाएगा। पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने कहा की खड़गे का यहां आना कई मायनों में बहुत महत्वपूर्ण है, मजदूरों को उत्पीड़नात्मक श्रम कानून से निजात चाहिए, किसानों को महंगाई से, महिलाओं को अत्याचार से। इस सरकार ने सबको परेशान कर दिया है, नौजवान आज हताश और निराश है ,भ्रष्टाचार सर्वव्यापी है। रावत ने कहा कि खड़गे का कांग्रेस के लिए योगदान अतुलनीय है।

### कार्यक्रम के लिए परेड ग्राउंड न देना खतरनाक परिपाटी: प्रीतम

देहरादून। प्रीतम सिंह ने कहा कि परेड ग्राउंड देहरादून का हृदय स्थल है जिसे शासन प्रशासन ने कांग्रेस को देने से मना कर दिया जो की बेहद खतरनाक परिपाटी है। कहा कि रिवर्स पलायन के लिए आयोग गठित व उसकी रिपोर्ट का अता पता नहीं। अग्नि वीर योजना ने यहां के जवानों पर कुठाराघात करने का काम किया है भाजपा की कथनी और करनी में बहुत अंतर है।

## सार संक्षेप

### सुबह शौच के लिए गए ग्रामीण की बाघ के हमले से मौत

**नैनीताल।** रामनगर विकास खण्ड के सबसे दुरस्थ गाँव चुकुम में सुबह शौच के लिए गए ग्रामीण पर बाघ ने हमला कर दिया। बाघ के हमले में ग्रामीण की मौत हो गई। बाघ के हमले में ग्रामीण की मौत होने के बाद ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया है। वहीं घटना की सूचना मिलने पर वन कर्मियों भी मौके पर पहुंच गये हैं। मिली जानकारी के अनुसार चुकुम गांव के 60 वर्षीय गोपाल राम नामक ग्रामीण सुबह शौच के लिए जंगल में गए थे। तभी वहां पर एक बाघ ने उसे पर हमला कर दिया। बाघ ग्रामीण को खींचकर जंगल में ले गया जब काफी देर तक वह नहीं लौटा तो ग्रामीणों ने उसकी खोजबीन शुरू की और सूचना वन कर्मियों को दी। वन कर्मियों ने मौके पर जाकर घटना स्थल से कुछ दूरी पर जंगल के अंदर बाघ के कब्जे से शव बरामद कर लिया है। रामनगर वन विभाग के कोसी रेंज की कार्यालय प्रभारी वीरेंद्र पांडे ने बताया मौके पर गस्त को बढ़ा दी गई है। बाघ के हमले में मारे गए ग्रामीण के परिजनों को उचित मुआवजा दिया जाएगा।

### खटीमा डिग्री कॉलेज को पांच लाख का पुरस्कार

**खटीमा।** खटीमा महाविद्यालय को नैक की बी श्रेणी की रैंक प्राप्त करने पर पांच लाख रुपये का पुरस्कार मिला है। कॉलेज को इस बार 10 साल के बाद 2.28 अंकों के साथ बी ग्रेड मिला था। 15 व 16 नवंबर को नैक की टीम ने कॉलेज का दौरा किया था। नैक की ओर से निर्धारित सात मापदंडों पर कॉलेज को भली-भांति परखा गया। जिसके बाद कॉलेज को 2.28 अंकों के साथ बी ग्रेड मिला। यह पुरस्कार मिलने के बाद खटीमा डिग्री कॉलेज के प्राध्यापकों और विद्यार्थियों में खुशी का माहौल है।प्राचार्य डॉ. आशुतोष ने बताया कि वर्ष 1988 से स्थापित एचएनबी डिग्री कॉलेज में वर्तमान में बीए, बीएससी, बीकॉम, एमकॉम, एमए, एमएससी के अलावा बीएड व पीजी डिप्लोमा इन योगा संचालित हो रहे हैं।

### गला दबाकर बेटे कर डाली मां की हत्या

देहरादून। देर रात थाना प्रेमनगर क्षेत्र में एक बेटे ने मां की हत्या कर दी। हत्याकांड के बाद से क्षेत्र में सनसनी फैली है। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया है। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। मिली जानकारी के अनुसार चंद्रा देवी अपने बेटे और पति के साथ प्रेमनगर स्पेशल विंग में रहती थीं। शुक्रवार देर रात बेटे अजय से चंद्रा देवी की बहस हुई थी। बहस के बीच बेटे अजय ने मां की गला दबाकर कर दी हत्या। इसके बाद सुबह अपने बड़े भाई को सूचना दी कि मां ने सुसाइड कर लिया है। बेटे को विश्वास नहीं हुआ। उसने पिता को बताया। पिता के सूचना पर पुलिस ने आरोपी अजय को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में पता चला कि अजय को अल्सर की बीमारी थी। उसने इंटरनेट पर देखा की अल्सर स्लो पॉयजन से होता है।

### सुडोकू 6449 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 2 | 9 | 3 | 8 | 6 | 4 | 5 | 1 |
| 6 | 8 | 4 | 5 | 1 | 7 | 3 | 2 | 9 |
| 5 | 3 | 1 | 9 | 4 | 2 | 7 | 6 | 8 |
| 4 | 9 | 8 | 1 | 2 | 3 | 5 | 7 | 6 |
| 1 | 5 | 6 | 4 | 7 | 9 | 8 | 3 | 2 |
| 2 | 7 | 3 | 6 | 5 | 8 | 9 | 1 | 4 |
| 9 | 6 | 5 | 8 | 3 | 1 | 2 | 4 | 7 |
| 3 | 1 | 2 | 7 | 9 | 4 | 6 | 8 | 5 |
| 8 | 4 | 7 | 2 | 6 | 5 | 1 | 9 | 3 |

## दुष्यंत गौतम को फिर उत्तराखंड बीजेपी की जिम्मेदारी, हाईकमान ने बनाया प्रभारी, रेखा वर्मा हटीं



**देहरादून,** 27 जनवरी (देशबन्धु)। 2024 लोकसभा चुनाव को लेकर बीजेपी एक्शन में आ गई है। इसी कड़ी में बीजेपी संगठन ने 23 राज्यों के प्रभारियों की लिस्ट जारी कर दी है। इसी कड़ी में एक बार फिर से दुष्यंत गौतम को उत्तराखंड की जिम्मेदारी मिली है। इस बार रेखा वर्मा को उत्तराखंड से हटाया गया है। रेखा वर्मा उत्तराखंड में सह प्रभारी थीं। बीजेपी राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह की तरफ से जारी हुई लिस्ट में दुष्यंत गौतम को प्रभार देने की पुष्टि की गई है। बता दें दुष्यंत गौतम इससे पहले भी उत्तराखंड के प्रभारी थे। उनके काम को देखकर उन्हें पुनः प्रदेश का प्रभार मिला है। दुष्यंत गौतम की तैनाती के बाद बीजेपी के नेता भी बेहद खुश दिखाई दे रहे हैं। भाजपा प्रवक्ता मनवीर सिंह चौहान ने कहा दुष्यंत गौतम उनका मार्गदर्शन करेंगे। उन्होंने कहा दुष्यंत गौतम को प्रभार मिलने से भाजपा राज्य में और मजबूत होगी। उनकी कार्यशैली बहुत अलग है। रणनीति बनाने में उनका कोई सानी नहीं है। जल्द ही दुष्यंत गौतम राजधानी देहरादून पहुंचेंगे।

बता दें जैसे जैसे लोकसभा चुनाव का समय नजदीक आ रहा है, वैसे ही राजनीतिक दलों में हलचलें तेज हो गई हैं। कुछ दिन पहले कांग्रेस ने भी उत्तराखंड कांग्रेस प्रभारी बदला। कांग्रेस ने कुमारी शैलजा को उत्तराखंड कांग्रेस प्रभारी बनाया है। कांग्रेस प्रभारी बनने के बाद कुमारी शैलजा लोकसभा चुनाव की थाह लेने के लिए उत्तराखंड भी पहुंची। कांग्रेस में कुमारी शैलजा के जिम्मे ही लोकसभा 2024 की जंग है। इसके बाद आज बीजेपी ने भी 23 राज्यों के प्रभारियों की लिस्ट जारी की है।

उत्तराखंड बीजेपी को लेकर पार्टी हाईकमान ने बड़ा निर्णय लिया है। कुछ दिन पहले लोकसभा चुनाव में 75 प्रतिशत वोट हासिल करने की रणनीति पर मंथन करने के लिए पार्टी के 33 प्रमुख दिग्गज राजधानी में जुटे थे। बैठक में हर नेता को लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत अपनी एक कार्ययोजना बताई। बैठक में केंद्र से भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष लक्ष्मीकांत वाजपेयी और प्रदेश प्रभारी दुष्यंत गौतम पहुंचे थे। केंद्रीय नेतृत्व ने भी एक रोडमैप भेजा था। उत्तराखंड की परिस्थितियों के अनुरूप इस रोडमैप को और अधिक प्रभावी कैसे बनाया जा सकता है, इस बारे में सुझाव दिए गए। बैठक में लोकसभा चुनाव के लिए केंद्रीय और प्रांतीय नेताओं के प्रवास कार्यक्रम, बूथ स्तर तक केंद्र और राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों से जुड़े कार्यक्रम, समाज के अलग-अलग वर्गों से जुड़ी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने की योजना पर भी मंथन किया।

## ध्वजारोहण के दौरान शुगर मिल मे हुई हर्ष फायरिंग, अधिकारी घायल



■ वायरल वीडियों का एसएसपी ने लिया संज्ञान, मुकदमा दर्ज

**देहरादून,** 27 जनवरी (देशबन्धु)। गणतंत्र दिवस पर डोईवाला शुगरमिल मे गार्ड द्वारा लापरवाही से हर्ष फायरिंग करने पर अधिकारी घायल हो गया। सोशल मीडिया पर घटना के वायरल वीडियो का एसएसपी देहरादून ने संज्ञान लेते हुए थाना डोईवाला को तत्काल मुकदमा दर्ज करने के निर्देश दिये। जिस पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

26 जनवरी 2024 को सोशल मीडिया पर डोईवाला शुगर मिल में झंडारोहण के दौरान एक सुरक्षाकर्मी द्वारा लापरवाही से बंदूक द्वारा फायर होने का वीडियो सोशल मीडिया में प्रसारित होना पाया गया। उक्त वीडियो का वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक देहरादून अजय सिंह द्वारा तत्काल संज्ञान लिया गया व संबंधित अधिकारियों को तत्काल मुकदमा दर्ज करने के निर्देश दिये गये। वायरल वीडियो की डोईवाला पुलिस द्वारा तत्काल जानकारी करने पर पाया गया कि 26 जनवरी को डोईवाला शुगर मिल मे ध्वजारोहण के समय शुगर मिल मे नियुक्त सुरक्षा गार्ड सुभाष वर्मा द्वारा हर्ष फायरिंग की गयी, गार्ड द्वारा लापरवाही व उपेक्षापूर्ण तरीके से हर्ष फायरिंग किये जाने पर बन्दूक से चली गोली नीचे जमीन पर लगकर गोली के छर्रे सीधे शुगर मिल डोईवाला के अधिशासी निदेशक के पेट पर लगे, जिससे वह घायल हो गये। जिस पर शुगरमिल के स्टाफ द्वारा उन्हे सिनर्जी अस्पताल में भर्ती किया गया है।

बताया जा रहा है कि उक्त अवसर पर शुगर मिल मे स्कूली बच्चे व मिल स्टॉफ तथा अन्य व्यक्ति मौजूद थे, जिससे यह घटना और भी ज्यादा संगीन हो सकती थी, घटना की संवेदनशीलता को देखते हुए एसएसपी देहरादून के निर्देश पर डोईवाला पुलिस द्वारा स्वयं कोतवाली डोईवाला पर सम्बन्धित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गयी है।

## रोड़वेज बस के ब्रेक फैल, टक्कर मारकर तीन वाहनों को किया क्षतिग्रस्त



**मसूरी,** 27 जनवरी (देशबन्धु)। मसूरी में रोडवेज की एक बस के ब्रेक फेल होने से उसने तीन कारों को टक्कर मार दी। इस कारण सड़क के दोनों ओर वाहनों का लंबा जाम लग गया। लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। करीब 2 घंटे के बाद बस को सड़क से हटाकर यातायात को सुचारू किया गया। बताया जा रहा है कि सुबह के समय उत्तराखंड रोडवेज की बस दिल्ली से मसूरी करीब 5 बजे आई थी। बस खराब होने के कारण सड़क किनारे खड़ी कर दी गई। बताया जा रहा है राज्यपाल का दौरा होने के कारण सड़क पर खड़ी गाड़ियों को पुलिस द्वारा हटाने के निर्देश दिए गए थे।

जिसके बाद बस कंडक्टर और ड्राइवर को पुलिस द्वारा बस हटाने के लिये जोर दिया गया। इस पर बस चालक द्वारा बस को स्टार्ट कर बैक करने की कोशिश की गई तो अचानक बस के ब्रेक फेल हो गए। बस अनियंत्रित होकर हो गई जिसकी चपेट में आने से सड़क पर खड़ी तीन कारें क्षतिग्रस्त हो गईं। बस कंडक्टर प्रमोद कुमार ने बताया कि वह देर रात को दिल्ली से चलकर मसूरी सुबह 5 बजे पहुंचे थे। सुबह मसूरी से 6 बजे देहरादून के लिये सवारी को लेकर जाना था। परंतु बस के ब्रेक खराब होने के कारण बस को सड़क किनारे खड़ा कर दिया गया था। उन्होंने बताया कि सुबह के समय पुलिस दरोगा द्वारा उनको राज्यपाल के मसूरी दौरे का हवाला देते हुए बस को सड़क किनारे से हटाने के लिए कहा गया। उन्होंने कहा कि बस खराब है, परंतु तब भी दरोगा ने बस को हटाने के लिये कहा। बस चालक द्वारा बस को बैक करने की कोशिश की गई। परन्तु बस बैक करते ही ब्रेक फेल हो गए, जिससे हादसा हो गया।

## मौसम की बेरुखी से बर्बाद होने की कगार पर फसलें



■ किसानों के चेहरों पर चिंता की लकीरें

देहरादून, 27 जनवरी (देशबन्धु)। उत्तराखंड में इस बार खेती-बागवानी के लिए मौसम बेरहम बना हुआ है। रबी के फसल के साथ पहाड़ के सेब,पुलम, खुबानी की पैदावार पर भी संकट मंडरा रहा है। बारिश और बर्फबारी नहीं होने से फसल सूखने लगी है। पहाड़ों पर बागवानी और खेत पर मौसम का असर साफ देखने को मिल रहा है। पूरे शीतकाल में बारिश सामान्य से 80 फीसद कम हुई और जनवरी माह में ही पहाड़ों का तापमान रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। जिससे फसलों का उत्पादन प्रभावित होने की आशंका है।

उत्तराखंड में लंबे समय से बारिश और बर्फबारी नहीं होने से किसानों को फसल खराब होने की चिंता सताने लगी है।बर्फबारी और बारिश नहीं होने के कारण कुमाऊं मंडल के साथ पहाड़ों पर सूखा पड़ना शुरू हो गया है। किसानों और मंडी कारोबारी का कहना है कि समय पर बर्फबारी और बारिश न होने से सेब बागवानी और मटर व गेहूं की फसल को भारी नुकसान होने की आशंका बनी हुई है। काश्तकारों के अनुसार रबी की फसल और पहाड़ों के सेब, नाशपाती सहित अन्य फलों के लिए के लिए जनवरी माह में बारिश और बर्फबारी बेहद जरूरी है। ऐसा न होने पर उत्पादन में गिरावट और गुणवत्ता में भी कमी आने की आशंका बनी हुई है।

हल्द्वानी मंडी के फल- सब्जी संगठन के अध्यक्ष कैलाश चंद्र जोशी ने बताया कि मंडी का कारोबार पहाड़ के अधिकतर फसलों पर निर्भर है। लेकिन पहाड़ों पर बारिश और बर्फबारी नहीं होने से फसल बर्बाद होने के कगार पर आ चुकी है। सबसे ज्यादा नुकसान मटर की फसल और सेब की पैदावार पर होने जा रहा है। क्योंकि सेब की पैदावार के लिए बर्फबारी के साथ ही तापमान माइनस डिग्री में होना बहुत जरूरी है। लेकिन इस बार बर्फबारी नहीं होने से सेब की पैदावार पर असर पड़ सकता है। मैदानी क्षेत्र के मटर खत्म होने के बाद पहाड़ पर भारी मात्रा में मटर की पैदावार होती है। लेकिन पहाड़ों रक मटर की फसल तैयार होने के कगार पर है, लेकिन बारिश नहीं होने के चलते मटर की फसल में रोग पकड़ लिया है। जिसके चलते किसानों को मटर में भारी नुकसान होने की संभावना जताई जा रही है।

कृषि और उद्यान विभाग के अधिकारियों का कहना है कि बारिश बर्फबारी नहीं होने पर पहाड़ के फसलों को नुकसान होने की संभावना जताई गई है। जिसको देखते हुए सभी कृषि अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देशित किया गया है कि कहीं भी सूखे जैसी स्थिति सामने आती है तो वहां पर सिंचाई के लिए वैकल्पिक व्यवस्था कराई जाए।

## सरकार ने विधायक निधि को बंद नहीं किया : सुक्खू



समझ नहीं आ रहा है कि आखिर क्यों जयराम ठाकुर जनता के बीच भ्रम फैला रहे हैं। वह सचिवालय से इस तरह की जानकारी लेने में जुटे हैं इससे पहले अच्छा होता कि प्रदेश में आई आपदा के लिए हिमाचल की मदद करते जो उन्होंने नहीं की: ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू, मुख्यमंत्री

शिमला, 27 जनवरी (देशबन्धु)। प्रदेश में विधायक निधि को लेकर मच रहे बवाल के बीच मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने साफ कहा है कि सरकार ने विधायक निधि को बंद नहीं किया है। उन्होंने कहा कि यह बोलकर नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर कोरा झूठ बोल रहे हैं। यदि विधायक निधि बंद हुई है तो उनको प्रमाण देना चाहिए क्योंकि उन्हें खुद भी नहीं पता कि कब यह विधायक निधि बंद हुई और किसने की। शिमला में मीडिया से अनौपचारिक बातचीत करते हुए सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने कहा कि उन्हें समझ नहीं आ रहा है कि आखिर क्यों जयराम ठाकुर जनता के बीच भ्रम फैला रहे हैं। वह सचिवालय से इस तरह की जानकारी लेने में जुटे हैं इससे पहले अच्छा होता कि प्रदेश में आई आपदा के लिए हिमाचल की मदद करते जो उन्होंने नहीं की। सीएम ने कहा कि आपदा में वक्त भाजपा ने सरकार का साथ नहीं दिया। हिमाचल की जनता का दर्द उन्होंने नहीं समझा। बेहतर रहता कि वो दिल्ली जाते वहां मंत्रियों से मिलकर हिमाचल को विशेष आपदा राहत पैकेज दिलाते क्योंकि नियमों के तहत 10 हजार करोड़ रूपए की मुआवजा राशि हिमाचल ने मांगी है जिसपर केन्द्र सरकार ने कुछ नहीं दिया है। जो किया हिमाचल ने खुद किया। उन्होंने कहा कि आखिर जयराम ठाकुर एमएलए फंड के लिए इतना बेताब क्यों हो रहे हैं। उसका प्रावधान बजट में किया गया है जो मिलेगा ही मिलेगा। उन्होंने कहा कि विपक्ष के पास यदि एमएलए फंड को बंद किए जाने का कोई प्रमाण है तो वह बताए यूं सुर्खियों में रहने के लिए जनता को भ्रमित ना करें। बता दें कि भाजपा विधायकों ने विधायक प्राथमिकता योजना बैठकों में शामिल नहीं होने का एलान किया है। मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने भाजपा नेताओं पर आरोप लगाया कि वह दिल्ली से हिमाचल को मिलने वाली मदद को रूकवाने का काम कर रहे हैं। इसके विपरीत यहां सरकार लगातार समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाने में जुटी है। उन्होंने कहा कि सरकार पैसे का सदुपयोग कर रही है। सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम में किसी भी तरह से खर्चा नहीं किया जा रहा है। जो खर्च हो रहा है वो कांग्रेस पार्टी के लोग कर रहे हैं। वहां खाना भी हमारे लोग खिला रहे हैं जिसका बोझ सरकार पर नहीं है। उन्होंने भाजपा नेताओं से सरकार का विकास में सहयोग करने की अपील की। एक सवाल के जवाब में सुक्खू ने कहा कि वह न्यायालय के आदेशों का आदर करते हैं। डीजीपी को सरकार ने उनके पद पर वापस लगा दिया है। एसआईटी बनाने के लिए कहा है वो भी जल्द बना दी जाएगी क्योंकि इस मामले में 29 फरवरी तक जवाब देना है। सरकार जो भी कर रही है वो सोच समझकर कर रही है। उन्होंने कहा कि लोगों को न्याय देने क लिए व्यवस्था परिवर्तन हो रहा है और कानून भी बदले जा रहे हैं ताकि विकास से कोई भी अछूता ना रहे।

## निजीकरण के विरोध में सड़कों पर उतरे जलकर्मी, अनिश्चितकालीन कार्य बहिष्कार की दी चेतावनी

**हल्द्वानी,** 27 जनवरी (देशबन्धु)। जल निगम और जल संस्थान के अधिकारियों और कर्मचारियों ने सरकार के खिलाफ धरना प्रदर्शन करते हुए शनिवार को सड़कों पर प्रदर्शन किया। एसडीएम के माध्यम से सरकार को ज्ञापन भेजा है। प्रदर्शनकारियों ने सरकार पर सौतेला व्यवहार करने का आरोप लगाया है। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि शहरी विकास विभाग के अंतर्गत संचालित पेयजल और सीवरेज कार्यों को एशियन डेवलपमेंट बैंक (एडीबी) के हाथों में सौंपा जाना दुर्भाग्यपूर्ण है। कर्मचारियों ने शनिवार को हल्द्वानी के बुद्ध पार्क में धरना प्रदर्शन किया। इसके बाद कर्मचारी सड़कों पर उतरे एसडीएम कोर्ट पहुंचे। वहां एसडीएम के माध्यम से सरकार को ज्ञापन भेजा। संयुक्त मोर्चा के बैनर तले जल संस्थान, जल निगम, पेयजल निगम के सैकड़ों की संख्या में कर्मचारी हल्द्वानी के बुद्ध पार्क पहुंचे। जहां उन्होंने धरना प्रदर्शन करते हुए सरकार से जल संस्थान, जल निगम, पेयजल विभाग का एकीकरण कर राज्य कर्मचारियों का दर्जा देने की मांग की। जल कर्मियों का आरोप है कि सरकारी कामों को पहले विभाग द्वारा कराया जाता था। लेकिन अब निजी हाथों में देने की कार्रवाई की जा रही है। कर्मचारियों का आरोप है कि एशियन डेवलपमेंट बैंक (एडीबी) से कराने के पीछे सरकार और शासन की मंशा केवल पेयजल सेक्टर का निजीकरण करने की है। कर्मचारियों का कहना है कि अपनी मांगों को लेकर सरकार को कई बार अवगत भी कराया गया है। यूनियन के लोगों से कई बार वार्ता भी हो चुकी है। लेकिन सरकार द्वारा कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा है। ऐसे में अब कर्मचारियों ने आंदोलन के माध्यम से आर पार की लड़ाई का ऐलान किया है।

# प्रादेशिकी

## स्कूलों में ध्वजारोहण के बाद किये सांस्कृतिक कार्यक्रम

**मवाना,** 27 जनवरी (देशबन्धु)। मवाना नगर व देहात क्षेत्र में सरकारी कार्यालयों, पीजी व इंटर कालेज व प्राइमरी स्कूलों के अलावा निजी स्कूलों व इंस्टीटयूट में 75 वें गणतंत्र दिवस पर शहीदों को शत-शत नमन किया गया और शान से तिरंगा फहराया गया। अनेक शिक्षण संस्थाओं में सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किये गए। मवाना तहसील परिसर में एसडीएम अखिलेश यादव ने तहसीलदार आकांक्षा जोशी व समस्त कर्मचारियों के साथ 75 वें गणतंत्र दिवस पर ध्वजारोहण किया और शहीदों की याद में दो मिनट का मौन रखा। इसी तरह से सीओ कार्यालय पर सीओ सौरभ सिंह, उप निबंधक कार्यालय पर सब रजिस्ट्रार यादवेन्द्र द्विवेदी, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर प्रभारी डा.अरूण कुमार ने ध्वजारोहण किया।

## डीएवी के विद्यार्थियों ने 75वें गणतंत्र दिवस पर दिखाया जोश



**मेरठ,** 27 जनवरी (देशबन्धु)। डीएवी सैंटेनरी पब्लिक स्कूल में 75 वां गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया

■ **ध्वजारोहण कर किया कार्यक्रम का शुभारंभ**

गया। इस विशिष्ट अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में विधान परिषद के सदस्य धर्मेंद्र भारद्वाज तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. अल्पना शर्मा (क्षेत्रीय अधिकारी डीएवी यूपी जोन ए) उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि तथा विशिष्ट अतिथि ने ध्वजारोहण कर राष्ट्रीय गीत के गायन द्वारा किया। डीएवी के एनसीसी कैडेट्स ने लहराते हुए तिरंगे, मुख्य अतिथि तथा विशिष्ट अतिथि को सैल्यूट कर मार्च पास्ट करते हुए भारत की सौहाद्रता को परिलक्षित किया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि तथा विशिष्ट अतिथि का आभार व्यक्त करते हुए उन्हें नई ऊर्जा का प्रतीक नई पौध, शॉल तथा स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। नन्हे छात्रों ने राष्ट्र को समर्पित करते हुए उत्साह पूर्ण गीत श्सारे जहां से अच्छा हिंदुस्तान हमाराश् की प्रस्तुति कर अपने राष्ट्र को अपना राष्ट्रमयी अभिवादन दिया। कक्षा तीसरी से कक्षा आठवीं तक के विद्यार्थियों ने नए भारत का चेहरा गीत पर अभूतपूर्व नृत्य प्रदर्शन करते हुए गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर राष्ट्र के प्रति सम्मान प्रदर्शित किया। कक्षा तीसरी तक के विद्यार्थियों ने श्वसुधैव कुटुंबकम की भावना को चरितार्थ करते हुए भिन्न-भिन्न राज्यों को परिलक्षित करते हुए नृत्य की प्रस्तुति की। विद्यार्थियों में राष्ट्र के प्रति सम्मान की अभूतपूर्व भावना परिलक्षित हो रही थी। कक्षा यू के जी की सारा ने देश के प्रति अपने विचार व्यक्त करते हुए स्वयं को गौरवान्वित महसूस किया।

## उत्तर प्रदेश में जल्द स्थापित होंगे सौ बायो गैस प्लांट : हरदीप पुरी

**लखनऊ,** 27 जनवरी (देशबन्धु) केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने शनिवार को कहा कि उत्तर प्रदेश में जल्द ही 100 नए बायोगैस प्लांट स्थापित किए जाएंगे।

■ **बदायूं में कम्प्रेस्ड बायो गैस प्लांट के लोकार्पण समारोह में की शिरकत**

बदायूं में कम्प्रेस्ड बायो गैस प्लांट के लोकार्पण समारोह से उन्होंने यहां पत्रकारों से कहा आज बदायूं में कम्प्रेस्ड बायो गैस के नए प्लांट का उद्घाटन होने जा रहा है और राज्य के आठ अन्य जिलों में कम्प्रेस्ड बायो गैस के नए संयंत्र का शिलान्यास भी किया जाएगा। अब तक 37 प्लांट की स्थापना के लिए भूमि चयन आदि की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। इसके लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से बड़ा सहयोग मिल रहा है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि पिछले सात साल में मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश ने बीमारू स्टेट की श्रेणी से आगे बढ़कर हर सेक्टर में शानदार



**योगी के नेतृत्व में प्रदेश ने बीमारू स्टेट की श्रेणी से आगे बढ़कर हर सेक्टर में शानदार काम किया : हरदीप सिंह पुरी**

काम किया है। बदायूं में लोकार्पित होने जा रहे प्लांट की विशेषताओं की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि करीब 135 करोड़ रुपयों के निवेश से 50 एकड़ में विकसित इस प्लांट में हर दिन लगभग 14 टन कम्प्रेस्ड बायो गैस का उत्पादन होगा। यह बायो गैस पराली के निदान के लिए भी अत्यंत उपयोगी है। इससे पहले, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वेस्ट टू वेल्थ की परिकल्पना के अनुसार बायो गैस बेहतरीन विकल्प है।

### सरकार की बायो फ्यूल पॉलिसी की सराहना की

केंद्रीय पेट्रोलियम सचिव पंकज जैन ने कम्प्रेस्ड बायो गैस प्लांट की स्थापना के लिए केंद्र सरकार द्वारा दिए जा रहे प्रोत्साहन की जानकारी दी। यूपी सरकार की बायो फ्यूल पॉलिसी की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि यूपी की जैव ईंधन नीति के तहत बायो एनर्जी प्लांट की स्थापना के लिए 20 करोड़ रुपए तक का अनुदान दिए जाने की व्यवस्था है। यूपी में इस सेक्टर में बेहतर करने के लिए अनुकूल अवसर है। यहां पराली भी है, सरकार की प्रतिबद्धता भी है और पोटेंशियल भी है। इससे युवाओं के लिए रोजगार के बड़े अवसर भी सृजित होंगे।

## प्रशासन की लापरवाही से किसानों में रोष, आंदोलन की दी चेतावनी

**फर्रुखाबाद,** 27 जनवरी (देशबन्धु)। मोदी सरकार की घोर लापरवाही के कारण आए दिन हादसे हो रहे हैं। सातनपुर आलू मंडी एवं सेंट्रल जेल मार्ग के बीच काफी गहरा गड्ढा होने के कारण आए दिन हादसे होते हैं। आज भी आलू से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली पलट जाने से आलू एवं ट्रैक्टर ट्राली में नुकसान हो गया। चालक ने बड़ी मुश्किल से जान बचाई। मालूम हो कि सेंट्रल जेल बस सातनपुर मंडी मार्ग पर रोजाना सैकड़ों ट्रैक्टर ट्राली ट्रक आदि वाहनों का आवागमन होता है हादसे रोकने के लिए फिलहाल गड्ढे को मिट्टी से ही भर देना चाहिए। मालूम हो कि लगभग दो महीने पहले इसी खराब सड़क के लिए किसानों व आलू आढ़तियों ने आंदोलन की चेतावनी दी थी। तभी आनन फानन में सड़क निर्माण शुरू हुआ था लेकिन निर्माण कार्य इतना ढीला चल रहा है कि देढ़ महीने में एक तरफ ही सड़क बन पाई है। अगर दूसरी तरफ भी जल्दी सड़क बन गई होती तो शायद ऐसे हादसे नहीं होते। इस ढिलाई बरतने पर किसानों आढ़तियों का गुस्सा सातवें आसमान पर पहुंच रहा है। किसानों का कहना है कि जनप्रतिनिधि व भाजपा नेता पार्टी के गुणगान में लगे हैं उनको किसने की समस्या से कोई लेना-देना नहीं है। किसान नेता अरविंद राजपूत ने बताया यदि इस ओर शीघ्र ध्यान नहीं दिया गया तो फिर आंदोलन के लिए मजबूर होंगे।

**आवारा पशुओं से किसान परेशान**

आवारा गाए किसानों की खून पसीने से तैयार गेहूं व गन्ने की तैयार फसलों को खाकर लाखों का नुकसान कर रही हैं।



भीषण ठंड में किसान रात भर गायों की रखवाली करने से काफी परेशान है। फसलों के नुकसान से दुखी ग्राम पंचायत कटरी गंगपुर एवं कटरी धर्मपुर के लोगों ने आज सुबह करीब दो दर्जन आवारा गाय व सांडों को पड़कर कटरी धर्मपुर की पानी टंकी परिसर में बंद कर दिए। कटरी धर्मपुर में ही सरकारी गौशाला है गौशाला वालों ने इन आवारा जानवरों को रखने से साफ मना कर दिया। भारतीय किसान यूनियन के मंडल अध्यक्ष मनोज यादव ने यह जानकारी देते हुए बताया की आवारा 21 गाय व सांडो को पकड़े जाने की जानकारी वीडियो बढपुर को दे दी गई है।

## सार संक्षेप

### हमें अपने मन की बात करने की आजादी देता है गणतंत्र दिवस



**मेरठ।** मेरठ पब्लिक स्कूल समूह में 75 वां गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। विद्यालय की सभी शाखाओं के प्रधानाचार्य गणों ने ध्वजारोहण करके तिरंगे को सलामी दी और शांति व एकता के प्रतीक कबूतरों को उड़ाया। इस अवसर पर देशभक्ति से ओतप्रोत कार्यक्रम आयोजित किए गए। विद्यार्थियों द्वारा देशभक्ति के गीत गाए गए। गणतंत्र दिवस भारतीय संविधान को अपनाने का प्रतीक है जिसने हमें मौलिक अधिकार और कर्तव्य दिए हैं, इन्हीं अधिकारों से अवगत करवाते हुए एक नुक्कड़ नाटक एवं अन्य रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए । देश भक्ति से परिपूर्ण गीतों की श्रंखला और राष्ट्रगान ने सभी के हृदय में उत्साह का संचार कर देशप्रेम के भाव में झूमने को बाध्य्य कर दिया। प्रधानाचार्यगणों ने अपने संबोधन में स्वतंत्रता सेनानियों और भारतीय संविधान का निर्माण करने वाले महापुरुषों को नमन करते हुए समस्त प्रबंध समिति की ओर से गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दी और संविधान में निहित मूल कर्तव्यों का पालन करने का आह्वान किया। कार्यक्रम की समाप्ति पर मिष्ठान वितरण किया गया।

### उप जिलाधिकारी ने गणतंत्र दिवस पर किया ध्वजारोहण

**मवाना।** उप जिलाधिकारी अखिलेश यादव ने ने ध्वजारोहण कर सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर उन्होंने कहा की 1950 से लेकर आज तक भारत का लोकतंत्र परिपक्व हुआ है। भारत में पिछले कुछ समय में विकास के अनेकों कार्य हुए हैं तथा सरकार द्वारा जन कल्याण, शिक्षा, स्वास्थ्य सहित विभिन्न योजनाए आई है। तहसील सरकार व जिले के बीच की एक कड़ी है। सभी कार्यरत कर्मचारियों की जिम्मेदारी बनती है कि वह अपने अधिकार से पहले अपने कर्तव्यों को पूरा करें। सरकार की ओर से जनता के लिए किए जाने वाले कार्यों को दिल से करें।

### पुलिस लाईन में हर्षोल्लास के साथ मना गणतंत्र दिवस

**मेरठ।** पुलिस लाईन मेरठ में गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में मंत्री पशुधन एवं दुग्ध विकास, राजनैतिक पेंशन, अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फतथा नागरिक सुरक्षा विभाग उप्र प्रभारी मंत्री धर्मपाल सिंह द्वारा प्रतिभाग किया गया। प्रभारी मंत्री ने कहा कि अब हमारे देश की सभी सीमाएं सुरक्षित है, वाह्य के साथ-साथ आंतरिक सुरक्षा मजबूत है। उन्होने कहा कि भारत विश्व गुरू बनने की ओर अग्रसर है। सरकार सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास तथा सबका प्रयास की भावना के साथ कार्य कर रही है। मंत्री द्वारा परेड की सलामी ली गई। इस अवसर पर विभिन्न शैक्षणिक संस्थानो के छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति भी दी गई। प्रभारी मंत्री द्वारा परेड कमांडर एवं अन्य पुलिस कर्मियो तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों में प्रतिभाग करने वाले विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों की अध्यापक व अध्यापिकाओं को स्मृति चिन्ह प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## जीटीबी में रंगारंग कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**मेरठ,** 27 जनवरी (देशबन्धु)। वेस्ट एण्ड रोड स्थित गुरू तेग बहादुर पब्लिक स्कूल में गणतंत्र दिवस के अवसर पर देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। ध्वजारोहण प्रधानाचार्य, डॉ. कर्मेन्द्र सिंह द्वारा किया गया। ध्वजारोहण के बाद देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रमों का शुभारंभ हुआ जिसमें सर्वप्रथम नन्हें मुन्नों ने मेरे देश की धरती सोना उगले पर सुंदर प्रस्तुति देकर आजादी के दीवानों की याद दिला दी। वह दूसरी ओर फिर भी दिल है हिंदुस्तानी पर सुंदर प्रस्तुति देकर सबका मन मोह लिया। एक के बाद एक देशभक्ति के तरानों को सुंदर श्रृंखला में पिरोते हुए बच्चों ने सारा वातावरण देशभक्ति की भावना से सराबोर कर दिया। स्कूल प्रधानाचार्य डॉ. कर्मेन्द्र सिंह ने इस अवसर पर रंगारंग कार्यक्रम की सराहना करते हुए देश को पूर्ण रूप से स्वतंत्र गणराज्य बनाने वाले

## रुद्रा इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में क्रिकेट टूर्नामेंट आयोजित

## नौ विकेट जीती नानपुर की टीम, ट्रॉफी पर जमाया कब्जा

**मेरठ/मवाना,** 27 जनवरी (देशबन्धु)। रुद्रा इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में रुद्रा ग्रुप के विभिन्न संस्थानों के बीच रुद्रा प्रीमयर लीग, क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। यह टूर्नामेंट चेयरपर्सन डॉ सोमेंद्र तोमर के दिशा निर्देशन, संस्थान की प्राचार्य डॉ उर्मिला मोरल के नेतृत्व, एवं संस्थान के निदेशक डॉ. मनोज शर्मा एवं रुद्रा कॉलेज ऑफ फार्मेसी के प्रिंसिपल डॉक्टर अमित चौधरी के सहयोग से किया गया था। रुद्रा मवाना के साथ-साथ विनायक विद्यापीठ मोदीपुरम, रुद्रा इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलॉजी नानपुर, शांतिनिकेतन ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस मोहिउद्दीनपुर और रुद्रा मुख्य कार्यालय जिसका नेतृत्व रुद्रा ग्रुप के चेयरपर्सन डॉक्टर सोमेंद्र तोमर कर रहे थे, कुल चार टीमों ने इस आयोजन में भाग लिया। कुल चार मैचों की श्रृंखला में उद्घाटन मैच विनायक विद्यापीठ मोदीपुरम और रुद्रा इंस्टीट्यूट आफटेक्नोलॉजी नानपुर के बीच में खेला गया। जिसे आरआईटी नानपुर ने विनायक विद्यापीठ की टीम को हराकर जीत दर्ज की। दूसरा मैच रुद्रा इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी मवाना और शांतिनिकेतन ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन के बीच में खेला गया जिसमें शांतिनिकेतन टीम को

■ **रुद्रा मुख्य कार्यालय टीम ने दिया था 80 रनों का लक्ष्य**

■ **कुल चार टीमों ने रुद्रा प्रीमयर लीग में लिया था हिस्सा**



विजयश्री प्राप्त हुई। टूर्नामेंट का तीसरा और सेमीफाइल मैच रुद्रा इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी नानपुर और शांतिनिकेतन की टीम के बीच हुआ। जिसमें आरआईटी नानपुर की टीम ने शांतिनिकेतन टीम को हराकर फाइनल मैच में अपनी जगह बनाई। इस टूर्नामेंट का अंतिम और फाइनल मैच टीम के कप्तान पवन के रुद्रा नानपुर और डॉक्टर सोमेंद्र तोमर के नेतृत्व में रुद्रा मुख्य कार्यालय की टीम के बीच हुआ। नानपुर की टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। बल्लेबाजी करते हुए मुख्य कार्यालय की टीम ने 79 रन बनाए। 80 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी नानपुर की टीम ने 7वें ऑवर में ही 9 विकेट से मैच जीत लिया।

## नियमों के पालन से ही बनेगा विकसित भारत : प्रो. संगीता

**मेरठ,** 27 जनवरी (देशबन्धु)। हम अपनी सामर्थ्य और शक्ति का उपयोग करने से ही विकसित भारत बनेगा। यदि हम इसका उपयोग करेंगे तो देश में ही नहीं वरन आने वाले समय में वैश्विक पटल पर भी विकास के अनेक कीर्तिमान स्थापित कर सकते हैं। सभी छात्र एवं छात्राएं एकाग्रता से मेहनत करते हुए अपने अपने क्षेत्रों में महारथ हासिल करें। बनाए गए नियमों का निष्ठा के साथ पालन करें। आज पूरा विश्व युवा पीढ़ी से आशान्वित है। यह बात चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय मेरठ में आयोजित गणतंत्र दिवस के अवसर कुलपति प्रोफेसर संगीता शुक्ला ने कही। कुलपति प्रोफेसर संगीता शुक्ला ने कविता कहते हुए कहा की उठो जवानो यह बैला है जगने और जागने की हुई जरूरत अब क्षमता को सही मोड़ दे पाने की हिम्मत जरा जगाओ बुद्धि प्रखर बनाओ सही मार्ग पर आने की तुम पर नजरें टिकी हुई है चारों तरफजमाने की पहचानो तुम क्षमता है अगर दूध बन जाने की। कहा कि भारत में अभी अमृतकाल चल रहा है युवा पीढ़ी इस समय अपनी ऊर्जा के माध्यम से देश को आगे ले जाने के लिए तैयार है आजादी मिलने के समय जिस तरह युवा जोश ने देश को आगे बढ़ाया ठीक उसी तरह अब युवाओं का लक्ष्य और संकल्प एक ही होना चाहिए।

### वेंक्टेश्वरा संस्थान में धूमधाम से बनाया 75वां गणतंत्र दिवस

## एक सौ एक फीट ऊंचा तिरंगा फहराकर किया ध्वजारोहण



■ **देशभक्ति के तरानों से गूंजा विश्वविद्यालय**

■ **छात्रों ने दी शानदार प्रस्तुतियां, समारोह को बनाया यादगार**

**मेरठ,** 27 जनवरी (देशबन्धु)। राष्ट्रीय राजमार्ग बाईपास स्थित श्री वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय/संस्थान मे 75वां गणतंत्र दिवस धूमधाम से बनाया गया। वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालयध्संस्थान के ऐतिहासिक तिरंगा मैदान में समूह चौयरमैन डा. सुधीर गिरि, प्रतिकुलाधिपति डा. राजीव त्यागी, सीईओ अजय श्रीवास्तव, कुलसचिव डा. पीयूष पाण्डे आदि ने हजारों छात्र-छात्राओं के साथ एक सौ एक (101) फीट ऊंचा तिरंगा फहराकर एवं परेड की सलामी लेकर शानदार तरीके से इस ऐतिहासिक दिन को सेलीब्रेट किया। इस अवसर पर संस्थान के छात्र-छात्राओं ने एक से एक बढ़कर देशभक्ति की शानदार प्रस्तुतियां देकर 75वें गणतंत्र दिवस को यादगार बना दिया।

वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय संस्थान के ऐतिहासिक तिरंगा मैदान पर 75वें गणतन्त्र दिवस समारोह का शुभारम्भ समूह चौयरमैन डा. सुधीर गिरि, प्रतिकुलाधिपति डा. राजीव त्यागी, सीईओ अजय श्रीवास्तव, कुलसचिव पीयूष पाण्डे आदि ने भारत माँ की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर एवं एक सौ एक फीट ऊंचा तिरंगा फ्हराकर किया।



75 वे गणतंत्र दिवस के इस पावन अवसर पर सोमदत्त विहार समिति द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें समिति के सम्मानित सदस्यों ने सामूहिक ध्वजारोहण कर अपने विचार प्रकट किये एवं बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम को सफ्ल बनाने में समिति अध्यक्ष श्री आई एस के सिंह, पीके तोमर, दीपक सिंह एडवोकेट, सत्येंद्र चौधरी, विकास यादव, अंजनय सिंह, महेश दत्त शर्मा, विजेंद्र सिंह पाठक, सचिन रस्तोगी, दीप टंडन, संजीव सौलदा एवं मीडिया प्रभारी विश्वास राणा आदि लोगों के सहयोग रहा। **फोटो देशबन्धु**

## तुलसी, बेकल, अदम गोंडवी की धरती पर बह रही है साहित्य की सरयू

**ओम प्रकाश सिंह**

**गोंडा,** 27 जनवरी (देशबन्धु)। प्राकृतिक संपदा से भरपूर देवीपाटन मंडल की धरती ना तो वीरों से खाली रही है और ना ही साहित्यकारों से। दुनिया का सबसे बड़ा अवधी महाकाव्य रचने वाले बाबा तुलसीदास इसी धरती पर जन्मे। इस धरती का गौरव

■ **मोहब्बत से हम अपनी चाहतें पुरनूर करते हैं, गले मिलकर हर एक शिकवे गिले हम दूर करते हैं**

बढ़ाने में अदम गोण्डवी, बेकल उत्साही, श्याम जी, रामकरन मिश्र सैलानी, रामसँवारे द्विवेदी चातक, राम धीरज शर्मा का अतुलनीय योगदान रहा है। साहित्य की सरयू बहती रहे इसके लिए साहित्य भूषण डॉ. सूर्यपाल सिंह, एलबीएस कालेज हिन्दी-विभाग के अध्यक्ष एवं शोध-केन्द्र के निदेशक, प्रोफ़ेसर डॉ. शैलेन्द्र मिश्र, घनश्याम अवस्थी भगीरथी प्रयास कर रहे हैं। गोष्ठी, बैठकी का दौर चल रहा है। गांधी के राम पुस्तक के लेखक, दार्शनिक अरुण प्रकाश, दशरथ मांझी की तरह अवरोधों को हटा मार्ग



प्रशस्त कर रहे हैं। साहित्यभूषण डॉ. सूर्यपाल सिंह, साहित्यभूषण सतीश आर्य, साहित्यभूषण श्री शिवाकान्त मिश्र विद्रोही, सुरेंद्र सिंह झंझट, सुरेश मोकलपुरी, हीरा सिंह मधुर, देवनाथ द्विवेदी, कृष्णनन्दन तिवारी नन्दन, पं. यज्ञदेव पाठक नीरज गोनर्दीय, नन्दकिशोर पाण्डेय मधुकर, डॉ. महाराजदीन पाण्डेय, राजेश ओझा जैसे लोगों की साहित्यिक तपस्या से मंडल की जमीन उर्वरा बन रही है। किसी शायर ने लिखा है कि मोहब्बत से हम अपनी चाहतें पुरनूर करते हैं। गले मिलकर हर एक शिकवे गिले हम दूर करते हैं। पेशे से शिक्षक, कवि हृदय घनश्याम अवस्थी के यहां अक्सर जमने वाली साहित्यिक महफिल पुराने दौर को जीवंत करती है। प्रदेश की राजधानी लखनऊ रही हो या इलाहाबाद, यहां देर रात तक होने वाली साहित्यकारों की बैठकें निराली होती थीं। लखनऊ का काफी हाउस बैठकी के लिए प्रसिद्ध था। साहित्यिक मनुओं को यह काफी हाउस आज भी आकर्षित करता है। यह कहने में अतिशयोक्ति नहीं है कि उस दौर में कहवाखानो से आम आदमी की आवाज निकलती थी। यहां बैठकर लोग गप्प लड़ाते थे। विविध विषयों पर बहस करते थे , लिखते थे, पढ़ते थे , परस्पर मनोरंजन करते थे। बैठकबाजी अड्डे के रूप में यह परम्परा आज तक चली आ रही है। लखनऊ के काफी हॉउस में अमृतलाल नागर , भगवती चरण वर्मा , यशपाल जैसे साहित्यकार और पूर्व प्रधानमंत्री चन्द्रशेखर जी जैसे राजनेताओं का नियमित काफी हाउस आना होता था और घंटों वहां बैठकर गंभीर विषयों पर चर्चा करते थे।

### पूर्वापर के सोलहवें वार्षिक आयोजन में आज सम्मानित होंगे साहित्यकार

**गोंडा।** देवीपाटन मण्डल के मुख्यालय गोण्डा में स्थित श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज के सभागार में अठ्ठाईस जनवरी को पूर्वापर का सोलहवां वार्षिक आयोजन हो रहा है। यह कार्यक्रम पूर्वापर, स्पंदन, लायसियम तथा महाविद्यालय के हिन्दी-विभाग के संयुक्त तत्त्वावधान में आयोजित है। पूर्वापर के संपादक एवं वरिष्ठ साहित्यकार डॉ.सूर्यपाल सिंह ने बताया कि इस वर्ष कुल बारह साहित्यकार सम्मानित किये जा रहे हैं। इनमें से ग्यारह साहित्यकारों को साहित्यश्री-सम्मान और एक साहित्यकार को अनुवादश्री-सम्मान प्रदान किया जायेगा। सम्मानित होनेवाले साहित्यकार हैं। हुस्न तबस्सुम निहाँ, नानपारा बहराइच, राधाकृष्ण शुक्ल पथिक बहराइच, अवध नरेश सिंह उमरी, कैसरगंज बहराइच, रामबहादुर मिश्र, बाराबंकी, विनय दास, बाराबंकी, गणेश गम्भीर, मीरजापुर, अरविन्द अवस्थी, मीरजापुर, केदारनाथ सविता, मीरजापुर, भोलानाथ कुशवाहा, मीरजापुर, अतुल कुमार सिंह, मनकापुर गोण्डा, राजेन्द्र तिवारी, कौड़िया गोण्डा, रामपाल श्रीवास्तव, बलरामपुर। इस कार्यक्रम में मण्डल के समस्त साहित्यकारों को बुलाया गया है। महाविद्यालय में हिन्दी-विषय के परास्नातक की कक्षा के विद्यार्थियों-द्वारा मण्डल के साहित्यकारों के साहित्य पर लघु शोध किया जा रहा है। महाविद्यालय का हिन्दी-विभाग एवं शोध-केन्द्र उनसे महत्त्वपूर्ण जानकारी प्राप्त करेगा ताकि विद्यार्थियों को शोध-हेतु यथावश्यक सामग्री सुलभ करायी जा सके।

देशबन्धु नई दिल्ली, रविवार, 28 जनवरी, 2024, डाक पंजीयन संख्या :- DL (ND)-11/6176/2015-16-17

## रोहित शेट्टी के सेट पर होना एक सपनों की दुनिया में कदम रखने जैसा है : अर्जुन द्विवेदी

**मुंबई।** हाल ही में एक्शन थ्रिलर सीरीज 'इंडियन पुलिस फोर्स' (आईपीएफ) में अभिनय करने वाले एक्टर अर्जुन द्विवेदी ने साझा किया कि रोहित शेट्टी के सेट पर होना एक सपनों की दुनिया में कदम रखने जैसा लगता है। डॉक्टर से अभिनेता बने अर्जुन को 'द वैक्सीन वॉर' और 'बादशाहो' में उनके काम के लिए जाना जाता है। फिल्म निर्माता रोहित शेट्टी के साथ काम करने के अपने एक्सपीरियंस के बारे में बात करते हुए, अर्जुन ने कहा कि रोहित शेट्टी के सेट पर होना एक सपनों की दुनिया में कदम रखने जैसा लगता है। मुझे उनकी वाइब्रेंट एनर्जी और उनके द्वारा क्रिएट यूनिवर्स बहुत पसंद हैं, जहां मेरे पैशन ऑटोमोबाइल, ड्राइविंग, एक्शन और एडवेंचर फिल्म की धड़कन बन जाते हैं।

# हृदय रोगियों के लिए शीत लहर है घातक

## उच्च रक्तचाप, हृदय रोग से पीड़ित व्यक्तियों व बुजुग रहे सतर्क

**लखनऊ,** 27 जनवरी (एजेंसियां)। अत्यधिक ठंड के मौसम ने आम आदमी के स्वास्थ्य पर असर डालना शुरू कर दिया है। विभिन्न चिकित्सा संस्थानों में दर्ज किए गए दिल के दौरे और स्ट्रोक के मामले 15 दिनों में लगभग दोगुने हो गए हैं। विशेषज्ञ उच्च रक्तचाप, हृदय रोग से पीड़ित व्यक्तियों और बुजुर्गों को सतर्क रहने की चेतावनी दे रहे हैं, क्योंकि ठंड का मौसम मौजूदा हृदय संबंधी समस्याओं को और बढ़ा सकता है।



किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी (केजीएमयू) में, इस मामलों में वृद्धि देखी गई है, पिछले 15 दिनों से प्रतिदिन स्ट्रोक के लगभग 12-14 मामले और दिल के दौरे के 20-25 मामले सामने आ रहे हैं। यह सामान्य दिनों की तुलना में 100 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान (आरएमएलआईएमएस) में, दिल के दौरे के दैनिक मामलों की संख्या आठ से नौ और स्ट्रोक के 10 मामलों तक बढ़ गई है, जो सामान्य दिनों में चार से पांच तक होती है। केजीएमयू के न्यूरोलॉजिस्ट प्रोफेसर रवि उनियाल ने कहा कि जहां सामान्य दिनों में स्ट्रोक के 6-7 मामले सामने आते थे, वहीं वर्तमान में यह बढ़कर 12-14 हो गया है।

उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि स्ट्रोक और दिल के दौरे के लगभग 50 प्रतिशत मरीज अपने उच्च रक्तचाप से अनजान होते हैं, और अक्सर उच्च रक्तचाप के इलाज की उपेक्षा करते हैं। ठंड का मौसम रक्त वाहिकाओं को संकुचित कर देता है, इससे हृदय संबंधी घटनाओं का खतरा बढ़ जाता है, तापमान प्लेटलेट्स को प्रभावित करता है और थक्का बनने की संभावना बढ़ जाती है। उन्होंने कहा कि जब यह थक्का मस्तिष्क में रक्त के प्रवाह को अवरुद्ध करता है, तो रोगी को स्ट्रोक होता है। अक्सर उच्च रक्तचाप के कारण जब वाहिका फट जाती है, तो रक्तस्राव होता है। दोनों ही स्थितियां घातक हो सकती हैं। किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी के कार्डियोलॉजी विभाग के संकाय सदस्य प्रोफेसर प्रवेश विश्वकर्मा ने वाहिका संकुचन के कारण दिल के दौरे की बढ़ती संभावनाओं का हवाला देते हुए हृदय संबंधी समस्याओं वाले व्यक्तियों के लिए बढ़ते जोखिम पर प्रकाश डाला। उन्होंने उच्च जोखिम वाले व्यक्तियों के लिए फ्लू वैक्सीन शॉट्स की सिफारिश की और स्वस्थ आहार, नियमित व्यायाम और वजन प्रबंधन जैसे जीवनशैली में बदलाव पर जोर दिया। आरएमएलआईएमएस में कार्डियोलॉजी के प्रमुख प्रोफेसर भुवन चंद ने लोगों से अचानक तापमान परिवर्तन से बचने, गर्म कपड़े पहनने और नियमित स्वास्थ्य जांच कराने का आग्रह किया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि चिकित्सा देखभाल और जीवनशैली समायोजन दोनों के संदर्भ में सक्रिय उपाय, हृदय स्वास्थ्य पर सर्दियों के प्रभाव से उत्पन्न होने वाले बढ़ते जोखिमों से बचाव के लिए महत्वपूर्ण हैं।

# सीता की शादी का जोड़ा पहनना काफी चुनौतीपूर्ण था : प्राची बंसल

**मुंबई,** 27 जनवरी (एजेंसियां)। शो 'श्रीमद रामायण' में सीता का किरदार निभाने वाली एक्ट्रेस प्राची बंसल ने अपने ब्राइडल लुक के बारे में खुलासा करते हुए बताया कि यह कितना चुनौतीपूर्ण था, लेकिन इसने उन्हें राजसी महसूस कराया। प्राची के आउटफिट के पीछे की कॉस्ट्यूम डिजाइनर और स्टाइलिस्ट शिबाप्रिया सेन हैं।



पौराणिक और पीरियड ड्रामा शो में अपने यूनिक काम के लिए मशहूर शिबाप्रिया ने एक बार फिर शो में माता सीता के प्रति अपने दृष्टिकोण के साथ भारतीय दुल्हनों की सांस्कृतिक विरासत और सुंदरता का प्रदर्शन किया है। अपने पहनावे में प्रामाणिकता और रचनात्मकता डालने के लिए प्रसिद्ध, शिबाप्रिया ने राजस्थानी परंपरा से प्रेरित उत्कृष्ट कृति को सावधानीपूर्वक तैयार किया है, जिसमें शालीनता के साथ राजसीता का मिश्रण है। उत्तम दुल्हन का पहनावा हॉट कलर्स की एक सिम्फनी है - वाइन, मैरून, रेड और मस्टर्ड - सभी एक शानदार मखमली कपड़े में बुने हुए हैं। जरदोजी और गोटा पट्टी जैसे शिल्प कौशल आउटफिट में जान फूंक देती है।

हाथ से बनी कढ़ाई इस प्रतिष्ठित ब्राइडल लुक को बनाने में निवेश किए गए समर्पण और कौशल की पुष्टि करती है। कढ़ाई को पूरा करने में तीन दिन और 18 घंटे लगे और कुल मिलाकर, लहंगा तैयार होने में पांच दिन लगे। लुक के बारे में बात करते हुए, प्राची ने साझा किया, सीता की शादी की पोशाक को सभी भारी आभूषणों, मुकुट और बालों के साथ पहनना काफी चुनौतीपूर्ण था, लेकिन यह वास्तव में मुझे राजसी महसूस कराता है। आभूषणों के साथ पोशाक का वजन 20 किलोग्राम है और इसे तैयार होने में मुझे हर दिन 2.5 घंटे लगते हैं। उन्होंने कहा कि लेकिन सीता के रूप में मेरी स्वीकार्यता ने इसे सार्थक बना दिया है और मैं दर्शकों के समर्थन और सराहना के लिए आभारी हूं। डिजाइनर शिबाप्रिया ने साझा किया कि सीता की शादी का लुक डिजाइन करना एक अलौकिक अनुभव था, जहां स्त्रीत्व का दिव्यता से मिलन हुआ।

## एनएसडी ने की दुनिया के सबसे बड़े थिएटर फेस्टिवल, भारत रंग महोत्सव के 25वें वर्ष की घोषणा

**नई दिल्ली,** 27 जनवरी (एजेंसियां)। नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा (एनएसडी) ने आज दुनिया के सबसे बड़े थिएटर फेस्टिवल, भारत रंग महोत्सव (बीआरएम) के 25वें वर्ष की घोषणा की । यह कार्यक्रम 1 फरवरी से 21 फरवरी, 2024 तक होने वाला है। देश के 15 शहरों में फैले इस 21-दिवसीय थिएटर फेस्टिवल में 150 से अधिक प्रदर्शन, कार्यशालाएं, चर्चाएं और मास्टरक्लास शामिल होंगे। इस वर्ष भारत रंग महोत्सव की 25वीं वर्षगांठ मनाई जा रही है। इस प्रेस वार्ता को एनएसडी सोसाइटी के अध्यक्ष परेश रावल, भारंगम के रंगदूत पंकज त्रिपाठी, एनएसडी निदेशक चितरंजन त्रिपाठी, वाणी त्रिपाठी, एनएसडी के कुल सचिव आदि ने संबोधित किया। इस वर्ष का भारंगम के लिए 'वसुधैव कुटुंबकम-वंदे भारंगम' को टैग लाईन बनाया गया है। इस वर्ष भारत रंग महोत्सव का शुभारंभ 1 फरवरी, 2024 को मुंबई में नेशनल सेंटर फॉर द परफॉर्मिंग आर्ट्स (एनसीपीए) में होगा। महाराष्ट्र के राज्यपाल महामहिम माननीय रमेश बैस, एनएसडी अध्यक्ष परेश रावल के साथ इसका आधिकारिक तौर पर उद्घाटन करेंगे । समारोह उद्घाटन के बाद आशुतोष राणा द्वारा अभिनीत भव्य नाटक 'हमारे राम' का मंचन किया जाएगा। एनएसडी के निदेशक चितरंजन त्रिपाठी ने कहा, 'हम भारत रंग महोत्सव के 25वें वर्ष की शुरुआत कर रहे हैं, यह वास्तव में एक महत्वपूर्ण अवसर है, जो कलात्मक उत्कृष्टता और सांस्कृतिक विविधता के प्रति हमारी स्थायी प्रतिबद्धता को दर्शाता है । हम रंगमंच के जादू को बढ़ावा देने, विविध ध्वनियों और जन कथाओं को पनपने के लिए एक विशल मंच प्रदान करने के लिए समर्पित हैं । इस वर्ष का उत्सव न केवल एक मील का पत्थर साबित होगा बल्कि प्रदर्शन कलाओं की परिवर्तनकारी शक्ति में हमारे दृढ़ विश्वास की पुष्टि भी करेगा।



# चिकित्सकों ने 4.5 किलोग्राम वजन का ब्रेस्ट ट्यूमर निकाला

## ट्यूमर को हटाने के बाद स्तन का सफलतापूर्वक पुनर्निर्माण

**गुरुग्राम**, 27 जनवरी (एजेंसियां)। गुरुग्राम के चिकित्सकों ने महिला के स्तन से 23 सेमी का 4.5 किलोग्राम वजनी विशाल ट्यूमर सफलतापूर्वक निकाला है। फाइलोड्स ट्यूमर के रूप में पहचाने जाने वाले ट्यूमर के लिए पूरे स्तन हटाने और उसके बाद स्तन पुनर्निर्माण सर्जरी की जरूरत पड़ी।



मरीज को शुरू में अपने स्तन में एक छोटी सी गांठ दिखाई दी थी। उन्होंने पांच महीने तक चिकित्सा सहायता लेने पर ध्यान नहीं दिया, इस दौरान गांठ 2 सेमी से 23 सेमी तक बढ़ गई। सीके बिड़ला अस्पताल गुरुग्राम के डॉक्टरों ने इसे फाइलोड्स ट्यूमर बताया। हालांकि इसे स्तन कैंसर के रूप में वर्गीकृत नहीं किया गया था, लेकिन यह इस हद तक बढ़ गया था कि स्तन को संरक्षित करना अब कोई विकल्प नहीं था।

अस्पताल में ब्रेस्ट सेंटर के प्रमुख सलाहकार और प्रमुख डॉ. रोहन खंडेलवाल ने सर्जरी का नेतृत्व किया। उन्होंने कहा कि मरीज हमारे पास पूरे स्तन में एक बड़ी गांठ के साथ आई थी, जिसकी पहचान फाइलोड्स ट्यूमर के रूप में की गई थी। शुरुआती पहचान स्तन में गांठ के रूप में होने के बावजूद उसने लंबे समय तक गांठ को नजरअंदाज किया था क्योंकि इसमें दर्द नहीं होता था। आकार को देखते हुए, उसे ट्यूमर हटाने की सर्जरी करानी पड़ी, जहां उसके बाएं स्तन को संरक्षित नहीं किया जा सका।

# कंटेंट निर्माण में वेस्टर्न डिजिटल की हैंडबुक मददगार

## कंटेंट क्रिएटर्स को निरंतर और नया कंटेंट बनाने की जरूरत

**लखनऊ,** 27 जनवरी (एजेंसियां)। देश में कंटेंट क्रिएटरों की बढ़ती तादाद और प्रतिस्पर्धा के बीच कंटेंट निर्माण में सही तकनीकी उपकरण चुनने के लिए वेस्टर्न डिजिटल की हैंडबुक मददगार साबित हो सकती है।

एक अध्ययन के अनुसार 2022 में देश में कंटेंट क्रिएटरों की तादाद करीब आठ करोड़ थी जो 2023 में बढ़ कर 10 करोड़ होने का अनुमान है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर लगातार बढ़ते कंटेंट की मात्रा में अपने लिए जगह बनाना मुश्किल होता जा रहा है। इसलिए कंटेंट क्रिएटर्स को निरंतर और नया कंटेंट बनाने की जरूरत है, जिसके कारण उन्हें अपने क्रिएटिव सफर के लिए भारी मात्रा में डेटा को संभालना पड़ता है। ऐसे में सही तकनीकी टूल्स का चयन करना बहुत काम आता है। ऐसे में तकनीक के बेहतर इस्तेमान से न सिर्फ कम्प्यूटर की परफॉरमेंस को बेहतर किया जा सकता है जो कॉन्टेंट रचने की यात्रा में एक बेहद अहम पहलू है। सबसे पहले, एसएसडी (सॉलिड स्टेट ड्राइव) तेजी से बड़ी फाईल एक्सेस कर सकती हैं जिससे बूट टाईम और परफॉरमेंस तेज हो जाते हैं। वीडियो एडिटर्स को रॉ डाटा और भारी ऐडिटिंग सॉफ्टवेयरों के साथ काम करना होता है, ऐसे में डब्ल्यूडी ब्लू एसएन580 एनवीएमई एसएसडी के इस्तेमाल पर विचार किया जा सकता है जिसे तेज गति और 2टीबी तक की स्टोरेज क्षमता के लिए जाना जाता है। इसके 1 टीबी और 2टीबी मॉडलों की रफ्तार 4150 एमबी प्रति सैकिंड तक पहुंच जाती है और एनकैश 4.0 टेक्नोलॉजी के साथ फाइलें बहुत तेज़ी से कॉपी होती हैं। दूसरा विकल्प एक्सटर्नल ड्राईव का है जो अतिरिक्त स्टोरेज क्षमता प्रदान करती है ये फाइलें संभालने, बैकअप व मल्टीमीडिया कॉन्टेंट के लिए आवश्यक होती है। ऐसा एक विकल्प हो सकता है सानडिस्क प्रोफेशनल जी-ड्राइव ऐंटरप्राइस-क्लास हार्ड ड्राइव, जो कि 22टीबी तक की भारी-भरकम स्टोरेज क्षमता में उपलब्ध है। एचडी फोटो, वीडियो व अन्य कॉन्टेंट के बैकअप और उन्हें ऐक्सैस करने के लिए यह परफैक्ट है। इसके अलावा एक्सटर्नल एचएचडी इंटरनल एसएसडी को पूर्णता देती है। इसलिए, इंटरनल स्टोरेज फाइलों को ट्रांस्फर कर के कंटेट क्रिएटर स्पेस को फ्री कर सकते हैं और इस तरह अपने कंप्यूटर की स्मूद फंक्शनेलिटी को रिस्टोर कर सकते हैं।

## दीप्ति साधवानी ने अपने रेड हॉट लुक से पेरिस फैशन वीक के रैम्प वॉक पर लगाया चार चांद

**नई दिल्ली,** 27 जनवरी (देशबन्धु)। भारतीय मनोरंजन इंडस्ट्री के लिए एक ऐतिहासिक पल है जिसमें, अभिनेत्री दीप्ति साधवानी ने प्रतिष्ठित पेरिस फैशन वीक में डियोर शो के लिए रैम्प वॉक की।




प्रसिद्ध ऐश्वर्या राय बच्चन के नक्शेकदम पर चलते हुए, जो हर साल इस कार्यक्रम की शोभा बढ़ाती हैं, दीप्ति साधवानी की उपलब्धि ने पेरिस फैशन वीक में वॉक कर के अपने करियर में एक नया मुक़ाम हासिल किया है। यह गौरवपूर्ण क्षण न केवल फैशन के दायरे में बल्कि बाहरी देशों में भी भारतीय प्रतिभा के बढ़ते प्रभाव और मान्यता के प्रतीक के रूप में भी आगे ले जाता है।

अपनी प्रतिभा और सुंदरता के लिए जानी जाने वाली दीप्ति साधवानी ने भारतीय फिल्म उद्योग में ध्यान आकर्षित किया है, और अब, वह एक अंतरराष्ट्रीय मंच पर कदम रख रही हैं, जिस पर लंबे समय से स्थापित नामों का वर्चस्व रहा है। डियोर शो में उनकी उपस्थिति को लेकर जो प्रत्याशा थी, वह राष्ट्र के सामूहिक उत्साह और गौरव को दर्शाती है, क्योंकि प्रशंसक और उद्योग के अंदरूनी लोग उनके रनवे डेब्यू का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। यह भारतीय सिनेमा और फैशन के उभरते परिदृश्य का एक प्रमाण है।

## किसी किरदार को निभाना सिर्फ लाइनें लिखना और काम करना नहीं है : नवनीत मलिक

**मुंबई,** 27 जनवरी (एजेंसियां)। शो 'आंख मिचौली' में नजर आने वाले अभिनेता नवनीत मलिक ने अंडरकवर पुलिस गाथा के लिए गुजराती सीखने के बारे में बात की और बताया कि एक किरदार निभाना सिर्फ लाइनें भरना और काम करना नहीं है।



नवनीत, जो मुख्य रूप से हरियाणा से हैं, शो में एक गुजराती किरदार निभाते हैं। अपने अभिनय को निखारने और सुमेध के किरदार में ढलने के लिए उन्होंने गुजराती बोली सीखी है।

'द फ्रीलांसर' फेम एक्टर ने शेयर किया कि एक अभिनेता के रूप में खुद को यह विश्वास दिलाना जरूरी है कि आप ही किरदार हैं। सुमेध के अपने किरदार के लिए मैं एक खास बोली में बोलना चाहता था, क्योंकि किरदार का एक निश्चित उच्चारण और बोली है।

उन्होंने कहा कि यह समझना बहुत महत्वपूर्ण है कि किसी किरदार को निभाना सिर्फ लाइनें लिखना और काम करना नहीं है। मैंने बोली को पढ़ना और सीखना शुरू कर दिया है, क्योंकि यह महत्वपूर्ण है, तभी मैं अपना बेस्ट देने में सक्षम हो पाऊंगा। यह कहना सही होगा कि मैंने बोली में महारत हासिल कर ली है। अभिनेता ने कुछ महीनों के लिए एक गुजराती सांस्कृतिक सलाहकार के तहत ट्रेनिंग सेशन लिया। उन्होंने कहा कि मैंने वर्कशॉप अटेंड कर रहा हूं, ट्रेनिंग ले रहा हूं। यह काफी मजेदार रहा, मैं झूठ नहीं बोलूंगा। अब मैं गुजरात की संस्कृति को समझता हूं जहां यह शो सेट है। इसके अलावा, इस वर्कशॉप ने मुझे एक इमोशनल गुजराती लड़के की भूमिका निभाने के लिए सांस्कृतिक सटीकता लाने में मदद की। शो में खुशी दुबे और नवनीत हैं। यह शशि सुमीत प्रोडक्शंस द्वारा निर्मित और स्टार प्लस पर प्रसारित होता है।

## 'मेक इन इंडिया और पिएलआई से भारत में मेनुफ्रेकिंग का परिदृश्य ला रहा है सकारात्मक बदलाव



**नई दिल्ली,** 27 जनवरी (देशबन्धु)। भव्य भारत फाउंडेशन के प्रकल्प कर्तव्य पथ ब्लॉग्स को पेटीएम के संस्थापक और सीईओ विजय शेखर शर्मा द्वारा मुख्य अतिथि के रूप में जेईसीआरसी विश्वविद्यालय, जयपुर में लॉन्च किया गया था। भारत, आज अपने स्वर्णिम अमृतकाल की और आगे बढ़ रहा है और विविध क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। देश का युवा, भारत भाग्य विधाता है और 2047 में विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने में उनकी सबसे महत्वपर्णू भूमि का रहने वाली है। तब भारत का युवा क्या विचार रखता है। यह समजना अति आवश्यक है और उस विचार से समग्र भारत में देश के लिए कुछ योगदान देने के विचार का संचार हो वह भी उतना ही आवश्यक है। उसी विचार को आगे बढ़ाते हुए भव्य भारत फाउंडेशन एवं निरवद्य फाउंडेशन द्वारा 'कर्तव्य पथ ब्लोग्स' की पहल की गई है। भव्य भारत फाउंडेशन, भारत में युवाओं द्वारा कार्यरत एक निर्लाभ और गैर सरकारी संस्था है जो वर्ष 2015 से एज्युकेशन, एम्पॉवरमेंट, एन्हांसमेंट, एनलाइटनमेंट और एनवायरमेंट के क्षेत्र में अपने 9 विविध प्रकल्प एवं अन्य गतिविधि से समाजहित और राष्ट्र निर्माण हेतुकार्यरत है। युवाओं को समाज कार्य के लिए प्रेरित कर राष्ट्र निर्माण के कार्य में सक्रिय करना, यह भव्य भारत फाउंडेशन का मुख्य हेतु है।

**बोट लाइफस्टाइल के सह संस्थापक व सिएमआ, अमन गुप्ता भव्य भारत फाउंडेशन द्वारा आयोजित 'कर्तव्य पथ डायलॉग'**

कर्तव्य पथ डायलॉग्स एक अनूठा मंच है जो युवाओं के लिए एक ही मंच पर देश के स्टार्टअप उद्योग के दिग्गजों के साथ बातचीत करने और अपनी आकांक्षाओं को पूरा करने के साथ-साथ अमतृ काल में विकसित भारत के लिए योगदान करने के लिए अपने दृष्टिकोण को साझा करने के अवसरों के द्वार खोलता है। 24 जनवरी, 2024 को, शारदा यूनिवर्सिटी, ग्रेटर नोएडा, एनसीआर में चौथा कर्तव्य पथ डायलॉग आयोजित किया गया, जहां लगभग 1200+ युवाओं ने अमन गुप्ता के साथ बातचीत में भाग लिया। उन्होंने 'भारत@2047 विषय पर न्यूइंडियाज ग्लोबल टेकएड विषय पर बात रखी और संवाद किया। मुख्य अतिथि ने युवा सभा को संबोधित किया

इस अवसर पर युवा सभा को संबोधित करते हुए अमन गुप्ता ने युवाओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि जॉब सीकर नहीं, जॉब क्रिएटर बने। विश्व में ब्रांड इंडिया को बढ़ावा मिल रहा है और मेक इन इंडिया और पिएलाई मेनुफ्रेकिंग क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव ला रहें है। उन्होंने यह भी कहा की 'अपना टाइम आ गया है'। 'देश स्टार्टअप, मेनुफ्रेकिंग और वैश्विक नेतृत्व में कमाल कर रहा है। इस अवसर पर भव्य भारत फाउंडेशन के संस्थापक रंगम त्रिवेदी ने 'अमतृ काल' की परिकल्पना को परिभाषित करते हुए युवा सभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि हमारे देश की दृष्टि और कार्रवाई पंचवर्षीय योजना तक सीमित थी, लेकिन आज, हम 'विकसित भारत@100' के लक्ष्य के साथ 25 साल की दृष्टि और कार्रवाई के साथ आगे बढ़ रहे हैं, यही अमृतकाल है।

# भाजपा करा रही राम दर्शन यात्रा, रामनगरी में झूम के चल रहे भंडारे

**अयोध्या,** 27 जनवरी (देशबन्धु)। भाजपा कि राम दर्शन यात्रा शुरू हो गई है। श्री राम मंदिर दर्शन में श्रद्धालुओं के लिए भोजन व्यवस्था में 21 स्थलों पर भण्डारे की व्यवस्था की गई है। 13 स्थलों पर शुक्रवार से भण्डारा प्रारम्भ कर दिया गया है। जिनमें टेंट सिटी के प्रयाग नगर में भण्डारा प्रारम्भ कर दिया गया है। अयोध्या कैंट में एक तथा अयोध्या धाम में 11 स्थलों पर भण्डारे प्रारम्भ कर दिए गए है। टेंट सिटी के 6 नगरों में अलग-अलग भण्डारे चलेंगे। टेंट सिटी के भण्डारों में प्रांतवासियों की रूचि के अनुसार भोजन की व्यवस्था की जा रही है। अल्पाहार की व्यवस्था की गई है। विभिन्न समाजसेवी संस्थाओं के सहयोग से भण्डारे संचालित किए जा रहे है। फटिक शिला आश्रम राम घाट हाल्ट पर 5 हजार, निरीक्षण भवन सिचाई विभाग राम की पैड़ी पर ढाई से तीन हजार, पंचवटी आश्रय गृह के पास 5 हजार, रघुकुल रेस्टोरेंट के बगल लगभग 3000, श्री राम भद्राचार्य कथा स्थल पर तीन से पांच हजार की, दन्त धावन कुण्ड में पांच हजार, हरी वाटिका तुलसी उद्यान डेढ़ से दो हजार, राज गोपाल मंदिर निकट छोटी देवकाली 1500 से 2000 की क्षमता के भण्डारे संचालित किए जाएंगे। इसके अतिरिक्त बागी मंदिर सब्जी मंडी के सामने दो हजार, कारसेवकपुरम् 5 हजार, रामकोट में 2.5 हजार, अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन पर 2.5 से तीन हजार, बड़ा फाटक मंदिर रामघाट 2.5 हजार, अयोध्या कैंट जंक्शन के पास स्काउट गाइड मैदान में 3 हजार क्षमता के भण्डारों का संचालन होगा। हनुमान बाग में भण्डारा चलने की योजना है। आवास व्यवस्था प्रमुख अभिषेक मिश्र ने बताया भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल रविवार प्रात 10 बजे टेंट सिटी पहुंचेंगे। महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, बिहार, हरियाणा सहित कई प्रांतों के कार्यकर्ता व्यवस्था की दृष्टि से अयोध्या पहुंच चुके है। मीडिया प्रभारी दिवाकर सिंह के अनुसार भंडारों को लेकर सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। हलवाई व सहयोगियों आ चुके है। जिसको लेकर लगातार स्थल व्यवस्था प्रमुख से समन्वय बनाया जा रहा है। सभी का प्रयास है कि अयोध्या आने वाले रामभक्तों को सुगमता से भोजन मिल सके।



### इन स्थलो पर प्रारम्भ हो चुके है भण्डारे

फटिक शिला आश्रम राम घाट हाल्ट, निरीक्षण भवन सिचाई विभाग राम की पैड़ी, पंचवटी आश्रय गृह के पास, रघुकुल रेस्टोरेंट के बगल, दन्त धावन कुण्ड, हरी वाटिका तुलसी उद्यान, राज गोपाल मंदिर निकट छोटी देवकाली, बागी मंदिर सब्जी मंडी के सामने, कारसेवकपुरम, अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन, बड़ा फाटक मंदिर, अयोध्या कैंट जंक्शन के पास स्काउट गाइड, टेंट सिटी प्रयाग नगर, में भण्डारों का संचालन प्रारम्भ हो चुका है।

### टेंट सिटी में बसाए गए है छह नगर

आवास व्यवस्था को लेकर नव्य अयोध्या में बनी टेंट सिटी में 6 नगर बसाए गए है। जिसमें वाल्मीकि विशिष्ट की आवास क्षमता 500 है। इसके अतिरिक्त अंजनेरी, चित्रकूट, मिथिला, पंचवटी, प्रयाग नगर बसाए गए है। जिनमें प्रत्येक की क्षमता 4 हजार आवास की है।

देशबन्धु

# [अर्थ जगत]

### सर्वाधिक बढने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| भारती एयरटेल | 3.52 प्रतिशत |
| एनटीपीसी | 3.04 प्रतिशत |
| टेक महिंद्रा | 2.56 प्रतिशत |
| टाटा स्टील | 2.40 प्रतिशत |
| महिंद्रा एंड महिंद्रा | 2.38 प्रतिशत |

### सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| इंडसइंड बैंक | 3.24 प्रतिशत |
| एचडीएफ़सी बैंक | 1.08 प्रतिशत |
| कोटक बैंक | 0.66 प्रतिशत |
| एसबीआई | 0.10 प्रतिशत |
| रिलायंस | 0.01 प्रतिशत |

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 47,310 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 31,400 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 70,096 |
| वायदा | 70,183 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 870 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 67.77 | 78.57 |
| पौड स्टलिंग | 90.94 | 105.45 |
| यूरो | 76.54 | 88.78 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दडा | 2750-2850 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### शुगर

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 3590-3690 |
| चीनी एम | 4150-4250 |
| मिल डिलीवरी | 3470-3570 |
| गुड़ | 4600-4700 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 5500-5600 |
| दाल चना | 6500-6600 |
| मसूर काली | 7350-7450 |
| उड़द दाल | 10000-10100 |
| मूंग दाल | 9550-9650 |
| अरहर दाल | 12500-12600 |

## पेट्रोल और डीजल की कीमतें यथावत



नई दिल्ली, 27 जनवरी (एजेंसियां)। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी के बीच घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम आज अपरिवर्तित रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये प्रति लीटर तथा डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये प्रति लीटर पर और डीजल 94.27 रुपये प्रति लीटर पर रहा।

## भारत में एच-125 हेलीकॉप्टर बनाएगी एयरबस

**नई दिल्ली,** 27 जनवरी (एजेंसियां)। फ्रांस की विमान निर्माण कंपनी एयरबस ने सिविल उपयोग के लिए सबसे लोकप्रिय एच-125 हेलीकॉप्टरों का निर्माण भारत में करने के लिए टाटा समूह के साथ एक समझौता किया है। इन हेलीकॉप्टरों की भारत में आपूर्ति के साथ साथ आसपास के देशों को निर्यात भी किया जाएगा।

टाटा समूह की सहायक कंपनी टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स लिमिटेड (टीएएसएल) एयरबस हेलीकॉप्टरों के निर्माण के लिए फाइनल असेंबली लाइन (एफएएल) स्थापित करेगी। एफएएल का स्थान एयरबस और टाटा समूह द्वारा संयुक्त रूप से तय किया जाएगा। गुजरात के वडोदरा में मेक इन इंडिया सी-295 सैन्य विमान निर्माण सुविधा के बाद यह एयरबस द्वारा भारत में निर्मित होने वाली दूसरी एफएएल होगी।

कंपनी के अनुसार एफएएल को स्थापित होने में 24 महीने लगेंगे और पहले 'भारत निर्मित' एच-125 की आपूर्ति 2026 में शुरू होने की उम्मीद है। भारत में एफएएल में प्रमुख घटक




असेंबलियों, एवियोनिक्स और मिशन सिस्टम, विद्युत हार्नेस की स्थापना, हाइड्रोलिक सर्किट, उड़ान नियंत्रण, गतिशील घटकों, ईंधन प्रणाली और इंजन को जोड़ने का कार्य किया जाएगा। यहां से भारत और आसपास के देशों में ग्राहकों के लिए एच-125 का परीक्षण, प्रमाणन और वितरण भी किया जाएगा।

एच-125 दुनिया का सबसे ज्यादा बिकने वाला सिंगल-इंजन हेलीकॉप्टर है जो अपनी श्रेणी के अन्य हेलीकॉप्टरों से कहीं अधिक ताकतवर और लोकप्रिय है। यह उच्च प्रदर्शन वाला बहुमुखी हेलीकॉप्टर एयरबस के एक्यूरुइल परिवार का सदस्य है, जिसने दुनिया भर में 3.8 करोड़ से अधिक उड़ान घंटे अर्जित किए हैं।

एच-125 माउंट एवरेस्ट पर उतरने वाला एकमात्र हेलीकॉप्टर है, जो अत्यधिक ऊंचाई एवं अत्यंत प्रतिकूल वातावरण में भी संचालन में कुशल है। इसकी क्षमता एवं दक्षता के कारण इस हेलीकॉप्टर का अग्निशमन, सुरक्षा अभियानों, बचाव, हवाई एम्बुलेंस, यात्री परिवहन और कई अन्य विशिष्ट मिशनों के लिए भी उपयोग किया जाता है। एयरबस ने कहा कि उनकी यह नवीनतम घोषणा भारत में एक समग्र एयरोस्पेस पारिस्थितिकी तंत्र विकसित करने के कंपनी के प्रयासों का हिस्सा है। जहां कंपनी विमान असेंबली, घटक विनिर्माण, इंजीनियरिंग, डिजिटल डिजाइन एवं विकास, एमआरओ सुविधाओं के निर्माण के अलावा पायलट सहित रखरखाव के लिए प्रशिक्षित एवं कुशल कामगारों की उपलब्धता के लिए शैक्षणिक सहयोग कर रही है, वही दूसरी ओर वह भारत में अपने औद्योगिक निर्माण कार्य का विस्तार कर रही है।

■ **गुजरात के वडोदरा में मेक इन इंडिया सी-295 सैन्य विमान निर्माण सुविधा के बाद यह एयरबस द्वारा भारत में निर्मित होने वाली दूसरी एफएएल होगी**

## 'रेलिगेयर फिनवेस्ट के एसबीआई के खाते पर से हटा धोखाधड़ी का टैग'

**नई दिल्ली,** 27 जनवरी (एजेंसियां)। रेलिगेयर फिनवेस्ट लिमिटेड (आरएफएल) के लिये एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम में उसको कर्ज देने वाले बैंकों में एक बैंक भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने उसके ऋण खाते पर से 'धोखाधड़ी'का टैग हटा दिया है। एसबीआई ने आरएफएल को इसकी जानकारी दे दी है। कंपनी की ओर से दी गयी जानकारी के अनुसार बैंक का यह निर्णय उच्च न्यायालय के गत 18 दिसंबर के एक आदेश के अनुसार है जिसमें उसे इस आरएफएल के खाते को धोखाधड़ी के मामलों की केंद्रीय पंजिका से हटाने के लिए एसबीआई को कहा गया था। एसबीआई ने आरएफएल को शुक्रवार को औपचारिक रूप से इस कार्रवाई की जानकारी दी। गौरतलब है कि रेलिगेयर एंटरप्राइजेज लिमिटेड (आरईएल) की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी आरएफएल ने सामान्य तरीकों से धन संचित कर गत मार्च में 16 बैंकों/ऋणदाताओं के कर्ज का एकमुश्त निपटान (ओटीएस) पूरा किया और इसमें बैंकिंग प्रणाली को 9000 करोड़ रुपये से अधिक का भुगतान किया गया। आरएफएल के मुख्य अधिशासी अधिकारी




पंकज शर्मा ने कहा है कि कंपनी को अब भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा उसके कारोबार पर लागू चार साल से लागू नियंत्रणों को हटाए जाने का इंतजार है। केंद्रीय बैंक ने आरएफएल के खातों की उस समय की रिपोर्ट के मद्देनजर पर इस गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनी को जनवरी 2018 में सुधारात्मक कार्य योजना (सीएपी) के तहत कई प्रकार की पाबंदियों लगा रखी हैं। रेलिगेयर एंटरप्राइजेज लि. की कार्यकारी अध्यक्ष और आरएफएल की अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक डॉ. रश्मि सलूजा ने कहा, धोखाधड़ी टैग को हटाना कंपनी के बोर्ड, प्रबंधन और कर्मचारियों की प्रतिबद्धता और समर्पण का एक प्रमाण है, जिन्होंने आरएफएल और रेलीगेयर समूह को इसके पिछले प्रवर्तकों और उनके सहयोगियों के धोखाधड़ी के कृत्य से उबारा है।

## एफपीआई ने जनवरी में 27 हजार करोड़ रुपये की इक्विटी बेची

**नई दिल्ली,** 27 जनवरी (एजेंसियां)। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य निवेश रणनीतिकार वीके विजयकुमार ने कहा कि एफपीआई नकदी बाजार में विक्रेता बने रहे और उन्होंने 25 जनवरी तक 27,664 करोड़ रुपये की इक्विटी बेची। एफपीआई ऑटो और ऑटो सहायक, मीडिया और मनोरंजन व मामूली रूप से आईटी में विक्रेता थे। उन्होंने कहा, उन्होंने तेल और गैस, बिजली और चुनिंदा वित्तीय सेवाएं खरीदीं। अमेरिका में बढ़ती बांड पैदावार चिंता का विषय है और इससे नकदी बाजार में बिकवाली का हालिया दौर शुरू हो गया है। वैश्विक शेयर बाजारों में तेजी फेड की धुरी से शुरू हुई, जिसमें 10 साल की बॉन्ड यील्ड 5 प्रतिशत से गिरकर लगभग 3.8 प्रतिशत हो गई। उन्होंने कहा, अब 10-वर्ष 4.18 प्रतिशत पर वापस आ गया है जो इंगित करता है कि फेड दर में कटौती केवल 2024 की दूसरी छमाही में होगी। कोटक इंस्टीट्यूशनल इक्विटीज की एक रिपोर्ट के अनुसार, सूचीबद्ध फंडों में 2 बिलियन डॉलर का प्रवाह देखा गया, जो पूरी तरह से ईटीएफ प्रवाह के कारण था। भारत-समर्पित फंडों में 3.1 बिलियन डॉलर का प्रवाह देखा गया, जो 2 बिलियन डॉलर ईटीएफ प्रवाह और 1.1 बिलियन डॉलर गैर-ईटीएफ प्रवाह में विभाजित है, जबकि जीईएम फंडों में 247 मिलियन डॉलर का बहिर्वाह देखा गया, जिसके नेतृत्व में 337 मिलियन गैर-ईटीएफ प्रवाह, 90 मिलियन डॉलर की भरपाई हुई।

## हरदीप पुरी ने किया 'ओएनजीसी दर्पण' का उद्घाटन

**नई दिल्ली,** 27 जनवरी (देशबन्धु)। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस और आवास एवं शहरी मामलों के मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने शनिवार को नयी दिल्ली में ओएनजीसी के अत्याधुनिक डिजिटल निगरानी केंद्र 'ओएनजीसी दर्पण' का उद्घाटन किया। कंपनी की ओर से जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार भारत में यह किसी कंपनी का




अपनी तरह का पहला डिजिटल केंद्र है, जो ओएनजीसी के तेल एवं गैस कुओं और ड्रिलिंग इकाइयों (अपतटीय सहित) की पल-पल की निगरानी कर सकेगा। इससे कंपनी के लिये इन कामों के लिए मानवीय हस्तक्षेप और मशीनरी सक्रिय करने के समय को कम करने, संचालन को अनुकूलित करने और पूर्वानुमानित रख-रखाव (प्रेडिक्टिव मेंटेनेंस) में मदद मिलेगी। इस केंद्र के उद्घाटन के अवसर पर पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय के सचिव पंकज जैन, उद्योग संवर्धन एवं आंतरिक व्यापार विभाग (डीपीआईआईटी) के सचिव राजेश कुमार सिंह और ओएनजीसी के अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी, अरुण कुमार सिंह उपस्थित थे।

श्री पुरी ने ऊर्जा के क्षेत्र में स्टार्टअप की भूमिका पर आयोजित चर्चा- 'एनर्जी स्टार्टअप्स- ड्राइविंग द एनर्जी फ्यूचर' में भी भाग लिया। उन्होंने बंगाल की खाड़ी के कृष्णा गोदावरी बेसिन में इस महारत्न कंपनी की प्रमुख गहरे पानी की परियोजना के केजी-98/2 ब्लॉक से तेल का उत्पादन शुरू होने के संबंध में ओएनजीसी कर्मचारियों की सराहना की। अनुमान है कि इस ब्लॉक से दैनिक रूप से अधिकतम 45,000 बैरल तेल और एक करोड़ घन मीटर गैस प्रतिदिन निकाली जा सकती है। उन्होंने कहा कि उन्हें विश्वास है कि वहां से तेल और गैस दोनों का उत्पादन इससे कहीं अधिक होगा। इस ब्लॉक से तेल का उत्पादन, सात जनवरी को शुरू हो चुका है।

### सार संक्षेप

#### तीसरी तिमाही में यस बैंक के शुद्ध लाभ में 4 गुना उछाल

**मुंबई।** यस बैंक ने शनिवार को चालू वित्त वर्ष की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में शुद्ध लाभ में 4 गुना से अधिक की बढ़ोतरी के साथ 231.6 करोड़ रुपये की वृद्धि दर्ज की। पिछले साल की समान तिमाही में बैंक ने 51.5 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था। शुद्ध ब्याज आय (एनआईआई), जो ऋण पर प्राप्त ब्याज और जमा पर भुगतान के बीच का अंतर है, साल-दर-साल 2.3 प्रतिशत बढ़ी। तिमाही के दौरान बैंक का परिचालन लाभ 5.4 प्रतिशत बढ़कर 864 करोड़ रुपये हो गया। बैंक का कुल एनपीए 2 प्रतिशत पर रहा, जिसमें पिछले वर्ष की तुलना में कोई बदलाव नहीं हुआ, जबकि शुद्ध एनपीए में मामूली सुधार हुआ, जो पिछले वर्ष की समान अवधि में 1 प्रतिशत से घटकर 0.9 प्रतिशत हो गया।

#### लॉजिस्टिक्स फर्म फ्लेक्सपोर्ट 20 प्रतिशत कर्मचारियों की छंटनी करेगी : रिपोर्ट

**सैन फ्रांसिस्को।** लॉजिस्टिक्स कंपनी फ्लेक्सपोर्ट कथित तौर पर अपने लगभग 20 प्रतिशत कर्मचारियों की अतिरिक्त छंटनी की योजना बना रही है। द इंफॉर्मेशन की एक रिपोर्ट के मुताबिक, फ्लेक्सपोर्ट अगले कुछ हफ्तों में अपने कर्मचारियों की संख्या में कटौती कर सकता है। फ्लेक्सपोर्ट ने पिछले साल अक्टूबर में कंपनी के कर्मचारियों की संख्या में 20 प्रतिशत की कटौती की, जिससे लगभग 600 कर्मचारी प्रभावित हुए। रिपोर्ट में कहा गया है, यह सॉफ्टबैंक समर्थित लॉजिस्टिक्स स्टार्टअप के लिए एक साल से अधिक समय में कटौती का तीसरा बड़ा दौर होगा। अक्टूबर में नौकरी में कटौती के बाद कंपनी में लगभग 2,600 कर्मचारी थे। सीईओ रयान पीटरसन ने कहा था कि इस निर्णय से, हम कीमतें बढ़ाए बिना या अपनी मजबूत बैलेंस शीट को जोखिम में डाले बिना लाभप्रदता पर वापस आ सकेंगे। उन्होंने एक ब्लॉग पोस्ट में कहा था, इसके बजाय, लाभप्रदता का हमारा रास्ता ग्राहकों की समस्याओं को हल करने वाले उत्कृष्ट वैश्विक लॉजिस्टिक्स और प्रौद्योगिकी समाधान प्रदान करने से होकर गुजरता है। पिछले हफ्ते, फ्लेक्सपोर्ट ने कहा कि उसने शॉपिफाई से अतिरिक्त 260 मिलियन डॉलर की फंडिंग जुटाई है। पीटरसन ने एक्स पर पोस्ट किया, फ्लेक्सपोर्ट ने शॉपिफाई से अनकैप्ड कन्वर्टिबल नोट पर 260 मिलियन डॉलर जुटाए। हमारे व्यापार और साझेदारी में विश्वास के इस जबरदस्त वोट के लिए टोबी और आपकी पूरी टीम को धन्यवाद। उन्होंने कहा, हमारी मजबूत बैलेंस शीट हमारी सबसे रणनीतिक परिसंपत्तियों में से एक बनी हुई है क्योंकि हम इस दृष्टिकोण की खोज में 21वीं सदी में वैश्विक व्यापार के अनिश्चित जल में नेविगेट कर रहे हैं। मई में, शॉपिफ़ाइ ने कंपनी में 13 प्रतिशत हिस्सेदारी के बदले में अपना लॉजिस्टिक्स व्यवसाय फ्लेक्सपोर्ट को बेच दिया।

## भारत को सर्कुलर इकोनॉमी में विश्व में अग्रणी बनाने की अपील

**कोलकाता** 27 जनवरी (एजेंसियां)। जी 20 शेरपा अमिताभ कांत ने भारत को सर्कुलर इकोनॉमी में विश्व में अग्रणी बनाने बनाने में हर उद्योग से सहयोग की अपील की है।

श्री कांत ने यहां 11वें इंटरनेशनल मटेरियल रिसाइकलिंग कॉन्फ्रेंस (आईएमआरसी) के समापन सत्र को संबोधित करते हुये कहा, मैंने एमआरएआई को एक छोटी संस्था से लेकर चक्रीय अर्थव्यवस्था की ओर कार्यरत एक गतिशील शक्ति के रूप में विकसित होते हुए करीब से देखा है। 7.5 प्रतिशत की विकास दर के साथ भारत एक तेज़ी से बढ़ रही अर्थव्यवस्था है और अगले कुछ सालों में भारत का दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनना तय है। इसलिए अब यह महत्वपूर्ण है कि डीकार्बोनाइज़िंग के द्वारा विकास और समृद्धि में भारत दुनिया का सबसे पहला देश बने। यह शुद्ध रूप से पर्यावरण का विषय नहीं है, यह एक सामाजिक-आर्थिक अवसर है। रोज़गार निर्माण का यह मौका है। सभी उत्पाद जिनका जीवन समाप्त हो चुका है, वह मेरे लिए कचरा नहीं, बल्कि कच्ची सामग्री है। हम सभी को ग्रह का समर्थन करने वाले ऐसे लोग बनना



चाहिए जो भारत की आगे की प्रगति के लिए चक्रीय अर्थव्यवस्था की प्रासंगिकता को सामने लाए। यह एक लाख करोड़ डॉलर का व्यापार है और भारत को वर्ल्ड लीडर बनाने के लिए प्रत्येक को अपना योगदान और समर्थन देना होगा।

सीओपी 28 के प्रमुख विषयों को एकीकृत करते हुए रिसाइकलिंग, चक्रीय अर्थव्यवस्था और सस्टेनेबिलिटी के महत्वपूर्ण पहलूओं पर चर्चा करने के लिए ग्लोबल लीडर्स, सरकार के उच्च-पदस्थ अधिकारी और उद्योग विशेषज्ञ एक मंच पर इकठ्ठा हुए थे। एमआरएआई का 11वां आईएमआरसी कॉफ्रेंस एंड एक्सपो एशिया का सबसे बड़ा कार्यक्रम है जिसमें 2200 प्रतिनिधि मंडलों ने उपस्थिति दर्ज की और इस कार्यक्रम में 35 से अधिक देशों से 200 प्रदर्शनकारी सहभागी हुए।

एमआरएआई के अध्यक्ष संजय मेहता ने वैश्विक ट्रेंड के साथ सरेखित होते हुए स्क्रैप आयात के लिए एक रणनीतिक दृष्टिकोण अपनाने की ज़रूरत पर ज़ोर दिया। उन्होंने कहा, हम सरकार से अनुरोध करते हैं कि नॉन-फेरस शुल्क हटाया जाए, मुक्त व्यापार को बढ़ावा मिले और हमें बिना किसी शुल्क के आयात करने के लिए अनुमति प्रदान करें और एक खिड़की स्वीकृति की व्यवस्था को सक्षम बनाएं।

चक्रीय अर्थव्यवस्था के सिद्धांतों को लागू करने के लिए हम नए उत्पाद विकसित करने के लिए कम से कम 20 प्रतिशत रिसाइकल योग्य सामग्री का इस्तेमाल अनिवार्य किए जाने की सलाह देते हैं। श्री कांत द्वारा साझा किए गए प्रोत्साहन से हम बहुत प्रेरित हुए हैं। आपके सुझाव के अनुसार हम मुख्य कृति बिंदुओं का खाका तैयार कर रहे हैं जो आपके मार्गदर्शन में रिसाइकलिंग सेक्टर को लाभ पहुँचाने का कार्य करेगा।

## फ्लिपकार्ट के सह-संस्थापक बिन्नी बंसल बोर्ड से बाहर

नई दिल्ली, 27 जनवरी (एजेंसियां)। फ्लिपकार्ट के सह-संस्थापक बिन्नी बंसल 16 साल से ज्यादा समय के बाद ऑफिशियल तौर पर ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म के बोर्ड से बाहर हो गए हैं। दूसरे सह-संस्थापक सचिन बंसल ने 2018 में बोर्ड छोड़ दिया था। फ्लिपकार्ट छोड़ने के बाद, सचिन ने फाइनेंशियल सर्विस फर्म नवी की स्थापना की। बिन्नी ने एक बयान में कहा, फ्लिपकार्ट एक मजबूत नेतृत्व टीम और आगे बढ़ने के स्पष्ट रास्ते के साथ एक मजबूत स्थिति में है, और इस विश्वास के साथ, मैंने कंपनी छोड़ने का फैसला किया है, यह जानते हुए कि कंपनी सक्षम हाथों में है। उन्होंने कहा, मैं टीम को शुभकामनाएं देता हूं, वे कस्टमर्स के लिए एक्सपीरियंस बदलना जारी रखेंगे और मैं बिजनेस का एक मजबूत सपोर्टर बना रहूंगा। फ्लिपकार्ट ग्रुप के सीईओ कल्याण कृष्णमूर्ति ने शनिवार को एक बयान में कहा कि कंपनी एक शानदार विचार और कड़ी मेहनत का नतीजा है, जिसे भारत में खरीदारी के तरीके को बदलने के लिए



प्रतिबद्ध टीमों द्वारा बनाया गया है। उन्होंने कहा, हम बिन्नी को अपने अगले उद्यम के लिए शुभकामनाएं देते हैं और इंडियन रिटेल इकोसिस्टम पर उनके गहरे प्रभाव के लिए उन्हें धन्यवाद देते हैं। इस महीने की शुरुआत में, बिन्नी ने ओप्पडूर नाम से एक नए उद्यम की घोषणा की, जो ई-कॉमर्स कंपनियों को एंड-टू-एंड सॉल्यूशन प्रदान करके वैश्विक स्तर पर परिचालन का विस्तार करने में मदद करेगा। रिपोर्टों के अनुसार, ओप्पडूर शुरुआत में अमेरिका, कनाडा, मैक्सिको, यूके, जर्मनी, सिंगापुर, जापान और ऑस्ट्रेलिया में ई-कॉमर्स कंपनियों पर ध्यान केंद्रित करेगा।

## जिंसों में टिकाव

**नई दिल्ली,** 27 जनवरी (एजेंसियां)। स्थानीय स्तर पर उठाव कमजोर रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल समेत सभी जिंसों में टिकाव रहा।

**तेल-तिलहन :** इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। इस दौरान सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।



**गुड़-चीनी :** मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे।

**दाल-दलहन :** दाल-दलहन बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के भाव पड़े रहे।

**अनाज :** अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान चावल और गेहूं के दाम में कोई बदलाव नहीं हुआ।

**दाल-दलहन :** चना 5550-5650, दाल चना 6550-6650, मसूर काली 7350-7450, मूंग दाल 9700-9800, उड़द दाल 10000-10100, अरहर दाल 11500-11600 रुपये प्रति क्विंटल रहे।

**अनाज :** (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2600-2700 रुपये और **चावल :** 2700-2800 रुपये प्रति क्विंटल रहा।

**चीनी-गुड़ :** चीनी एस 3740-3840, चीनी एम. 4150-4250, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4550-4650 रुपये प्रति क्विंटल बोले गये।

## अकासा एयर 150 विमानों में लगायेगी लीप-1बी इंजन

**नई दिल्ली,** 27 जनवरी (एजेंसियां)। नवोदित एयरलाइन अकासा एयर ने अपने 150 बोइंग 737 मैक्स विमानों के लिए सीएफएम लीप-1बी इंजन खरीदने की घोषणा की है।

एयरलाइन ने शुक्रवार को यह घोषणा ऐसे समय की जब फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों भारत की यात्रा पर आये थे। अकासा ने अमेरिकी कंपनी सीएफएम इंटरनेशनल से अतिरिक्त इंजनों के साथ ही रखरखाव का भी अनुबंध किया है। मुंबई स्थित अकासा एयरलाइन ने अगस्त 2022 में अपना परिचालन शुरू किया था और शुरुआत में ही कुल 76 लीप-1बी इंजन संचालित 737-8 विमानों का ऑर्डर दिया था जिनमें से 22 विमान वर्तमान में सेवारत हैं।

अकासा एयर के संस्थापक और सीईओ विनय दुबे ने यह जानकारी देते हुए कहा कि यह महत्वपूर्ण,




दीर्घकालिक समझौता सीएफएम इंटरनेशनल के अकासा एयर में विश्वास का प्रमाण है। हमारे इंजन रखरखाव प्रदाता के रूप में सीएफएम के साथ साझीदारी जारी रखना न केवल परिचालन विश्वसनीयता पर हमारे फोकस की पुष्टि करता है, बल्कि विश्व स्तरीय सुरक्षा के लिए अकासा एयर की सतत प्रतिबद्धता को भी रेखांकित करता है। उन्होंने कह कि हमारे दीर्घकालिक इंजन रखरखाव प्रदाता के रूप में सीएफएम के साथ यह समझौता, इस दशक के अंत तक हमारे दुनिया की शीर्ष 30 अग्रणी एयरलाइनों में से एक बनने के लक्ष्य को हासिल करने में उपयोगी साबित होगा।

विमान परिचालन में 15 से 20 प्रतिशत ईंधन दक्षता के कारण भारत में सीएफएम के इंजनों की मांग तेजी से बढ़ रही है और इस समय 400 से अधिक विमान लीप-1बी इंजन संचालित हैं तथा करीब ढाई हजार इंजनों के ऑर्डर लंबित हैं। सीएफएम की दोनों मूल कंपनियों जीई एयरोस्पेस और सफ्रान एयरक्राफ्ट इंजन ने भी 'मेक इन इंडिया' के तहत भारतीय एयरोस्पेस कंपनियों के साथ रणनीतिक साझीदारी के करार पर हस्ताक्षर किये हैं जिसमें भारत में लीप इंजनों के उत्पादन और रखरखाव के लिए समर्पित अत्याधुनिक सुविधाओं के निर्माण के लिए निवेश किया जाना है।

लीप इंजनों का उत्पादन वर्ष 2016 में शुरू हुआ था और विश्व भर में इन इंजनों ने कुल साढ़े चार करोड़ घंटों से अधिक की उड़ान भरीं हैं और तीन करोड़ टन से अधिक कार्बन डाइ ऑक्साइड का उत्सर्जन बचाया है।

# खेल जगत

## इंडोनेशिया ओपनः किरण जॉर्ज क्वार्टर फाइनल में हारे, भारत की चुनौती समाप्त

जकार्ता, 27 जनवरी (एजेंसियां)। इंडोनेशिया मास्टर्स में भारतीय शटलर किरण जॉर्ज की प्रभावशाली यात्रा क्वार्टर फाइनल में समाप्त हो गई, क्योंकि उन्हें मौजूदा विश्व चैंपियन थाईलैंड के कुनलावुत विटिडसार्न के रूप में मजबूत प्रतिद्वंद्वी का सामना करना पड़ा। अथक प्रयास करने के बावजूद, किरण जॉर्ज ने 43 मिनट तक चली कड़ी लड़ाई में दुनिया के 9वें नंबर के खिलाड़ी के सामने 14-21, 6-21 के अंतिम स्कोर के साथ हार मान ली। क्वार्टरफाइनल हार ने बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर सुपर 500 टूर्नामेंट में भारतीय चुनौती के समापन को चिह्नित किया। इससे पहले, दुनिया के 19वें नंबर के लक्ष्य सेन और 30वें नंबर के प्रियांशु राजावत अपने-अपने प्री-क्वार्टर फाइनल मैच में हारकर प्रतियोगिता से बाहर हो गए थे। इसके अतिरिक्त, भारत की शीर्ष पुरुष युगल जोड़ी, सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी, अपने पिछले दो मुकाबलों में लगातार फाइनल में पहुंचने के बावजूद टूर्नामेंट से हट गए।



# ओली का नाबाद शतक, इंग्लैंड का संघर्ष जारी

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

- इंग्लैंड 126 रन आगे, दूसरी पारी में चार विकेट बाकी
- पॉप की भारतीय स्पिनरों से पार पाने के लिए रिवर्स स्वीप की रणनीति कारगर
- भारत ने हासिल की थी पहली पारी में 190 रन की बढ़त



नई दिल्ली, 27 जनवरी। ऑली पॉप के %बेजबॉल' शैली का अनुसरण कर जड़े शानदार अविजित शतक और विकेटकीपर बल्लेबाज बेन फॉक्स के साथ उनकी छठे विकेट की 112 की भागीदारी की बदौलत पहली पारी में 190 रन से पिछड़ने के बाद मेहमान इंग्लैंड टीम ने भारत के खिलाफ पांच टेस्ट मैचों की क्रिकेट सीरीज के हैदराबाद में खेले जा रहे पहले टेस्ट में तीसरे दिन का खेल बंद होने तक शनिवार को अपनी दूसरी पारी में छह विकेट पर 316 रन बनाए। तब पॉप 208 गेंद, 17 चौकों की मदद से 148 और रेहान अहमद 31 गेंद खेल कर दो चौकों की मदद से 16 रन बनाकर खेल रहे थे और ये दोनों सातवें विकेट के लिए अब तक 41 रन जोड़ चुके हैं। इंग्लैंड की पहली पारी के 246 के जवाब में भारत ने अपनी पहली पारी मे 436 रन का मजबूत स्कोर बनाया था। भारत से अब इंग्लैंड 126 रन आगे है और दूसरी पारी में उसके चार विकेट बाकी है। तीसरा दिन कुल मिलाकर इंग्लैंड का रहा उसने सुबह भारत की पहली पारी में उसके अंतिम तीन विकेट सस्ते में निकाले और फिर मेजबान टीम से 190 रन से पिछड़ने के बाद सकारात्मक अंदाज में आगाज किया। हैदराबाद के राजीव गांधी अंतराष्ट्रीय स्टेडियम की पिच पर तीसरे दिन भारतीय स्पिनरों की कुछ गेंदें जरूर नीची रही लेकिन बल्लेबाजों को खेलने में कोई खास दिक्कत नहीं हुई।

पॉप ने इंग्लैंड की शुरू से ही दे दनादन की बेजबॉल शैली की रणनीति का अनुसरण किया और उनकी भारतीय स्पिनरों ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन तथा बाएं हाथ के स्पिनरों रवींद्र जडेजा और अक्षर पटेल से से पार पाने के लिए बराबर %रिवर्स' स्वीप की रणनीति खासी कारगर रही। ऑली पॉप को 110 के निजी स्कोर तब जीवनदान मिला जब वह पारी के 64 वें और बाएं हाथ के स्पिनर रवींद्र जडेजा के 20 ओवर वें की चौथी गेंद को रिवर्स स्वीप करने गए लेकिन अक्षर पटेल से बैकवर्ड स्कवॉयर पर उनका एक मुश्किल कैच छूट गया और तब इंग्लैड का स्कोर 257 रन था। बेन फॉक्स (34 रन,81 गेंद, दो चौके) के बाएं हाथ के स्पिनर अक्षर पटेल के 13 वें ओवर की कोण बनाती नीची रहती गेंद को रक्षात्मक ढंग से खेलने की कोशिश की बोल्ड होने से उनकी और पॉप की छठे विकेट की भागीदारी टूटने से भारत ने राहत की सांस ली। फॉक्स के रूप में इंग्लैंड ने तीसरे दिन खेल के आखिरी सत्र में छठा विकेट 275 पर खोया। ऑली पॉप ने पारी के 61 वें और रवींद्र जडेजा के 19 वें ओवर की दूसरी गेंद को मिड विकेट के बीच से निकाल तीन रन लेकर 154 गेंद खेल दस चौकों की मदद से अपने करियर का पांचवा टेस्ट शतक पूरा किया। भारत से पहली पारी में 190 रन से पिछड़ने के बाद इंग्लैंड ने अपनी शुरू से ही दे दनादन की %बेजबॉल' की आक्रामक शैली से अपनी दूसरी पारी शुरू की। जैक क्राली (31 रन, 33 गेंद, एक छक्का, चार चौके) और बेन डकेट की सलामी जोड़ी ने तेजी से 9.2 ओवर में 45 रन जोड़े थे कि तभी ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन की ऑफ स्टंप पर पड़ कर धीमी स्पिन होती गेंद को रक्षात्मक ढंग से खेलने की कोशिश में क्रॉली के कप्तान रोहित शर्मा को स्लिप में कैच थमाने से यह भागीदारी टूटी। डकेट और ऑली पॉप ने बेजबॉल शैली में बल्लेबाजी कर लंच तक 15 ओवर में इंग्लैंड के पहल पारी के स्कोर को एक विकेट वपर 89 रन पर पहुंचाया। लंच के बाद भारत के कप्तान रोहित ने गेंद अपने तुरुप के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को थमाई। डकेट (47 रन, 52 गेंद,सात चौके ) बुमराह की कोण बनाकर भीतर आती गेंद को उड़ाने की कोशिश में बोल्ड हो गए और इंग्लैंड ने अपना दूसरा विकेट 113 रन पर गंवा दिया। डकेट ने आउट होने से पहले दूसरे विकेट के लिए 68 रन जोड़े। इंग्लैंड के स्कोर में चार रन ही और जुड़े कि जो रूट (2) उनकी कोण बनाकर तेजी से अंदर आती गेंद को खेलने से चूके और गेंद उनके पैड पर पड़ी और अंपायर ने उन्हें एलबीडब्ल्यू घोषित किया। जॉनी बैरिस्टो (10 रन, 24 गेंद, एक चौका) ने बाएं हाथ के स्पिनर रवींद्र जडेजा की तेजी से स्पिन होती गेंद को छोड़ दिया और गेंद उनका स्टंप उड़ा ले गई और इंग्लैंड ने चौथा विकेट 140 रन पर खो दिया। कप्तान बेन स्टोक्स (6 रन) ने अश्विन की फ्लाइटेड गेंद को रक्षात्मक ढंग से खेलने की कोशिश की और गेंद स्पिन होकर उनका ऑफ स्टंप उड़ा ले गई और इंग्लैंड अपना पांचवां विकेट 37 वें ओवर में 163 पर पर खो दिया। इंग्लैंन ने चायकाल तक अपनी दूसरी पारी में 42 ओवर में पांच विकेट 172 रन बनाए थे तब पॉप 67 और बेन फॉक्स दो रन पर खेल रहे थे।

इससे पूर्व भारत ने तीसरे दिन अपनी पहली पारी शनिवार सुबह दूसरे दिन के सात विकेट पर 421 रन से आगे शुरू की और बाकी के तीन विकेट मात्र 15 रन और जोड़ खो दिए और उसकी पारी 436 रन पर समाप्त हुई। रवींद्र जडेजा (87 रन, 180 गेंद, दो छक्के, आठ चौके) इंग्लैंड के सबसे कामयाब गेंदबाज ऑफ स्पिनर जो रूट (4/79) की स्पिन हो तेजी से भीतर आती गेंद को रक्षात्मक ढंग से खेलने की कोशिश में चूके और एलबीडब्ल्यू आउट हो गए और भारत ने अपना आठवां विकेट 436 रन पर खोया। जडेजा अपने दूसरे दिन के स्कोर में मात्र छह रन ही और पाए लेकिन उन्होंने अक्षर के साथ आठवें विकेट के लिए भारत के लिए 78 रन की पहली पारी की सबसे बड़ी भागीदारी की। रूट की अगली ही गेंद पर जसप्रीत बुमराह भी रक्षात्मक ढंग से खेलने से चूके और बोल्ड । अक्षर पटेल (44 रन, 100 गेंद, एक छक्का, सात चौके) ने लेग स्पिनर रेहान अहमद (2/105) की भीतर आती गेंद को कट करने की कोशिश की और गेंद उनकी विकेट उड़ा ले गई और इसी के साथ भारत की पहली पारी121 ओवर में 436 पर समाप्त हुई। इंग्लैंड के लिए बाएं हाथ के स्पिनर टॉम हार्टले (2/131) और जैक लीच(1/63) ने भी भारत की पहली पारी को समेटने में अहम रोल अदा किया। भारत ने इंग्लैंड के खिलाफ पहली पारी में 190 रन की बढ़त हासिल की।

## भारतीय ने द. अफ्रीका को 6-3 से हराया



**नई दिल्ली,** 27 जनवरी (देशबन्धु)। भारतीय महिला हॉकी टीम ने दो बार पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करते हुए दक्षिण अफ्रीका को मस्कट में पहले एफआईएच महिला हॉकी 5 विश्व कप के सेमीफाइनल में शुक्रवार दे रात 6-3 से हरा अपना कम से कम रजत पदक तो पक्का कर ही लिया। भारतीय महिला टीम अब खिताब के नीदरलैड से भिड़ेगी। नीदरलैंड ने भी पिछड़ने के बाद कप्तान नूर द बाट के दो गोल से पोलैंड को पहले सेमीफाइनल में 3-1 हराया।

भारतीय महिला हॉकी टीम के लिए सेमीफाइनल में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अक्षता अबासो ढेकले(सातवें मिनट), मरियाना कुजूर (11 वें मिनट), मुमताज खान(21 वें मिनट), ऋतुजा डडासो पिसल (23 वें मिनट), ज्याति छतरी (25 वें मिनट) और अजमीना कुजूर (26 वें मिनट) में एक एक गोल किया। दक्षिण अफ्रीका के लिए तेशवन डे ला रे (पांचवें मिनट), कप्तान टॉनी मॉर्क्स (आठवें मिनट) व डिर्की चैंबरलिन (29 वें मिनट) ने एक गोल किया। दक्षिण अफ्रीका ने भारत के खिलाफ संभल कर आगाज किया और उसकी रक्षापंक्ति बहुत अनुशासन दिखाया और हमले के लिए इंतजार किया दूसरी ओर भारतीय टीम को गोल करने के मौके बनाने में वक्त लगा। तेशवन डे ला रे ने पांचवें मिनट में गोल कर दक्षिण अफ्रीका का खाता खोला। अक्षता अबासो ढेकले दो मिनट बाद गोल कर भारत को एक-एक की बराबरी दिला दी। कप्तान टॉनी मॉर्क्स ने आठवें मिनट में गोल कर दक्षिण अफ्रीका को 2-1 से आगे कर दिया। मरियाना कुजूर ने दो मिनट बाद जोरदार वॉली जमा भारत को दो-दो की बराबरी दिला दी। दक्षिण अफ्रीका ने बराबरी पाने की कोशिश में दूसरे हाफ में पूरी ताकत हमलों में झोंक दी लेकिन भारत की कप्तान गोलरक्षक रजनी इतिमारपू ने मुस्तैदी से अपने किले की हिफाजत की। ऋतुजा ने दक्षिण अफ्रीका की गोलरक्षक को आगे निकलता देख कर गेंद को मुमताज की ओर बढ़ाया उन्होंन गोल कर भारत को 22 वें मिनट में 3-2 से आगे कर दिया। दो मिनट बाद ऋतुजा डडासो पिसल ने गोल कर भारत की बढ़त 4-2 कर दी। जोरदार जवाबी हमले पर ज्याति छतरी ने दक्षिण अफ्रीकी गोलरक्षक ग्रेस को छका 25 वें मिनट कर और अजमीना कुजूर ने अगले गोल कर भारत को 6-2 से आगे कर दिया। दक्षिण अफ्रीका की डिर्की चैंबरलिन खेल खत्म होने से मिनट भर गोल कर स्कोर 3-6 कर दिया लेकिन भारत यह अ मैच जीतने में सफल रहा।

## भारत की श्रीजा अकुला क्वार्टर फाइनल में, मनिका-अर्चना हारीं




**मापुसा,** 27 जनवरी (एजेंसियां)। भारतीय पैडलर श्रीजा अकुला ने शानदार जीत के साथ शनिवार को गोवा के मापुसा स्थित पेड्डेम इंडोर स्टेडियम में चल रहे विश्व टेबल टेनिस स्टार कंटेंडर गोवा 2024 के महिला एकल वर्ग के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर किया है लेकिन अन्य दो भारतीयों मनिका बत्रा और अर्चना कामथ को हार का सामना करना पड़ा। हैदराबाद निवासी पैडलर अकुला ने अपने से उच्च रैंक वाली प्रतिद्वंद्वी हांगकांग की डू होई केम (विश्व रैंकिंग 36) के खिलाफ सकारात्मक शुरूआत की और पहला गेम जीतने में सफल रही लेकिन इसके बाद वह दूसरा गेम हार गयीं। इसके बाद हालांकि दुनिया की 66वें नंबर की खिलाड़ी ने अगले दो गेम में पूरी तरह से नियंत्रण बनाए रखा और क्वार्टर फाइनल में पहुंचने के लिए मैच 3-1 (12-10, 8-11, 11-8, 11-8) के अंतर से अपने नाम कर लिया।

मैच के बाद अकुला ने कहा, मैं यह मैच जीतकर वास्तव में खुश हूं। 2021 में, मैं उसी प्रतिद्वंद्वी से हार गई थी, इसलिए इस टूर्नामेंट में उसके खिलाफ मैच जीतना वाकई बहुत अच्छा लग रहा है। मैं अपनी योजनाओं को पूरी तरह से क्रियान्वित करने में सक्षम थी। वह वास्तव में आक्रामक थी और मैंने गेंद को टेबल पर रखने और आक्रमण के लिए सही शॉट चुनने पर ध्यान केंद्रित किया, जिससे हालात ने मेरे पक्ष में काम किया। मैं अगले मैच के लिए भी अच्छी तरह से तैयारी करूँगी। टूर्नामेंट की सह-मेजबानी टेबल टेनिस फेडरेशन ऑफ इंडिया (टीटीएफआई) के मार्गदर्शन में स्तूपा स्पोर्ट्स एनालिटिक्स और अल्टीमेट टेबल टेनिस द्वारा की जा रही है।

दूसरी ओर, भारत की शीर्ष क्रम की एकल पैडलर बत्रा (डब्ल्यूआर 38) पहले गेम में जीत के बावजूद मोनाको की विश्व नंबर 13 ज़ियाओक्सिन यांग के खिलाफ 1-3 (11-9, 11-13, 7-11, 9-11) से हार गईं।अन्य महिला एकल प्री-क्वार्टर फाइनल मैच में बेंगलुरु की युवा खिलाड़ी अर्चना कामथ दक्षिण कोरिया की जियोन जिही से 1-3 (11-13, 11-9, 6-11, 4-11) से हार गईं। दुनिया की आठवें नंबर की दक्षिण कोरिया की शिन युबिन ने अपना सकारात्मक प्रदर्शन जारी रखते हुए स्वीडन की क्रिस्टीना कालबर्ग को 3-1 (11-5, 11-6, 10-12, 11-6) से हराया, जबकि चीनी ताइपे की चेंग आई-चिंग (डब्ल्यूआर 18) दक्षिण कोरिया की यांग हा युन को 3-0 (11-8, 11-9, 11-9) से हराया। पुरुष एकल वर्ग के अंतिम-16 चरण में, विश्व के 8वें नंबर के खिलाड़ी फ्रांस के फेलिक्स लेब्रून ने अपना शानदार फॉर्म जारी रखते हुए स्वीडन के रूल्स मोरेगार्ड के खिलाफ 3-0 (11-3, 12-10, 11-9) से आसान जीत दर्ज की। हालांकि, उनके भाई एलेक्सिस लेब्रून को नाइजीरिया के वर्ल्ड नंबर 14 क्वाड्री अरुणा के खिलाफ 1-3 (8-11, 11-8, 10-12, 8-11) से हार का सामना करना पड़ा।

## भारोत्तोलक ज्योशना ने ओडिशा के सुदूर गांव में गरीबी से उबरकर राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ा



चेन्नई, 27 जनवरी (एजेंसियां)। कुछ महीने पहले राष्ट्रमंडल खेलों के स्वर्ण पदक विजेता भारोत्तोलक के रवि कुमार को सुबह 11 बजे के आसपास ज्योशना सबर के गांव पहुंचना था। लेकिन तब शाम हो चुकी थी और वह अभी भी आंध्र सीमा के पास ओडिशा के इस पहाड़ी, जंगली इलाके में अपना रास्ता नहीं ढूंढ पाया था। सड़क बिल्कुल भी चलने योग्य नहीं थी।

सौभाग्य से, उन्हें एक व्यक्ति मिला जो ज्योशना का दादा निकला, और उस बूढ़े व्यक्ति ने उन्हें गजपति जिले के पेकाटा में ज्योशना के घर तक पहुंचाया, जो इतना दूर का गांव था कि निकटतम बस स्टॉप कुछ ही घंटों की पैदल दूरी पर है। एक छोटे किसान पिता और गृहिणी मां की 15 वर्षीय बेटी इस गरीब पृष्ठभूमि से निकलकर भारत की अग्रणी जूनियर वेटलिफ्टरों में से एक बन गई है। पिछले साल अल्बानिया में विश्व युवा चैंपियनशिप में कांस्य जीतने के बाद, उन्होंने चेन्नई में छठे खेलो इंडिया यूथ गेम्स में 40 किग्रा वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर राष्ट्रीय स्नैच रिकॉर्ड तोड़ दिया। ज्योशना ने कुल 130 किलोग्राम वजन उठाया, जिसमें स्नैच में 60 किलोग्राम (एक नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड) और क्लीन एंड जर्क में 70 किलोग्राम वजन शामिल था। लक्ष्य तीनों रिकॉर्ड - स्नैच, क्लीन एंड जर्क और टोटल के पीछे जाना था। कोच रवि ने कहा, दुर्भाग्य से, वह जर्क में एक प्रयास में विफल रही, अन्यथा हम जर्क और टोटल भी तोड़ देते।

## डेविड वार्नर के मुझ पर विश्वास ने वास्तव में मदद की है : आकिफ रजा

शारजाह, 27 जनवरी (एजेंसियां)। संयुक्त अरब अमीरात के तेज गेंदबाज आकिफ रजा ने मौजूदा डीपी वर्ल्ड आईएलटी20 सीजन 2 के दौरान समर्थन के लिए कप्तान डेविड वार्नर की सराहना की। शारजाह क्रिकेट स्टेडियम में गल्फ जायंट्स के खिलाफ मुकाबले से पहले, आकिफ ने जीएमआर स्पोर्ट्स के स्वामित्व वाली टीम के साथ अब तक के अपने कार्यकाल के दौरान अपनी पूरी मदद के लिए ऑस्ट्रेलियाई को श्रेय दिया।

दाएं हाथ के मध्यम तेज गेंदबाज ने साझा किया, मैं इस सीज़न में डेविड वार्नर को अपना कप्तान बनाने के लिए बहुत आभारी हूँ। यह मुझ पर उनका विश्वास ही है जिसने मुझे आगे बढ़ने में मदद की है। उन्होंने मुझे काम करने के लिए एक निश्चित भूमिका दी है और मैंने उस पर ध्यान केंद्रित किया है। कप्तान के रूप में उनके साथ रहना एक अवास्तविक अनुभव है।

अब कैपिटल्स के साथ अपने दूसरे सीज़न में खेलते हुए, आकिफ टीम में शामिल हो गए हैं और भविष्य को लेकर आश्वस्त हैं। मैं इस बार अधिक सहज महसूस कर रहा हूं क्योंकि यह दुबई कैपिटल्स के साथ आईएलटी20 में मेरा दूसरा सीज़न है। यह टीम अब मेरे लिए एक परिवार की तरह है, जिसमें सभी अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों के साथ-साथ यूएई के युवा खिलाड़ी भी मिलकर काम कर रहे हैं। हमने अब तक जो तीन मैच खेले हैं उनमें से दो में हमने जीत हासिल की है, इसलिए हमारी टीम का भविष्य उज्ज्वल लगता है।

इस बीच,आईएलटी20 यूएई के खिलाड़ियों को कई प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय सितारों के साथ खेलने का मौका दे रहा है। आकिफ का मानना है कि इस लीग से राष्ट्रीय टीम को भी बेहतर बनाने में मदद मिलेगी और इसका प्रमाण उनकी अंडर19 टीम के प्रदर्शन में निहित है जो 2023 में एशिया कप के फाइनल में पहुंची थी।

## सबालेंका ने ऑस्ट्रेलियन ओपन खिताब बरकरार रखा



**मेलबर्न,** 27 जनवरी (एजेंसियां)। नंबर 2 वरीयता प्राप्त आर्यना सबालेंका ने 76 मिनट के फाइनल में शनिवार को नंबर 12 वरीयता प्राप्त झेंग किनवेन को 6-3, 6-2 से हराकर दूसरी ग्रैंड स्लैम ट्रॉफी जीतने के साथ अपने ऑस्ट्रेलियाई ओपन खिताब का सफलतापूर्वक बचाव किया।

2013 ऑस्ट्रेलियन ओपन फाइनल में विक्टोरिया अजारेंका द्वारा ली ना को हराने के बाद सबालेंका अपने पहले प्रमुख खिताब का बचाव करने वाली पहली खिलाड़ी बन गईं। 25 वर्षीय खिलाड़ी उस वर्ष अजारेंका के बाद ऑस्ट्रेलियन ओपन खिताब का सफलतापूर्वक बचाव करने वाली पहली खिलाड़ी भी हैं। अजारेंका की तरह, सबालेंका का भी रौलां गैरो में सेमीफाइनल, विंबलडन में सेमीफाइनल और यूएस ओपन में फाइनल में करियर का सर्वश्रेष्ठ स्लैम प्रदर्शन है। दोनों खिलाड़ी वर्ल्ड नंबर 1 पर भी पहुंची हैं।

सबालेंका ने पूरे पखवाड़े में एक भी सेट नहीं गंवाया और मेलबर्न पार्क में अपने पिछले 29 सेटों में से 28 जीते हैं, जिसमें उनका 2023 का खिताब भी शामिल है। इस स्पैल में उनसे एक सेट जीतने वाली एकमात्र खिलाड़ी पिछले साल के फाइनल में एलेना रिबाकिना थीं। फाइनल में, उन्होंने पिछले साल के यूएस ओपन क्वार्टर फाइनल में झेंग पर अपनी 6-1, 6-4 की जीत को दोहराया, जो इस जोड़ी की एकमात्र पिछली भिड़ंत थी। यह परिणाम सबालेंका के करियर का 14वां टूर-स्तरीय खिताब, आउटडोर हार्ड कोर्ट पर नौवां और पिछले मई के बाद पहला खिताब है, जब उन्होंने अपनी मैड्रिड ट्रॉफी का बचाव किया था।

वह प्रमुख फ़ाइनल में 2-1 से बेहतर प्रदर्शन करती है, और इगा स्वीयाटेक, नाओमी ओसाका, गरबाइन मुगुरुज़ा, सिमोना हालेप, पेट्रा क्वितोवा, अजारेंका, एंजेलिक कर्बर, स्वेतलाना कुज़नेत्सोवा और वीनस विलियम्स के साथ 10वीं सक्रिय मल्टीपल ग्रैंड स्लैम चैंपियन बन जाती है। झेंग, ग्रैंड स्लैम फाइनल में पहुंचने वाले दूसरी चीनी खिलाड़ी और 2014 में यहां ली के खिताब जीतने के बाद पहली बार, सोमवार को नंबर 7 पर शीर्ष 10 में पदार्पण करेंगे। सबालेंका नंबर 2 पर रहेंगी।

# बोपन्ना ने एबडेन के साथ पुरुष युगल खिताब जीता, सबसे उम्रदराज प्रमुख विजेता बने



**मेलबर्न,** 27 जनवरी (एजेंसियां)। भारत के रोहन बोपन्ना ने शनिवार को इतिहास रच दिया, वह ओपन युग में प्रमुख पुरुष युगल खिताब जीतने वाले सबसे उम्रदराज व्यक्ति बन गए, उन्होंने ऑस्ट्रेलियाई मैथ्यू एबडेन के साथ मिलकर ऑस्ट्रेलियन ओपन जीता। 43 वर्षीय बोपन्ना और एबडेन ने मेलबर्न के रॉड लेवर एरेना में इटालियन सिमोन बोलेली और एंड्रिया ववासोरी को 7-6(0), 7-5 से हराकर ताज हासिल किया।

बोपन्ना, जिन्हें हाल ही में पुरुष युगल में सबसे उम्रदराज पहली बार विश्व नंबर 1 बनने के लिए भारत सरकार द्वारा पद्म श्री से सम्मानित किया गया था, ने अपना पहला ग्रैंड स्लैम पुरुष युगल खिताब जीतने का अपना मिशन पूरा कर लिया। बोपन्ना और एबडेन एक घंटे, 40 मिनट के संघर्ष के दौरान सर्विस पर हावी रहे, उन्होंने अपनी पहली सर्विस पर 80 प्रतिशत (40/50) अंक जीते और एक सपने वाले सप्ताह को पूरा करने के लिए ब्रेक प्वाइंट का सामना नहीं करना पड़ा।

बोपन्ना, जिन्होंने 2017 में फ्रेंच ओपन में गैब्रिएला डाब्रोव्स्की के साथ मिश्रित युगल खिताब के रूप में अपना पहला ग्रैंड स्लैम खिताब जीता था, और एबडेन ने महत्वपूर्ण चरणों में अपना सर्वश्रेष्ठ टेनिस प्रदर्शन किया। 11वें गेम में दूसरे सेट का महत्वपूर्ण ब्रेक हासिल करने से पहले उन्होंने पहले सेट के टाई-ब्रेक में वापसी करते हुए जबरदस्त बढ़त हासिल की। दूसरी वरीयता प्राप्त बोपन्ना और एबडेन ने हार्ड-कोर्ट मेजर में खेले गए सभी सात टाई-ब्रेक जीते।

मैच प्वाइंट के बाद भारतीय-ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी के सीने टकराये। यह जश्न लिएंडर पेस और महेश भूपति के साथ-साथ अमेरिकी महान बॉब ब्रायन और माइक ब्रायन से जुड़ा है, और वे कोर्ट प गिर गए। इसके बाद बोपन्ना और एबडेन भीड़ के शोर का आनंद लेने के लिए अपने पैरों पर खड़े हो गए। यह पहली बार है जब बोपन्ना ने कोई बड़ा पुरुष युगल खिताब जीता है, वह 2010 और 2023 में यूएस ओपन के फाइनल में हार गए थे। 43 वर्षीय बोपन्ना ओपन युग में एक बड़ा पुरुष युगल खिताब जीतने वाले तीसरे भारतीय व्यक्ति हैं। वह सोमवार को एटीपी डबल्स रैंकिंग में सबसे उम्रदराज नंबर 1 भी बन जाएंगे।

36 वर्षीय एबडेन ने अब दो प्रमुख पुरुष युगल खिताब जीते हैं, 2022 में मैक्स परसेल के साथ विंबलडन जीता है। वह ऑस्ट्रेलियन ओपन पुरुष युगल का ताज जीतने वाले 28वें ऑस्ट्रेलियाई पुरुष हैं। बोपन्ना पेस, भूपति और मिर्जा के बाद ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने वाले कुल मिलाकर चौथे भारतीय हैं और अब वह उन स्टार टेनिस खिलाड़ियों की सूची में शामिल हैं जिन्हें गुरुवार को प्रतिष्ठित पद्म श्री पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया । 4 मार्च, 1980 को बेंगलुरु, कर्नाटक में कोडागु जिले के कॉफी प्लांटर एम. जी. बोपन्ना और एक गृहिणी मलिका बोपन्ना के घर जन्मे बोपन्ना ने 11 साल की उम्र में टेनिस खेलना शुरू किया क्योंकि उनके पिता चाहते थे कि वह इस खेल को आगे बढ़ाएं। हालाँकि उन्होंने हॉकी और फुटबॉल जैसे खेलों का भी आनंद लिया, 19 साल की उम्र तक, टेनिस युवा रोहन की पहचान बन गया और उन्होंने 1997 में 17 साल की उम्र में अपना पहला आईटीएफ जूनियर एकल खिताब जीता। जूनियर और सीनियर में एकल और युगल दोनों में अनुभव प्राप्त करने के बाद आईटीएफ स्तर पर बोपन्ना 2003 में पेशेवर बने।

## सार संक्षेप

### हॉकी5एस पुरुष विश्व कप : भारतीय टीम स्विट्जरलैंड मैच से अपने अभियान की शुरुआत करेगी

**नई दिल्ली।** भारतीय पुरुष टीम रविवार को ओमान के मस्कट में एफआईएच हॉकी5एस पुरुष विश्व कप के उद्घाटन संस्करण में स्विट्जरलैंड के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगी। 16 टीमों का यह आयोजन 28 से 31 जनवरी तक होने वाला है। पूल बी में शामिल भारतीय टीम का मुकाबला मिस्र, जमैका और स्विट्जरलैंड से होगा। भाग लेने वाली अन्य टीमों को पूल ए (नीदरलैंड, नाइजीरिया, पाकिस्तान और पोलैंड), पूल सी (ऑस्ट्रेलिया, केन्या, न्यूजीलैंड और त्रिनिदाद और टोबैगो) और पूल डी (फिजी, मलेशिया, मेजबान ओमान और अमेरिका) में रखा गया है। भारत अपने अभियान की शुरुआत स्विट्जरलैंड के खिलाफ मैच से करेगा और इसके बाद उसी दिन मिस्र के साथ मुकाबला होगा। उनका अंतिम ग्रुप गेम जमैका के खिलाफ सोमवार को भारतीय समयानुसार 0930 बजे होगा। प्रत्येक समूह से शीर्ष दो टीमें क्वार्टर फाइनल में जगह बनाएंगी, जो 30 जनवरी को निर्धारित हैं, उसी दिन सेमीफाइनल होंगे, जिसके बाद 31 जनवरी को फाइनल होगा। ओलंपिक कांस्य पदक विजेता और अनुभवी फॉरवर्ड सिमरनजीत सिंह के नेतृत्व में, भारतीय पुरुष टीम मजबूत है। उप-कप्तान और रक्षा में एक दिग्गज के रूप में उनकी सहायता करने वाले मंदीप मोर हैं। गोलकीपिंग की जिम्मेदारी सूरज करकेरा और प्रशांत कुमार चौहान कुशलतापूर्वक संभालेंगे।

### बड़े खिलाड़ियों के विकेट लेना बहुत अच्छा लगा : मुहम्मद जवादुल्लाह

**शारजाह।** शारजाह वॉरियर्स शारजाह क्रिकेट स्टेडियम में डीपी वर्ल्ड आईएलटी20 मुकाबले में एमआई अमीरात से हार गए। हालाँकि, संयुक्त अरब अमीरात के मुहम्मद जवादुल्लाह के प्रदर्शन से कुछ भी छीना नहीं जा सकता , जिन्होंने खेल के महत्वपूर्ण क्षणों के दौरान अपनी टीम के लिए तीन महत्वपूर्ण विकेट हासिल किए। मैच के बाद , बाएं हाथ के तेज गेंदबाज ने खुलासा किया कि वह इस पिच पर मिलने वाली चुनौती के लिए तैयार थे और उन्होंने वॉरियर्स का समर्थन करने के लिए यथासंभव अच्छी गेंदबाजी करने की कोशिश की। उन्होंने कहा, मैं इस पिच के लिए अच्छी तरह से तैयार था क्योंकि मैं अपनी टीम की यथासंभव मदद करना चाहता था। मैंने जितनी हो सके उतनी यॉर्कर फेंकने की कोशिश की और इससे मुझे तीन अच्छे विकेट भी हासिल करने में मदद मिली। मुझे पूरे समय अपने साथियों से भी समर्थन मिला जिससे मुझे काफी मदद मिली।